ताजा खबरों के लिए देखें prabhatmantra.com e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com पोस्टल रजिस्ट्रेशन : आरएन /257/2024-26 पृष्ठ 12 । मूल्य 4 रुपये

हिन्दी दैनिक

प्रभात मंत्र

रांची, सोमवार 01.01.2024 वर्ष 11, अंक 01 RNI No. - JHAHIN/2014/59110

सुविचार

सफलता का मिलना तय है, देखना तो यह है कि आप उसकी कितनी कीमत चुकाने को तैयार हैं।

आतिशबाजी कर लोगों ने किया नए साल का स्वागत

नए साल के जश्न में डूबी दुनिया

न्यूजीलैंड सहित फिजी, ऑस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण कोरिया ने नया साल का जश्न मनाया। भारत में भी रात के जैसे ही 12 बजा, लोग नया साल का जश्न मनाने सड़कों पर आ गए। लोगों ने जमकर आतिशबाजी की।

एजेंसी

नई दिल्ली : पूरी दुनिया नए साल के जश्न में डूब गया है। मध्य प्रशांत महासागर में अंतर्राष्ट्रीय तिथि रेखा के पूर्व में किरिबाती ने सबसे पहले नए साल का स्वागत किया। भारतीय समय के मुताबिक रविवार की शाम 5:30 बजे यहां तारीख 1 जनवरी 2024 हो गई। इसके अलावा टोंगा, समोआ द्वीप ने नए साल का स्वागत किया। न्यूजीलैंड सहित फिजी, ऑस्ट्रेलिया, जापान, दक्षिण कोरिया ने नया साल का जश्न मनाया। भारत में भी रात के जैसे ही 12 बजा, लोग नया साल का जश्न मनाने सड़कों पर आ गए। लोगों ने जमकर आतिशबाजी की। देश के लोगों ने नाच कर और गाना गाकर भी नए साल का स्वागत किया। नए साल की खुमारी में डूबे लोगों ने पर्यटक स्थलों पर जाकर जश्न मनाया। नई उम्मीदों के साथ लोगों ने नए साल का स्वागत किया। अधिकांश लोग चाहते हैं कि नए साल की शुरुआत भगवान के आशीर्वाद से हो। अहले सुबह से ही मंदिरों में भीड़ लगा रहा। नववर्ष पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गये हैं।

पहाड़ी मंदिर में नववर्ष पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम

पहाड़ी मंदिर में नववर्ष पर सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गये हैं। बाबा के भक्तों को दर्शन करने में कोई दिक्कत ना हो इसके लिए पहाड़ी मंदिर विकास समिति ने सुविधाओं को बढ़ाया है। पहाड़ी मंदिर सभी रास्तों पर 47 सीसीटीवी अब तक लगाए जा चुके हैं। नए साल पर पहाड़ी मंदिर आने वाले भक्त अच्छी तरफ से बाबा को जल अर्पित कर सकें, इसके लिए अरघा की व्यवस्था की गई है। पहाड़ी मंदिर को खूबसूरत लाइटों से सजाया गया है। भीड़ को देखते हुए जगह जगह बैरिकेडिंग की गई है।नववर्ष में बड़ी संख्या में पुलिस बल पहाड़ी मंदिर में तैनात किए गए हैं।। मजिस्ट्रेट की भी प्रतिनियुक्ति की गई है। पहाड़ी मंदिर के पास मेडिकल की टीम भी तैनात है।

हुड़दंगियों से सख्ती से निपटने के निर्देश

रांची : नए साल को लेकर पुलिस सुरक्षा को लेकर पूरी तरह से अलर्ट है। मुख्यालय की तरफ से सभी जिलों को जरूरी गाइडलाइन जारी किए गए हैं। झारखंड पुलिस मुख्यालय की तरफ से सभी जिलों के पुलिस अधीक्षकों को यह निर्देश दिया गया है कि वह अपने-अपने जिले की सभी पिकनिक स्पॉट के अलावा शहर के रेस्टोरेंट और होटलों में सुरक्षा को लेकर विशेष रूप से अलर्ट रहें। इस संबंध में झारखंड पुलिस के प्रवक्ता सह आईजी अभियान अमोल वी होमकर ने बताया कि नए साल के जश्न में किसी भी तरह की बाधा ना आए इसके लिए पुलिस ने अपनी पूरी तैयारी की है। उन्होंने बताया कि नए साल के मद्देनजर राज्य के पर्यटन स्थलों पर सुरक्षा के इंतजाम किए हैं। सभी पार्कों, डैम, पर्यटन स्थलों के इर्द-गिर्द स्टैटिक फोर्स की प्रतिनियुक्ति की गई है। मजिस्ट्रेट भी सुरक्षा में तैनात किए गए हैं। साथ ही न्यू ईयर पार्टियों पर भी ध्यान रखने को कहा गया है।इसके अलावा शराब पीकर वाहन चलाने वालों पर कार्रवाई की जाएगी। छेड़खानी की घटनाओं को रोकने के लिए शक्ति कमांडो भी सक्रिय रहेंगे। सभी पिकनिक स्पॉट्स पर पुलिस सहायता केंद्र भी खोले गए हैं। साथ ही अलग-अलग रेस्टोरेंट्स, बियर बार और होटल के आसपास पुलिस की कड़ी नजर रखी जा रही है। सभी पहलुओं को ध्यान में रखते हुए जिले के एसपी को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए हैं। आम लोगों से भी सावधानी और सतर्कता बरतने की अपील की गई है।

देवघर बाबा मंदिर में पुलिस का विशेष पहरा

नये साल के अवसर पर बाबा बैद्यनाथ मंदिर में पूजा-अर्चना के साथ पर्यटक स्थलों पर भ्रमण के लिए काफी संख्या में श्रद्धालु सहित पर्यटक देवघर पहुंचे हैं। इसे देखते हुए पुख्ता सुरक्षा व्यवस्था की गयी है। इस संबंध में डीसी-एसपी द्वारा संयुक्त आदेश जारी कर दिया गया है। यातायात में भी पदाधिकारी और पुलिसकर्मियों को ड्यूटी पर लगाया गया है। यातायात के वरीय प्रभार में सीसीआर डीएसपी आलोक रंजन व सहयोग में यातायात थाना प्रभारी आतिश कुमार रहेंगे। बाबा मंदिर के संपूर्ण प्रभार में मधुपुर एसडीपीओ विनोद रवानी, रूट लाइन के संपूर्ण प्रभार में मुख्यालय डीएसपी मंगल सिंह जामुदा रहेंगे। बाबा मंदिर व आसपास क्षेत्र में 18 नो-इंट्री जोन बनाये गये हैं। नो-इंट्री जोन में श्रद्धालुओं की सुविधाओं को ध्यान में रखकर दोनों दिन बड़े वाहनों व छोटे चारपहिया वाहनों का प्रवेश निषेध रखा गया है। गोड्डा, गिरिडीह व दुमका की तरफ से आने वाली बड़ी गाड़ियों के लिए हथगढ़ मैदान में बस पड़ाव निर्धारित किया गया है। साथ ही शेष चारपहिया गाड़ियों समेत छोटे वाहनों का पड़ाव क्लब ग्राउंड में घोषित किया गया है।

इनोवेशन का हब बन रहा है भारतः पीएम मोदी

एजेंसी

नई दिल्ली : प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने मन की बात के 108वें संस्करण में देशवासियों का नव वर्ष की शुभकामनाएं दी. पीएम मोदी ने कहा कि आज हमारी साझा यात्रा का 108वां एपिसोड है. हमारे यहां 108 अंक का महत्व,उसकी पवित्रता एक गहन अध्ययन का विषय है.

साथ ही कहा कि भारत इनोवेशन का हब बन रहा है. देश आत्मनिर्भरता की भावना से भरा है.पीएम मोदी ने कहा,आज हमारी साझा यात्रा का 108वां एपिसोड है. हमारे यहां 108 अंक का महत्व, उसकी पवित्रता एक गहन अध्ययन का विषय है.

माला में 108 मन के, 108 बार जप, 108 दिव्य क्षेत्र, मंदिरों में 108 सीढ़ियां, 108 घंटियां.108 का ये अंक असीम आस्था से जुड़ा हुआ है. इसलिए मन की बात का 108वां एपिसोड मेरे लिए और खास हो गया है. भारत इनोवेशन का हब बन रहा है.

देश आत्मनिर्भरता की भावना से भरा है. ये 140 करोड़ भारतीयों की ताकत है कि इस वर्ष हमारे देश ने कई विशेष उपलब्धियां हासिल की हैं. आज भारत का कोना-कोना आत्मविश्वास से भरा हुआ है. विकसित भारत की भावना से, आत्मनिर्भरता की भावना से ओत-प्रोत है. 2024 में भी हमें इसी भावना और मोमेन्टम को बनाए रखना है.

हमारी भारतभूमि को हर कालखंड में देश की विलक्षण बेटियों ने गौरव से भर दिया है। सावित्रीबाई फुले जी और रानी वेलु नाचियार जी देश की ऐसी ही दो विभूतियां हैं. उनका व्यक्तित्व ऐसे प्रकाश स्तम्भ की तरह है, जो हर युग में नारी शक्ति को आगे बढ़ाने का मार्ग दिखाता रहेगा. आज से कुछ ही दिनों बाद, 3 जनवरी को हम सभी इन दोनों की जन्म जयंती मनाएंगे.

विदेशी शासन के खिलाफ़ संघर्ष करने वाली देश की कई महान विभूतियों में से एक नाम रानी वेलु नाचियार का भी है. तमिलनाडु के मेरे भाई-बहन आज भी उन्हें वीरा मंगई यानी वीर नारी के नाम से याद करते हैं.

अंग्रेजों के खिलाफ़ रानी वेलु नाचियार जिस बहादुरी से लड़ीं और जो पराक्रम दिखाया, वो बहुत ही प्रेरित करने वाला है.प्रधानमंत्री ने चंद्रयान तीन की सफलता सहित साल 2023 में विभिन्न क्षेत्रों में देश को हासिल हुई उपलब्धियों का उल्लेख किया और देशवासियों को नए साल की शुभकामनाएं दीं.

क्विक न्यूज

दक्षिणी नौसेना कमान के कमांडर वाइस एडमिरल वी श्रीनिवास ने पदभार संभाला

नई दिल्लीः भारतीय नौसेना ने दक्षिणी नौसेना कमान के नए कमांडर के रूप में वाइस एडमिरल वी श्रीनिवास को नियुक्त किया है। उन्होंने रविवार को कोच्चि के नौसेना बेस में एक औपचारिक परेड में 30वें फ्लैग ऑफिसर कमांडिंग-इन-चीफ के रूप में पदभार संभाला। उन्होंने वाइस एडमिरल एमए हम्पीहोली से चार्ज लिया, जो भारतीय नौसेना में लगभग चार दशकों के शानदार करियर के बाद आज सेवानिवृत्त हुए। राष्ट्र की सेवा में सर्वोच्च बलिदान देने वाले सभी कर्मियों को श्रद्धांजलि देने के लिए दोनों अधिकारियों ने वेंडुरुथी युद्ध स्मारक पर पुष्पांजलि अर्पित की। वाइस एडमिरल वी श्रीनिवास राष्ट्रीय रक्षा अकादमी के पूर्व छात्र हैं और उन्हें 01 जुलाई 1987 को भारतीय नौसेना में नियुक्त किया गया था। पनडुब्बी रोधी युद्ध विशेषज्ञ के रूप में उन्होंने फ्रंटलाइन पनडुब्बियों आईएनएस शाल्की, आईएनएस शिशुमार और आईएनएस शंकुल पर काम किया।

दो ट्रेलर की टक्कर में तीन की मौत

सीकर : रींगस कस्बे में नेशनल हाईवे-52 पर सीमारला जागीर मोड़ के पास रविवार को दो ट्रेलर की टक्कर में कार बुरी तरह से फंस गई। कार में पांच लोग सवार थे, जिनमें से तीन की मौके पर मौत हो गई। दो लोगों को गंभीर हालत में जयपुर रेफर किया गया है। हादसे में कार पलभर में ही पूरी तरह से क्षतिग्रस्त होकर कबाड़ में बदल गई। हादसे की आवाज सुनकर मौके पर पहुंचे लोगों ने जैसे-तैसे कार सवार घायलों को बाहर निकाला। घायलों को राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया, जहां तीन को चिकित्सकों ने मृत घोषित कर दिया। सूचना मिलते ही विधायक सुभाष मील, पुलिस उप अधीक्षक महावीर प्रसाद मौके पर पहुंचे।

नववर्ष के स्वागत हेतु सजे होटल

उधमपुर : 31 दिसंबर को अलविदा करने तथा नववर्ष का स्वागत करने के लिए लोगों में भारी उत्साह है। नगर के सभी होटलों को विभिन्न प्रकार की लाईटों से सजाया गया तथा लोगों ने एडवांस में ही होटलों के टेबल बुक करा लिए। ताकि उन्हें लंबा इंतजार ना करना पड़े। पुलिस प्रशासन की ओर से 31 दिसंबर तथा नववर्ष को देखते हुए सुरक्षा के कड़े बंदोवस्त किए गए। हर चैक-चैराहे पर अतिरिक्त जवानों की तैनाती की गई। इस दौरान पुलिस द्वारा जखैनी चैक पर नाका लगाकर पनीटॉप जाने-आने वाली गाडियों की भी जांच की गई ताकि कोई भी शरारतीतत्व किसी भी प्रकार की घटना को अंजाम न दे सके। वहीं प्रसिद्ध पर्यटक स्थल पनीटॉप और नत्थाटॉप में रविवार को भारी संख्या में पर्यटक पहुंचे। इस दौरान उन्होंने वहां पर खूब मस्ती की लेकिन इस बार बर्फबारी नहीं होने से पर्यटक कुछ निराश भी दिखे।

बिहार में कोरोना से दस साल की बच्ची की मौत

पटना : राज्य में कोरोना संक्रमितों की संख्या तेजी से बढ़ रही है। बीते 24 घंटे में कोरोना के सात मरीज मिले हैं। इनमें पटना और गया में तीन-तीन जबकि दरभंगा में एक मरीज है। ताजा मामला सासाराम का है,जहां कोरोना पॉजिटिव 10 साल की बच्ची की इलाज के दौरान रविवार को मौत हो गयी। सासाराम सिविल सर्जन डॉ. केएन तिवारी ने इसकी पुष्टि की है। डॉक्टर के अनुसार बच्ची फेफड़े की गंभीर इंफेक्शन से ग्रसित थी। उन्होंने बताया कि नोखा के लिलारी की रहने वाली 10 वर्षीय साधना कुमारी की मौत हुई है। वह हरेंद्र गिरी की पुत्री थी।

मजबूत आधार विकसित कर रही है सरकारः राजनाथ सिंह

शोणितपुर (असम) : रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि केन्द्र सरकार देश में एक रणनीतिक अर्थव्यवस्था बनाने के लिए घरेलू, रक्षा,औद्योगिक पारिस्थितिकी तंत्र का एक मजबूत आधार विकसित कर रही है। इसी के तहत रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बनने के लक्ष्य को हासिल करने के लिए सरकार सभी प्रयास कर रही है। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह रविवार को शोणितपुर जिला मुख्यालय शहर तेजपुर में तेजपुर विश्वविद्यालय के 21वें दीक्षांत समारोह को संबोधित कर रहे थे। रक्षा मंत्री ने रक्षा क्षेत्र में आत्मनिर्भरता हासिल करने के लिए रक्षा मंत्रालय के उठाए गए विभिन्न कदमों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि पहली बार हथियारों के आयात को प्रतिबंधित किया गया है।

मणिपुर : कुकी उग्रवादियों ने सुरक्षाबलों पर किया अटैक, 4 कमांडो घायल

एजेंसी

इंफाल : मणिपुर में अभी पूरी तरह से शांति स्थापित नहीं हुई है. मणिपुर के मोरेह में पुलिस और सशस्त्र उग्रवादियों के बीच बढ़ते टकराव से हालात गरमा गए हैं.

उग्रवादियों ने सुरक्षाबलों पर घात लगाकर आधी रात को रॉकेट प्रोपेल्ड ग्रेनेड अटैक किया. इस हमले में पुलिस के 4 कमांडो घायल हो गए. आरपीजी अटैक से पहले 30 दिसंबर को दिन में भी उग्रवादियों ने सुरक्षाबलों पर हमला किया था. इस दौरान एक पुलिसकर्मी के पैर में चोट आई थी.आतंकवादियों ने सुरक्षा बलों पर हमला करने के लिए आईईडी का इस्तेमाल किया है. रात में संदिग्ध कुकी उग्रवादियों ने सुरक्षाबलों पर आरपीजी हमला कर दिया. इसके बाद उग्रवादियों ने मोरेह में तैनात पुलिस पर फायरिंग शुरू कर दी. जवाबी कार्रवाई करते हुए पुलिस की ओर से भी फायरिंग की गई. बताया जा रहा है कि रातभर दोनों ओर से फायरिंग होती रही.हमलावरों ने विशेष रूप से स्पेशल पुलिस कमांडो के आवास वाले बैरक को निशाना बनाया, जिससे 4 अधिकारी घायल हो गए. जो अपने क्वार्टर में आराम कर रहे थे. आरपीजी अटैक इतना घातक था कि पुलिस अधिकारियों को न सिर्फ गंभीर चोटें आई हैं, बल्कि एक पुलिस अधिकारी की सुनने की शक्ति भी खत्म हो गई है.प्रत्यक्षदर्शियों ने कहा कि कमांडो उस समय घायल हो गया, जब बंदूकधारियों ने पुलिस वाहनों को निशाना बनाया. सुरक्षाबलों की टीम सीमावर्ती शहर मोरेह से की लोकेशन पॉइंट की ओर जा रही थी.

अधिकारियों ने बताया कि घायल कमांडो की पहचान 5 आईआरबी के पोंखालुंग के रूप में की गई है, फिलहाल उनका 5 असम राइफल्स कैंप में इलाज चल रहा है.

गणतंत्र दिवस परेड में नहीं दिखेंगी पंजाब, पश्चिम बंगाल व दिल्ली की झांकिया

एजेंसी

नई दिल्ली : इस बार कर्तव्य पथ पर 26 जनवरी को निकलने वाली गणतंत्र दिवस परेड में पंजाब, पश्चिम बंगाल और दिल्ली की झांकियां नहीं दिखेंगी। रक्षा मंत्रालय ने रविवार को साफ किया है कि इन राज्यों की झांकियों का गणतंत्र दिवस की थीम के अनुरूप न होने की वजह से चयन नहीं किया गया है।

इस बार जिन राज्यों की झांकियों को नहीं चुना गया है, उन्हें 23-31 जनवरी के दौरान लाल किला पर होने वाले भारत पर्व में अपनी झांकी प्रदर्शित करने का मौका दिया जायेगा।गणतंत्र दिवस परेड में पंजाब, दिल्ली और पश्चिम बंगाल की झांकियों को शामिल न किये जाने के बावत रक्षा मंत्रालय ने रविवार को स्पष्ट किया कि झांकियों का चयन करने के लिए पहले से ही एक प्रणाली है, जिसके अनुसार रक्षा मंत्रालय सभी राज्यों, केंद्र शासित प्रदेशों, केंद्रीय मंत्रालयों और विभागों से झांकी के लिए प्रस्ताव आमंत्रित करता है। झांकी के लिए मिले प्रस्तावों का मूल्यांकन विशेषज्ञ समिति की कई दौर की बैठकों में किया जाता है।

इस समिति में कला, संस्कृति, चित्रकला, मूर्तिकला, संगीत, वास्तुकला, कोरियोग्राफी आदि के क्षेत्र के प्रतिष्ठित व्यक्ति शामिल होते हैं। रक्षा मंत्रालय के मुताबिक विशेषज्ञ समिति की बैठक के पहले तीन दौर में पंजाब की झांकी के प्रस्ताव पर विचार किया गया था। तीसरे दौर की बैठक के बाद पंजाब की झांकी को इस बार के विषयों के अनुरूप नहीं होने के कारण प्रस्ताव को आगे विचार के लिए आगे नहीं बढ़ाया जा सका। इसी तरह विशेषज्ञ समिति की बैठक के पहले दो दौर में पश्चिम बंगाल की झांकी के प्रस्ताव पर विचार किया गया था। दूसरे दौर की बैठक के बाद पश्चिम बंगाल के प्रस्ताव आगे नहीं बढ़ सका। मंत्रालय की ओर से यह भी बताया गया कि पंजाब की झांकी को 2017 से 2022 तक छह बार, जबकि पश्चिम बंगाल की झांकी को 2016, 2017, 2019, 2021 और 2023 में यानी पांच बार गणतंत्र दिवस परेड के लिए चुना गया था।

रांची का तापमान

अधिकतम 23°

न्युनतम 10°

16वें वित्त आयोग का चेयरमैन बने अरविंद पनगढ़िया

एजेंसरी

नई दिल्ली : सरकार ने रविवार को नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया को 16वें वित्त आयोग का चेयरमैन नियुक्त किया. सरकार ने एक अधिसूचना में कहा कि वित्त मंत्रालय में संयुक्त सचिव ऋत्विक रंजनम पांडेय आयोग के सचिव होंगे. इसमें कहा गया, ''राष्ट्रपति नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष और कोलंबिया विश्वविद्यालय के प्रोफेसर डॉ अरविंद पनगढ़िया को चेयरमैन बनाते हुए वित्त आयोग का गठन करके प्रसन्न हैं. आयोग के सदस्यों को अलग से अधिसूचित किया जाएगा. आयोग पांच साल की अवधि (2026-27 से 2030-31) के लिए अपनी रिपोर्ट 31 अक्टूबर, 2025 तक राष्ट्रपति को सौंपेगा.

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय मंत्रिमंडल ने पिछले महीने 16वें वित्त आयोग के संदर्भ की शर्तों (टीओआर) को मंजूरी दी थी. वित्त आयोग केंद्र और राज्यों के बीच कर हस्तांतरण और राजस्व वृद्धि के उपायों का सुझाव देने के अलावा आपदा प्रबंधन पहल के वित्तपोषण की वर्तमान व्यवस्था की समीक्षा करेगा. वित्त आयोग एक संवैधानिक निकाय है, जो केंद्र-राज्य वित्तीय संबंधों पर सुझाव देता है. एन के सिंह की अगुवाई वाले पूर्ववर्ती 15वें वित्त आयोग ने सिफारिश की थी कि राज्यों को पांच साल की अवधि 2021-22 से 2025-26 के दौरान केंद्र के विभाज्य कर पूल का 41 प्रतिशत दिया जाए.

संक्षिप्त खबरें

टब में डूबने से दो वर्षीय बच्चे की मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

भवनाथपुर : थाना क्षेत्र के बनखेता गांव के भितरी टोला निवासी सचित ठाकुर का दो वर्षीय पुत्री की टब में डुबने से मौत हो गई है। सचित ठाकुर के दो वर्षीय पुत्री आज सुबह खेलने के दौरान टब में जग निकालने के क्रम में गिर गई, जिससे उसकी मौत हो गई। परिजनो ने घटना के बाद आनन फानन में भवनाथपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया जहां ड्यूटी पर तैनात सीएचओ इन्द्र किशोर विश्वकर्मा ने मृत घोषित कर दिया।

लक्ष्मी नारायण महायज्ञ को लेकर बैठक, सफल बनाने के लिए ग्रामीणों ने लिया संकल्प

पड़वा (पलामू) : सदर प्रखंड क्षेत्र के सिंगरा कला में वर्ष 2024 में आयोजित श्री लक्ष्मीनारायण महायज्ञ को ले रविवार को शिव मंदिर प्रांगण में बैठक हुई। इसमें आस-पास क्षेत्र के कजरी, बटसारा, पड़वा, लोहड़ा, पूर्वडीहा, पाटन, किशुनपुर, मेदिनीनगर, गोल्हना, पालहेखुर्द, नौडीहा सहित प्रमंडल क्षेत्र के कई क्षेत्रों से आए ग्रामीणों ने भाग लिया. बैठक की अध्यक्षता जीयर स्वामी जी के अनन्य शिष्य श्री गोविंदाचार्य जी ने किया. यज्ञ की सफलता के लिए विभिन्न गांवों से आए ग्रामीणों ने तन मन धन से सहयोग करने का आश्वासन दिया. मालूम हो की श्री जीयर स्वामी के सानिध्य में दुर्गापूजा के दशमी तिथि के बाद श्री लक्ष्मी नारायण यज्ञ का आयोजन होना है. इसके पूर्व ज्येष्ठ मास के पूर्णिमा के दिन से त्रिदंडी स्वामी के शिष्य श्री श्री 1008 स्वामी जीयर स्वामी जी महाराज चातुर्मास व्रत का शुभारंभ करेंगे. संचालन उमाशंकर सिंह ने किया. मौके पर पूर्व मंत्री केएन त्रिपाठी, संतोष शुक्ला, विजय सिंह, श्रीकांत मिश्रा, प्रदीप दुबे, अरुण दुबे, मनोज विश्वकर्मा, उमेश पासवान, धर्मवीर सिंह उर्फ मन्टु सिंह, उमेश सिंह सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

अबुआ आवास योजना में पैसा मांगते हैं उप मुखिया

परेशान लाभार्थियों ने बीडीओ से लगाई न्याय की गुहार

प्रभात मंत्र संवाददाता

चैनपुर (पलामू) : चैनपुर प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत कोशियारा पंचायत के पंचायत समिति सदस्य सहित दर्जनों ग्रामीणों सहित पंचायत समिती सदस्य मानती देवी ने प्रखंड विकास पदाधिकारी नितेश भास्कर को आवेदन देकर आरोप लगाया है कि अबुआ आवास के सूची चयन में स्थानीय मुखिया गुंजा देवी के द्वारा भारी अनियमितता बरती गई है।कहा कि सरकार एक तरफ गरीब असहाय दिव्यांग लोगों के कई योजनाएं चला रही है और दूसरी तरफ जनप्रतिनिधी लोग गरीबों का हक़ ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि आवास की सूची से बेघर, कच्चा मकान, दिव्यांग तथा लाचार

जैसे योग्य लाभुकों का नाम काटकर संपन्न, पक्के मकान वाले, चार छह पहिया वाहन के मालिक, इंट भट्ठा के मालिक तथा अपने निजी संपन्न परिवार वालों जैसे अयोग्य लोगों का नाम वरीयता सूची में सबसे उपर रखा गया है। उपलब्ध सूची में कुछ योग्य लाभुक का नाम भी है तो उसका स्कोर ज्यादा रखा गया है।कई ग्रामीणों नें उप मुखिया बेवी देवी के पति पप्पू चौरसिया द्वारा आवास सूची में नाम चढ़ाने के लिए पचास हजार रुपए मांगने का आरोप लगाया गया। पंचायत समिति मानती देवी के पति संजय चौरसिया ने कहा कि उप मुखिया बेबी देवी के पति पप्पू चौरसिया ने लाभुक के घर जाकर आबुआ आवास के बदले लाभुक का स्थिति देखते हुए पच्चीस हजार से पचास हज़ार तक पैसों का मांग किया, ग्रामीण दिव्यांग फुदून चौरसिया, धीरज चौरसिया, सरजू महतो, बच्चन प्रसाद, वार्ड सदस्य बरती देवी, तेतरी देवी, सरिता देवी सहित दर्जनों ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि पप्पू चौरसिया ने आवास की सूची में नाम चढ़ाने के लिए पैसे की मांग की नही देने पर अबुआ आवास की सूची से नाम काट देने का धमकी दिया। प्रखंड उप प्रमुख सुनील कुमार सिंह ने कहा कि आवास में किसी प्रकार की मनमानी और अनियमितता नहीं बरतने दी जाएगी। गरीब व असहाय लाभुको को ही अबुआ आवास का लाभ मिलेगा तथा दोषी व्यक्ति को किसी भी हर हाल में बक्सा नहीं जाएगा।

सड़क दुर्घटना में एक कि मौत

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : नगर उंटारी-भवनाथपुर मुख्यमार्ग पर जंगीपुर ग्राम में नहर के निकट शनिवार की देर शाम अज्ञात वाहन की चपेट में आने से भवनाथपुर की ओर मोटरसाइकिल से जा रहे एक युवक की मौत हो गई। मृतक की पहचान गढवा थाना क्षेत्र के बघमनवा ग्राम निवासी सूर्यदेव राम के पुत्र श्रवण राम (26) वर्ष के रूप में किया गया। युवक अपने घर से देर शाम अपने ससुराल खरौंधी थाना क्षेत्र के सुंडीपुर गांव जा रहा था। इसी क्रम में भवनाथपुर रोड स्थित जंगीपुर ग्राम के नहर के निकट अज्ञात वाहन की चपेट में आकर गंभीररूप से घायल हो गया। आस पास के लोगों द्वारा सूचना दिये जाने पर 108 एम्बुलेंस द्वारा घायल को अनुमंडलीय अस्पताल लाया गया जहां चिकित्सक ने उसे मृत घोषित कर दिया.पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर रविवार को पोस्टमार्टम के लिये सदर अस्पताल गढवा भेज दिया।

पलामू को पानी चाहिए, पागलखाना नहीं : प्रथम महापौर

नव वर्ष में दिन की शुरुआत जय श्री राम से करें

प्रभात मंत्र संवाददाता

मेदिनीनगर : प्रथम महापौर अरुणा शंकर ने सबों को नव वर्ष की बधाई दी है। उन्होंने कहा कि इस वर्ष की शुरुआत रामलला के आगमन से हो रहा है। अब वह पल दूर नहीं, जब रामलला अपने गर्भ गृह में विराजेंगे, जो हम हिंदुओं के लिए गर्व की बात है। प्रथम महापौर ने कहा कि यह हम हिंदुओं के लिए सौभाग्य की बात है। हम सब इस पल का गवाह बनने जा रहे हैं। प्रथम महापौर ने दुख जाहिर करते हुए कहा कि झारखंड सरकार अपने 4 साल कामयाबी का जहां जश्न मना रही है वही पलामू की सबसे बड़ी समस्या पानी के निदान की जगह एक पागलखाना पलामू के कांके कला में कांके के रूप में इन चार वर्षों का सौगात दिया है। मैं सरकार से कहूंगी कि हमारे पीएचडी मिनिस्टर पलामू से हैं। पलामू को

पानी दें, पागलखाना नहीं। प्रथम महापौर ने सभी को एक बार पुनः नए वर्ष की बधाई दी और कहा कि लोग सुरक्षित और खुशी-खुशी परिवार एवं दोस्तों के साथ नव वर्ष मनाए। नए वर्ष में हेलो-हाय की जगह जय श्री राम या राम राम से दिन की शुरुआत करें।

विधायक ने ऑनलाइन दो विवाह मंडप निर्माण का शिलान्यास किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

हुसैनाबाद : हुसैनाबाद विधायक कमलेश कुमार सिंह ने हैदरनगर प्रखंड के सरगड़ा व इटवा गांव में विधायक मद से बनने वाले विवाह मंडप का ऑनलाइन शिलान्यास विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह व कार्यकर्ताओं की उपस्थिति में किया। इस मौके पर विधायक कमलेश कुमार सिंह ने ऑनलाइन संबोधन में कहा कि 2023 के अंतिम दिन तक विकास को धरातल पर उतारने का काम किया गया। आने वाले वर्ष की उन्होंने क्षेत्र व प्रदेश की जनता को शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सभी के सहयोग से हुसैनाबाद

हरिहरगंज को विकास के मामले में और बेहतर काम किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 2024 में हुसैनाबाद हरिहरगंज क्षेत्र के बचे हुए कार्यो को पूरा करने का वर्ष होगा। विधायक प्रतिनिधि अजीत सिंह ने कहा कि राज्य में हुसैनाबाद विधानसभा इकलौता क्षेत्र है, जहां विधायक कोटा की राशि ग्रामीणों की बैठक कर स्वीकृत की जाती है। उन्होंने कहा कि पूरी पारदर्शिता के साथ कार्यो को धरातल पर उतारने का काम हो रहा है। मौके पर बीस सूत्री अध्यक्ष विमलेश सिंह, उदित सिंह के अलावा बड़ी संख्या में ग्रामीण मौजूद थे।

प्रखंड स्तरीय एसबीआई लाइफ के द्वारा कराया गया क्यूज कंपटीशन परिक्षा

प्रभात मंत्र संवाददाता

खरौंधी : प्रखंड में रविवार को उच्च विधालय खरौंधी में एसबीआई लाइफ के द्वारा क्यूज़ कंपटीशन कराया गया। खरौंधी एसबीआई मित्र रंजीत कुमार पासवान ने प्रखंड के सभी विद्यालय में जाकर पहले रजिस्ट्रेशन कराया उसके बाद 31 दिसंबर रविवार को सभी विद्यार्थियों का परीक्षा संपन्न कराया। खरौंधी एसबीआई मित्र रंजीत कुमार पासवान ने बताया कि परीक्षा लेने का उद्देश्य है कि बच्चो को आगे की परीक्षाओं के लिए तैयार कराया जा सके। इस परीक्षा में कक्षा 8, 9,10 के छात्र-छात्राएं शामिल हुए। एसबीआई मित्र रंजीत कुमार ने बताया

कि इसका परिणाम जल्द ही प्रकाशित किया जायेगा। बेहतर प्रदर्शन करने वाले बच्चों को एसबीआई के द्वारा पुरस्कृत किया जाएगा। इसके साथ ही स्काई कंप्यूटर सेंटर के संचालक संतोष कुमार यादव ने बताया कि वैसे विद्यार्थी जो इस परीक्षा में प्रथम, द्वितीय और तृतीय आएंगे उनको कंप्यूटर क्लास निशुल्क कराया जाएगा. परीक्षा में श्रीकांत यादव, संतोष यादव, संतोष कुमार राम, सुदामा शाह, उदय प्रताप देव, जितेंद्र कुमार, लालू कुमार पासवान, सोबरन, पिंटू प्रजापति सहित अन्य शिक्षक उपस्थित थे।

विश्रामपुर में श्रद्धांजली सभा का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू) : विश्रामपुर नप मुख्यालय स्थित विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय के आवास पर रविवार को श्रद्धांजली सभा का आयोजन किया गया। सभा मे राजपुरोहित पंडित अचितानंद पांडेय की धर्म पत्नी स्व.शांता पांडेय को श्रद्धांजली दी गई.यहां बताते चलें कि विधायक प्रतिनिधि राजन पांडेय की माता शांता पांडेय की मौत पिछले दिनों लंबी बिमारी के बाद हो गया था. श्रद्धांजली सभा में वरीय भाजपा नेता भोला चंद्रवंशी, बीजेएमसी जिलाध्यक्ष ऋतुराज पांडेय,एएसआई अनंत सिंह, सामाजिक सेवा समिति के अध्यक्ष संजय पांडेय, तीर्थराज सिंह, सोनू पाठक, विनय पांडेय, नागेंद्र प्रसाद पांडेय, रामपुकार पांडेय, नागेश्वर मिश्रा, राजन मिश्रा, रामलगन पाल, विनोद विश्वकर्मा सहित कई लोग मौजूद थे।

सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : श्री श्री ठाकुर अनुकूलचन्द्र जी के अनुयायियों द्वारा जंगीपुर ग्राम स्थित सत्संग उपासना केंद्र उर्जितपा के प्रांगण में साप्ताहिक सत्संग का आयोजन किया गया। सत्संग का शुभारंभ बन्देपुरुषोतम ध्वनि, शंख ध्वनि के बीच दीप प्रज्वलित कर किया गया। इसके बाद सामूहिक रूप से नाम जप, सत्यानु शरण पाठ, नारी नीति पाठ किया गया। संगीतांजली कार्यक्रम में संजय दा, अनिता देवी व निर्मला जायसवाल ने भक्ति मूलक भजन प्रस्तुत किया। इष्टचर्चा

करते हुये ऋत्विक विजय नंदन सिन्हा ने कहा कि आज का साप्ताहिक सत्संग वर्ष 2023 का अंतिम सत्संग है.आगामी वर्ष 2024 सभी जीवों के लिये मंगलमय हो.सभी जीवों के कल्याण के लिये सभी सत्संगी वृन्द अनवरत ईश्वर नाम का स्मरण करते रहें.अपने प्रभु श्री श्री ठाकुर जी से प्रार्थना करें की 2024 सभी के लिये मंगलप्रद रहे.उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 में अधिक से अधिक सत्संग हो। उन्होंने कहा कि सत्संग का प्रत्येक क्षण जीवों के कल्याण के लिये होता है.सत्संग से अनेकों अपराध का नाश हो जाता है। सत्संग ही मानव के उन्नति का एक मात्र रास्ता है। इसके द्वारा ही अच्छी भक्ति आती है.निःस्वार्थ भक्ति प्रभु अथवा भगवान से मिलाती है। सत्संग में शक्तिदास सिन्हा, अजय दा, प्रवीण कुमार, पप्पू, धृतिदीप, रीना जायसवाल, प्रमिला देवी, दीप माला, मधु कुमारी सहित अन्य सत्संगी वृन्द उपस्थित थे।

पीडीएस डीलरों ने एक जनवरी से सभी दुकानें बंद रखने का किया आह्वान

प्रभात मंत्र संवाददाता

विश्रामपुर (पलामू) : ऑल इन्डिया फेयर प्राईस शॉप डीलर्स फेडरेशन के आह्वान पर विश्रामपुर, पांडू, नावा बाजार व उंटारी रोड प्रखंड के सभी पीडीएस डीलरों ने अपनी मांगों के समर्थन में दुकानें बंद रखने का निर्णय लिया है.विश्रामपुर प्रखंड के डीलरों ने अपनी मांगों के समर्थन में आज प्रखंड कार्यालय के समक्ष प्रदर्शन किया.प्रदर्शन के दौरान अपनी अपनी दुकानें एक जनवरी से बंद रखने का घोषणा भी किया। इसके अलावा डीलरों ने अपनी मांग से सम्बंधित ज्ञापन एमओ बैजनाथ राम को सौंपा। मौके पर फेयर प्राइस डीलर एसोशिएशन के प्रखंड अध्यक्ष बिपिन कुमार दुबे, कोषाध्यक्ष हरे कृष्णा सिंह, ओमू चौबे, राघवेंद्र चौबे, रामेश्वर चौबे, राजकुमार पाल, सुरेश राम, शिवनाथ राम, पुनीत शुक्ला, आस्था सिन्हा, गंगाधर विश्वकर्मा, पप्पू सिंह, कृष्णा बैठा, जगनारायण पाल, महेंद्र प्रसाद यादव सहित कई डीलर मौजूद थे।

मुकुंदपुर में अबुआ आवास को लेकर हुआ विशेष ग्राम सभा

प्रभात मंत्र संवाददाता

केतार (गढ़वा) : प्रखंड अंतर्गत मुकुंदपुर पंचायत सचिवालय परिसर में रविवार को उपविकास आयुक्त गढ़वा के निर्देशानुसार उपर्युक्त पात्रता मापदंड के अनुसार लाभार्थियों की अस्थाई प्रतीक्षा सूची तैयार करने को लेकर ग्राम सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान उपस्थित ग्रामीण संबंधित जनप्रतिनिधि एवं प्रतिनियुक्ति कर्मियों के बीच सूची को पढ़कर सुनाया गया। ज्ञात हो की झारखंड सरकार के महत्वपूर्ण कार्यक्रम आपकी योजना, आपकी सरकार, आपके द्वार

कार्यक्रम से प्राप्त अबुआ आवास का 1136 आवेदन को प्रतिनियुक्ति जांच टीम के द्वारा सत्यापन के पश्चात अस्थाई प्रतीक्षा सूचित तैयार करने को लेकर पंचायत स्तरीय ग्राम सभा में भेजा गया जहा पंचायत के मुखिया मूंगा साह के अध्यक्षता में ग्राम सभा के कार्यवाही संपन्न कराया गया। इस मौके पर ब्लॉक प्रमुख चन्द्रावती देवी, बिस सूत्री अध्यक्ष संजय सिंह, बीडीसी प्रतिनिधि इम्तेयाज आलम, उप मुखिया दयानंद विश्वकर्मा,वार्ड सदस्य कसमुदिन अंसारी संहिता ने लोग शामिल थे।

राम विचार नेताम को बाबा बंशीधर की तस्वीर जदयू नेता ने किया भेंट

प्रभात मंत्र संवाददाता

बंशीधर नगर : जनता दल यूनाइटेड के जिलाध्यक्ष रवि प्रकाश उर्फ बबलू ने छत्तीसगढ़ सरकार के आदिम जाति,अनुसूचित जाति, पिछड़ा वर्ग, अल्पसंख्यक विकास, कृषि विकास तथा किसान कल्याण विभाग के मंत्री राम विचार नेताम से सनावल स्थित उनके आवास पर मिलकर मंत्री बनने पर बधाई दिया तथा बाबा बंशीधर की तस्वीर भेंट किया। उन्होंने मंत्री श्री नेताम को

बाबा बंशीधर का दर्शन करने के लिये आमंत्रित भी किया।

हरिहरगंज के बुथो पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने सुनी प्रधानमंत्री के मन की बात

प्रभात मंत्र संवाददाता

हरिहरगंज : हरिहरगंज शहरी एवं ग्रामीण क्षेत्रों के सभी बुथो पर रविवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के मन की बात का सीधा प्रसारण भाजपा कार्यकर्ताओं एवं लोगों ने सुना। हरिहरगंज भाजपा मंडल अध्यक्ष बल्लु बलराम ने बताया कि सभी बुथो पर बड़ी संख्या में लोग प्रधानमंत्री के मन की बातों को सुना। उन्होंने मन की बात में स्वास्थ्य, खेल, अयोध्या राम मंदिर सहित कई बिंदुओं पर अपनी बातों को रखने का काम किया। भाजपा नेता सह सलैया पंचायत के मुखिया कमला देवी के पति सनोज गुप्ता ने बताया की बड़ी संख्या में लोग प्रधानमंत्री के मन की बात सुना है। मौके पर सांसद प्रतिनिधि अरुण मिश्रा, महामंत्री सन्नी गुप्ता, उपाध्यक्ष रघुनंदन साव, मंत्री सनोज गुप्ता, करण राजवीर, भाजयुमो महामंत्री अम्बुज सिंह, पंचायत संजयोक, धनंजय सिंह, जानू चौधरी, धनंजय यादव, सत्येन्द्र भुइयां, संतोष शौंडिक,संजय पासवान, विकास पासवान, रामाशीष यादव, ओम सिंह, सुरेन्द्र सिंह, राजेश दास, संजय भुइयां, लखन साव सहित कई भाजपा के कार्यकर्ता उपस्थित थे।

बिशुनपुरा में बालू माफिया राज, रात के अंधेरे में बाकी नदी से प्रतिदिन सैकड़ो ट्रैक्टर से अवैध बालू का उठाव धड़ल्ले से जारी

प्रभात मंत्र संवाददाता

बिशुनपुरा : अनुमंडल मुख्यालय के विशुनपुरा प्रखंड के दर्जनों गांव जो बाकी नदी तट से बसे है। वहां से प्रतिदिन अवैध रूप से लगभग सैकड़ो ट्रेक्टर अवैध बालू का उठाव धड़ल्ले से किया जारहा है। बालू माफियाओं द्वारा अवैध रूप से बालू उठाव किए जाने से बाकी नदी का अस्तित्व खतरे में हो गया है।जिले के उपायुक्त द्वारा गठित टास्क फोर्स अवैध बालू उत्खन्न रोकने में नाकाम साबित हो रहे है. वही बालू माफिया रातो- रात बालू बेच कर मालामाल हो रहे है। नियम को ताक पर रख कर बालू माफियाओ द्वारा अवैध बालू उठाव करने से बाकी नदी नाला में तब्दील हो गया है. नदी ने जगह जगह कुआ का रूप ले लिया है. जो आये दिन

एक बड़ी घटना को आमंत्रित कर रही है.बताया जाता है कि प्रत्येक दिन अवैध रूप से बालू का उठाव बाकी नदी के पतिहारी, दर, सोनडीहा, विशुनपुरा नदी घाटो से किया जा रहा है. बाकी नदी से अवैध बालू का उठाव कर बंशीधर नगर, रमना, बरडीहा, मेराल थानां क्षेत्र के कई गांवों में बड़े पैमाने पर बेचा जा रहा है। बालू माफियाओ द्वारा दूसरे थाना क्षेत्रों में बालू बिक्री किये जाने पर प्रति ट्रेक्टर 5 हजार रु की मोटी कमाई होती है। इस कारण स्थानीय आवास लाभुकों को बालू नही मिलने के कारण आवास अधूरा पड़ा हुआ है. इसके बावजूद संबंधित विभाग के अधिकारी द्वारा कोई कार्रवाई नहीं करने के कारण बालू माफियाओ का मनोबल काफी बढ़ गया है। सबसे बड़ी बात यह है कि दिन में नदी में बालू का ढेर कराया जाता है और जैसे ही अंधेरा होता है, नदियों में बालू उठाव के लिए ट्रेक्टर लग जाते हैं. जो सुबह तक अवैध बालू का उठाव करते देखे जा सकते है। बताते चले कि अवैध रूप से बालू उत्खन्न पर रोक लगाने को लेकर जिले के उपायुक्त द्वारा एक टास्क फोर्स टीम का गठन किया गया था. इस टीम में एसडीओ, सीओ एवम थाना प्रभारी को रखा गया है। अवैध बालू के खिलाफ छापेमारी कर नदी से हो रही उत्खन्न और परिवहन पर रोक लगानी है. लेकिन अवैध उत्खन्न पर कोई कारवाई नही होने के कारण बालू माफिया नदी से बालू उत्खन्न कर दूसरे प्रखंडों में बेचने में लगे हुए है। बताया जाता है कि बालू माफियाओ का उच्ची पहुच होने के कारण कोई कारवायी नही होती है। इस सम्बंध में पूछे जाने पर अंचल अधिकारी वासुदेव राय ने कहा कि छापेमारी अभियान चला कर कारवाई की जाएगी।

अबुआ आवास ग्रामसभा में अनियमित्ता को लेकर ग्रामीणों के किया विरोध प्रदर्शन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बिशुनपुरा : पतिहारी पँचायत में अबुआ आवास के ग्रामसभा मे अतियमित्ता को लेकर उपमुखिया सहित 7 वार्ड सदस्यों ने ग्रामीणों के साथ बिरोध प्रदर्शन किया है। मुखिया पर अपने करीबियों को अबुआ आवास का लाभ दिलाने का आरोप लगाया है। विरोध के दौरान उपमुखिया जमीरत बीबी, वार्ड सदस्य असून बीबी, समीम बीबी, दुलारी देवी, जगदीस वैठा, रूबी देवी, धुरपतिया देवी, मदीना बीबी, ग्रामीण महफूज अंसारी, अवधेश राम, नवशाद अंसारी, मुखलाल रजवार, चमन अंसारी सहित सैकड़ो ग्रामीणों ने कहा कि ग्रामसभा को लेकर किसी भी वार्ड

सदस्य एवम ग्रामीणों को जानकारी नही दिया गया है। उन्होंने बताया कि प्रमुख वॉट्सऐप ग्रुप के द्वारा जनाकारी हुआ कि आवास का ग्रामसभा किया जाना है। जिसके बाद हमसभी पँचायत भवन पहुचे है. तो देखा कि पँचायत भवन के एक कमरा में ग्रामसभा किया जारहा है। जबकि सैकड़ो ग्रामीण बाहर ग्रामसभा का विरोध कर रहे है। उन्होंने कहा कि कार्यकारणी के वैठक में किसी वार्ड सदस्यों को नही बुलाया जाता है।सिर्फ फाइल में कार्यकारणी की बैठक करा लिया जाता है। उन्होंने मुखिया प्रतिनिधि मुन्ना अंसारी पर अपशब्द बोलने का आरोप लगाया है। वही बिरोध की जानकारी पर प्रखंड प्रमुख दीपा कुमारी मौके पर पहुची और ग्रामीणों से ग्रामसभा की जानकारी लिया। उसके बाद प्रमुख काफी नाराजगी जतायी है। उन्होंने मौके पर पँचायत सचिव जगदीस राम को काफी फटकार लगाया है। उन्होंने कहा कि ग्रामीणों की सख्या काफी होने के बाद भी एक कमरा में ग्रामसभा किया जारहा है।जो कि घोर अनियमितता को दर्शाता है। उन्होंने कहा कि योग्य लाभुकों को ही अबुआ आवास का लाभ दिया जाएगा। इस सम्बंध में पतिहारी पँचायत की **मुखिया रब्या फिरदोसी :** ने बताया कि ग्रामसभा सम्बंधीत जारी लेटर में उपमुखिया एवम वार्ड सदस्यों का उपस्थित होने का जिक्र नही किया गया है। उन्होंने हमारे द्वारा कोई अपशब्द भाषा का प्रयोग नही किया गया है

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

राजधानी

रांची, सोमवार, 01 जनवरी 2024| पेज 3

संक्षिप्त खबरें

नए वर्ष के आगमन के अवसर पर कार्यक्रम का हुआ आयोजित

रांची। प्रजापिता ब्रह्माकुमारी ईश्वरीय विश्व विद्यालय चौधरी बगान, हरमू रोड में नये वर्ष के आगमन के अवसर पर कार्यक्रम का आयोजन किया गया। संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का उदघाटन करते हुए देव शंकर, निदेशक दूरसंचार विभाग ने कहा कि प्रत्येक वर्ष नए साल को बेहतर और खुशनुमा बनाने के लिए हम सभी कई शुभ संकल्प, विचार व वायदे अपने परंतु व्यवहारिक जीवन में मन में अनेक विचार तथा बातें भी आती है। उनमें से बहुत से संकल्प सकारात्मक, नकारात्मक, दृढ़ व कमजोर होते हैं। नकारात्मक या कमजोर संकल्प हमें जीवन में आगे नहीं बढ़ने देते। संबंधों पर भी हमारी सोच का गहरा प्रभाव पड़ता हैं । इसलिए इस नये वर्ष के अवसर पर हमें अपनी संकल्प शक्ति को शुभ एवं सकारात्मक बनाने की आवश्यकता है तभी सबके जीवन में सुख शांति और समृद्धि आएगी।

कांग्रेस के झारखंड प्रभारी कल आएंगे रांची

रांची : कांग्रेस के महासचिव और झारखंड प्रभारी गुलाम अहमद मीर अपने दो दिवसीय दौरे पर दो जनवरी को रांची पहुंचेंगे। एयरपोर्ट पर कांग्रेस नेता उनका स्वागत करेंगे। इसके बाद मोरहाबादी स्थित संगम गार्डेन में झारखंड प्रभारी का अभिनंदन समारोह का कार्यक्रम होगा। फिर झारखंड प्रभारी जिलाध्यक्षों एवं जिला प्रभारियों के साथ कांग्रेस भवन में बैठक करेंगे। इस संबंध में प्रदेश कांग्रेस के संगठन महासचिव अमूल्य नीरज खलखो ने बताया कि झारखंड प्रभारी तीन जनवरी को कांग्रेस भवन में कांग्रेस विधायक दल की बैठक में भाग लेंगे। इसके बाद पॉलिटिकल अफेयर्स कमिटी झारखंड प्रदेश के साथ बैठक और लोकसभा प्रभारियों एवं संयोजकों के साथ कांग्रेस भवन, रांची में बैठक करेंगे।

लंबे समय से फरार चल रहे गौ तस्कर राजू कुरैशी गिरफ्तार

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। तुपुदाना ओपी की महिला सब इंस्पेक्टर संध्या टोपनो की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी राजू कुरैशी को लोअर बाजार थाना क्षेत्र के कांटाटोली कुरैशी मुहल्ला से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है।

राजू पशु तस्करों में शामिल था। इसके खिलाफ कोर्ट से गिरफ्तारी वारंट जारी था। अवैध गोवंशीय पशुओं से लदा पीकअप वैन से बीते 20 जुलाई 2022 को तुपुदाना ओपी में पोस्टेड सब इंस्पेक्टर संध्या टोपनो हुलहूंडू के पास उस वक्त बेहरमी से कुचल दिया गया जब वे वाहनों की चेकिंग कर रही थीं, इसी दौरान प्रतिबंधित पशुओं से लदे पिकअप वैन लेकर जा रहे चालक को जब संध्या ने रुकने को कहा, तो वह धक्का मारते हुए भागने लगा। करीब सौ मीटर तक उसने वाहन से दारोगा संध्या को घसीटता रहा जिससे घटनास्थल पर ही उनकी मौत हो गयी थी।

इस मामले में पीकअप वैन, गौ, दो लोगों की गिरफ्तारी हुई थी इसमें महमूद, राजु सभी फरार चल रहे थे। वहीं महमूद ने कुछ महीने पहले राजु की पहचान हुई है। पुरे मामले की जांच के दौरान पुलिस को पता चला कि पिकअप वैन राजू कुरैशी चला रहा था।

जांच के दौरान हटिया डीएसपी की सुपरविजन रिपोर्ट और सिटी एसपी की रिपोर्ट में भी उसे दोषी पाया गया था। इसके बाद पुलिस अधिकारियों ने राजू कुरैशी की गिरफ्तारी का आदेश जारी किया था। उस समय से आरोपी राजू फरार चल रहा था। इसके बाद तुपुदाना पुलिस ने उसकी गिरफ्तारी के लिए कोर्ट से वारंट लिया था। ही कोर्ट में सरेंडर कर दिया। दुसरी ओर आरोपी राजु पुलिस को गुमराह करके बच रहा था।

थाना प्रभारी मीरा सिंह ने बताया कि पुलिस इसे कई बार हिरासत में लिया लेकिन पिता के नाम अलग बताये जाने से पुलिस को थोड़ा मेहनत करनी पड़ी इसके तस्वीर से राजु की गिरफ्तारी खादगढा बस स्टैंड टीओपी पर तैनात पुलिस कर्मी भीम सिंह ने की। सिटी ए पी राजकुमार मेहता ने बताया कि सभी फरार चल रहे वारंटी की गिरफ्तारी करने का निर्देश है। यदि कोई थानेदार लापरवाही करती है तो उस पर भी कार्रवाई होगी।

अच्छी पहल : मतदान केन्द्रों पर जरूरी न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की कवायद शुरू

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी के. रवि कुमार के निर्देश और पहल पर आगामी लोकसभा आम चुनाव, 2024 हेतु राज्य के सभी मतदान केन्द्रों पर जरूरी न्यूनतम सुविधाओं की उपलब्धता सुनिश्चित करने की कवायद शुरू कर दी गयी है। दरअसल वर्तमान में झारखंड राज्य के मतदान केंद्रों में जरूरी न्यूनतम सुविधाओं की स्थिति क्या है, इसको लेकर सोशल ऑडिट स्टेट यूनिट की मदद से थर्ड पार्टी सामाजिक अंकेक्षण कराए जाने का निर्णय लिया गया है। देश में संभवतः यह पहला अवसर है जब निर्वाचन विषयों को लेकर स्वतन्त्र सामाजिक अंकेक्षण करवाया जा रहा हो। इस पहल को लेकर सीईओ श्री के. रवि कुमार ने कहा कि निर्वाचन आयोग का हमेशा से निर्देश रहा है कि मतदान के दिन मतदान केंद्रों पर न केवल सभी जरूरी न्यूनतम सुविधाएं उपलब्ध हों बल्कि इन सभी केंद्रों पर त्यौहार जैसा माहौल हो। इसलिए निष्पक्ष सामाजिक अंकेक्षण करवाने का निर्णय लिया गया है ताकि मतदान केंद्रों की वास्तविक स्थिति की रिपोर्ट मिल सके। रिपोर्ट के आधार पर यदि कोई अंतराल पाया गया तो बूथों पर आवश्यक सुविधाओं को ससमय दुरुस्त और बेहतर किया जाएगा।

धुर्वा स्थित निर्वाचन कार्यालय के सभागार में राज्य सोशल ऑडिट यूनिट के सर्वेक्षकों का एकदिवसीय प्रशिक्षण करवाया गया। इस प्रशिक्षण का मुख्य उद्देश्य था कि अंकेक्षण करने जिलों में जा रहे इन सर्वेक्षकों को निर्वाचन आयोग द्वारा मतदान केंद्रों पर अपेक्षित न्यूनतम जरूरी सुविधाओं तथा इससे जुड़े प्रावधानों की जानकारी मिल सके। इस प्रशिक्षण में सोशल आडिट टीम से जुड़े राज्य के सभी जिलों के सर्वेयर मौजूद रहे। बताया गया कि उक्त सामाजिक अंकेक्षण का कार्य आगामी फरवरी माह में पूर्ण हो जाएगा। इसके बाद किसी भी अंतराल या कमी को एक माह के अंदर पूर्ण कर लिए जाने की योजना है।इस अवसर पर मुख्य निर्वाचन कार्यालय के ओएसडी गीता चौबे, अवर सचिव देवदास दत्ता, उप निर्वाचन पदाधिकारी (मुख्यालय) संजय कुमार, अवर निर्वाचन पदाधिकारी सुनील कुमार सिंह, प्रशाखा पदाधिकारी धीरज कुमार तथा सोशल ऑडिट यूनिट के समन्वयक हलधर महतो सहित राज्य में सामाजिक अंकेक्षण हेतु गठित टीम के सभी सदस्य मौजूद थे।

स्वर्गीय खलील अहमद के याद में दसवीं के विद्यार्थियों के लिए मॉक टेस्ट का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। रविवार को कर्बला चौक स्थित इराकी उर्दू गर्ल्स हाई स्कूल में, माही और जमैतुल इराकीन के सहयोग से, समाजसेवी स्व0 खलील अहमद के स्मृति में एक मॉक टेस्ट का आयोजन किया गया। इसमें लगभग 50 विद्यार्थी भाग लिए, जो आगामी जैक बोर्ड परीक्षा 2024 में शामिल होंगे।

यह परीक्षा प्रातः 10 बजे से 1 बजे दिन तक लिया गया। इस मॉक जाँच परीक्षा में विज्ञान के 40 बहुविकल्पित, 8 दो अंकीय, 2 तीन अंकीय, 2 चार अंकीय और 2 पाँच अंकीय प्रश्न थे, जो हिन्दी और अंग्रेजी दोनों भाषाओं में पूछे गए। इसका पैटर्न आगामी जैक बोर्ड परीक्षा 2024 के आधार पर बनाया गया था, ताकि विद्यार्थी बोर्ड परीक्षा के लिए अच्छे से तैयार हो सकें।यह मॉक टेस्ट, इस्लामनगर, पथलकुदवा के स्थानीय नागरिक और शिक्षा के क्षेत्र में स्व0 खलील अहमद के योगदान को समर्पित किया गया है। इसे आगामी बोर्ड परीक्षा से पहले हर रविवार को सभी विषयों के लिए आयोजित किया जाएगा।इस मॉक टेस्ट की सम्पन्नता में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभाई हैं- माही के संयोजक इबरार अहमद, जमैतुल इराकीन के सचिव सैफुल हक, माही के शिक्षा संयोजक सरवर इमाम खान, मोहम्मद सलाहउद्दीन, मुजाहिदुल इस्लाम, अर्शद शमीम और खालिद सैफुल्लाह।

पिता अरुण पांडेय को बेटी दीपिका पांडेय सिंह ने दी मुखाग्नि

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। कांग्रेस की महगामा विधायक दीपिका पांडेय के पिता और कांग्रेस के वरिष्ठ नेता व पूर्व पार्षद अरुण पांडेय का अंतिम संस्कार रविवार को सीठियो श्मशान घाट में किया गया। 76 वर्षीय वर्षीय अरुण पांडेय की बड़ी बेटी दीपिका पांडेय ने मुखाग्नि दी। अंत्येष्टि के इस मौके पर बड़ी संख्या में लोग मौजूद रहे। विधायक दीपिका पांडेय के सेक्टर 2 स्थित आवास शव यात्रा निकला गया। इस एसोसिएशन के अध्यक्ष आफताब आलम, कांग्रेस के वरिष्ठ नेता बच्चा बाबू, काशिफ नईम सहित कई गन्यमान्य लोग शामिल हुए। बता दें कि स्वर्गीय अरुण पांडेय अपने पीछे तीन बेटी व पत्नी को छोड़ गए। अरुण पांडेय की एक बेटी जो कनाडा में रहती है वो नहीं आ सकी। अरुण पांडे 1973 से कांग्रेस पार्टी में सक्रिय राजनीति में रहे।

मौके पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के प्रेस सलाहकार अभिषेक श्रीवास्तव उर्फ पिंटू, पूर्व डिप्टी मेयर अजयनाथ शाहदेव, कांग्रेस नेता आलोक कुमार दुबे, झारखंड डिसेबल्ड क्रिकेट

पत्रकार आशुतोष को मिली धमकी के मामले की शिकायत डीजीपी से करेंगे : भारती

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। झारखंड जर्नलिस्ट एसोसिएशन की ऑनलाइन जूम मीटिंग आयोजित की गई । बैठक की अध्यक्षता करते हुए जेजेए अध्यक्ष सम्पूर्णा नन्द भारती ने कहा कि संगठन के सभी सदस्यों को संगठन का सदस्यता फार्म और प्रमाणपत्र जनवरी माह में जिला कमेटी के माध्यम से प्राप्त हो जाएंगे। उन्होंने सभी जिला कमिटियों को निर्देशित किया कि सदस्यों की सूची प्रखंडवार तैयार कर शीघ्र भेजें। भारती ने प्रदेश उपाध्यक्ष निरभ किशोर द्वारा संथाल परगना में प्रदेश स्तरीय कार्यशाला आयोजित करने के प्रस्ताव का स्वागत किया । संगठन के संस्थापक शाहनवाज़ हसन ने ऑनलाइन मीटिंग में प्रभात खबर के प्रधान संपादक आशुतोष चतुर्वेदी को मिली धमकी का मामला उठाया, जिस पर प्रदेश अध्यक्ष सम्पूर्णा नन्द भारती ने चर्चा करते हुए कहा कि इससे संबंधित प्रकाशित खबर को गंभीरता से लेते हुए संगठन पूरे मामले की न्यायसंगत जांच कर सख्त कार्रवाई की मांग झारखंड के पुलिस महानिदेशक से करता है।

मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड की बैठक चार को

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड के राष्ट्रीय अध्यक्ष मुफ्ती अब्दुल्लाह अज़हर कासमी ने अपने प्रेस विज्ञप्ति में कहा कि मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड की स्थापना को दस साल पूरे हो गये हैं। अपनी स्थापना के पहले दिन से, मजलिस मुसलमानों के राजनीतिक, सामाजिक, शैक्षिक, सांस्कृतिक और सांप्रदायिक सद्भाव के लिए नियमित सेमिनार, सम्मेलन, बैठकें आयोजित करती रही है। अब जब मजलिस के दस साल पूरे हो गए हैं तो आपसी सलाह-मशविरा और बातचीत के लिए एक अहम बैठक रखी गई है। ताकि आपसी रिश्ते और भाईचारा और अधिक एकीकृत और स्थिर हो सके और भविष्य में मुसलमानों के राजनीतिक और सामाजिक लक्ष्यों को प्राप्त करने के लिए एक योजना तैयार की जा सके। इस महत्वपूर्ण और संवेदनशील मुद्दे को सुलझाने के लिए 4 जनवरी 2024 गुरुवार को रहमानिया मुसाफिर खाना, मेन रोड, रांची में बाद नमाज जोहर के बाद एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई है। सभी राष्ट्रीय, संगठनात्मक, शैक्षणिक संस्थानों के प्रतिनिधियों और मस्जिदों, मदरसों, स्कूलों और मस्जिदों के उपदेशकों और सामाजिक और राजनीतिक नेताओं से भी अनुरोध है कि वे इस बैठक में भाग लें और कल्याण के लिए अपनी अच्छी सलाह दें। मुस्लिम मजलिस उलेमा झारखंड के नेताओं को कल्याण के लिए प्रोत्साहित करें, ताकि भविष्य के लिए एक मजबूत और एकीकृत कार्य योजना तैयार की जा सके। समय की नजाकत और अपने उत्तरदायित्वों के प्रति अपनी सारी व्यस्तताओं को त्यागकर राष्ट्र एवं राष्ट्र निर्माण में अहम हिस्सा बनने का निर्णय लें और विचार-विमर्श में भाग लेकर राष्ट्रीय एकता, राजनीतिक एवं सामाजिक जागरूकता का प्रमाण दें। मौके पर मुफ्ती अब्दुल्लाह अज़हर कासमी, मुहम्मद नसीम, मास्टर मुजम्मिल हुसैन, मुहम्मद अनवर खान आदि उपस्थित थे।

सेल ने प्रतिष्ठित ग्रेट प्लेस टू वर्क सर्टिफिकेशन हासिल किया

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची : देश की महारत्न सार्वजनिक उपक्रम, स्टील अथॉरिटी ऑफ इंडिया लिमिटेड (सेल), को यह घोषणा करते हुए गर्व हो रहा है कि उसे ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट (भारत) द्वारा दिसंबर 2023 से दिसंबर 2024 की अवधि के लिए ÷ग्रेट प्लेस टू वर्क÷ के रूप में प्रमाणित किया गया है। ग्रेट प्लेस टू वर्क प्रमाणन एक वैश्विक मान्यता है, जो एक सम्मानित और लोकप्रिय नियोक्ता होने की सेल की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। यह मान्यता सेल द्वारा कार्यस्थल पर विश्वास, सहयोग और कार्मिकों के सशक्तिकरण को बढ़ावा देने पर लगातार फोकस का प्रमाण है। ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट एक नामी अंतरराष्ट्रीय संगठन है, जो कठोर मूल्यांकन प्रक्रिया के जरिये उत्कृष्ट कार्मिक अनुभव का माहौल बनाने वाले नियोक्ताओं को मान्यता देता है। सेल ने ग्रेट प्लेस टू वर्क इंस्टीट्यूट द्वारा किए गए गहन सर्वेक्षण के बाद प्रमाणन हासिल किया है, जो सेल के कार्मिकों के सीधे फीडबैक पर आधारित है। सेल ने लगातार विभिन्न कार्मिक-केंद्रित पहलों को लागू किया है, जो कार्मिक अनुभव को बढ़ाने और एक सहायक और सहयोगात्मक कार्य माहौल को विकसित करने पर केंद्रित हैं। इन प्रयासों ने सेल को एक ऐसा कार्यस्थल बनाने में महत्वपूर्ण योगदान दिया है, जहां कार्मिक खुद को मूल्यवान, सम्मानित और प्रेरित महसूस करते हैं। सेल अध्यक्ष अमरेंदु प्रकाश ने कहा, सेल को ग्रेट प्लेस टू वर्क के प्रमाणित संगठन के रूप में मान्यता एक खुशहाल कार्यस्थल बनाने के हमारे प्रयासों की पुष्टि है, जो स्वामित्व और बेहतर उत्पादकता को प्रोत्साहित करती है। हालांकि यह एक निरंतर प्रयास है और इस दिशा में कई अन्य कार्ययोजनायें बनाई जा रही हैं।

पीडीएस दुकानदार एक जनवरी से हड़ताल पर जाएंगे

रांची : कमीशन बढ़ाने की मुख्यमंत्री की घोषणा के बावजूद राज्यभर के पीडीएस डीलर एक जनवरी से हड़ताल पर जाने को अडिग हैं। फेयर प्राइस डीलर एसोसिएशन रांची के अध्यक्ष ज्ञानदेव झा ने रविवार को बताया कि ठोस कार्रवाई के बाद ही हड़ताल खत्म होगी। उनकी मुख्य मांगों में कमीशन राशि प्रति किलो एक रुपए से बढ़ाकर तीन रुपए करने, अनुकंपा पर पीडीएस दुकान देने, पीएम गरीब कल्याण योजना के तहत बांटे गए 13 माह के राशन का कमीशन देने की मांग शामिल हैं।

ऑक्सिजन पार्क मे मिशन सेव अर्थ 2024 का शानदार आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रांची। सेव अर्थ मिशन 2024 वन प्रमंडल रांची के द्वारा ऑक्सीजन पार्क मोराबादी रांची में सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किया गया ।

कार्यक्रम की विधिवत शुरुआत दीप प्रजावलित कर मुख्य अतिथि डॉ संजय श्रीवास्तव प्रधान मुख्य वन संरक्षक (वन बाल प्रमुख), झारखंड, कुलवंत सिंह, आईएफएस और शशिकर समांथा ने किया। इसके बाद मां सरस्वती वंदना डांस और कत्थक नृत्य किया गया। इसका थीम वर्षा ऋतु आगमन और उसकी मनमोहन वातावरण और मोर नृत्य के रुप में दर्शाया गया था।इस मौके पर मुख्य अतिथि डॉ संजय श्रीवास्तव ने कहा कि इस तरह का कार्यक्रम करने का उदेश्य आम लोगो को पर्यावरण से जोड़कर सांस्कृतिक कार्यक्रम के द्वारा जन जागरुकता फैलाना है।

इसके बाद थेमेटिक डांस जिसमें पेड़ का पूरा वृतांत इसमें दिखाया गया है जिसे घोष और उनकी टीम के द्वारा किया गया जिसमें सभी दर्शकों ने पूरा मजा लिया इसके बाद छाव डांस जिसका थीम प्रकृति रहा जिससे बहुत मनमोहक झांकियां प्रस्तुति दी।

ह्यूमन पपेट और स्ट्रिंग पपेट जो की राजस्थान जिसका थीम वन एवम पर्यावरण था सभी दर्शकों ने खूब सराहा।

इसके बाद नागपुरी डांस हुआ जिसका थीम झारखंड की प्राकृतिक सौंदर्य को इस डांस के माध्यम से बेहतरीन रूप से दिखाया गया है।

उसके बाद पुरुलिया प छाव डांस जिसका थीम महिषासुर वध नृत्य था उसे लोगों को दिखाया गया जिस पर दर्शकों ने खूब तालियां बजाकर की।

इसके बाद एक और नागपुरी डांस हुआ जिसका थीम बसंत ऋतु में प्रकृति का दृश्य बेहतरीन रूप से दर्शाया गया था।

थीमेटिक डांस इसका थीम पेड़ था इसे भी डांस मे दिखाया गया ,इसके अलावा के सैंड आर्ट की प्रस्तुति द्वारा पृथ्वी को बेहतरीन रूप से दिखाया गया जिसे सभी दर्शकों में बहुत अधिक सराहा । ट्राइबल फैशन शो सुमंगल नाग और उनकी टीम के द्वारा जिसका थीम सतत जीवनशैली कैसे कैसे जिया जाया था।



प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

पिपरवार में नववर्ष के स्वागत की तैयारी पूरी

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल पिपरवार कोयलांचल क्षेत्र और आस पास के ग्रामीण इलाकों में नव वर्ष के स्वागत को लेकर सारी तैयारी पूरी कर ली गई है।क्षेत्र के सभी पिकनिक स्पॉट सज धजकर पूरी तरह से तैयार है।लोग गर्मजोशी के साथ नव वर्ष 2024 का स्वागत करने की तैयारी में है। इधर नव वर्ष के उत्साह और उमंग को देखते हुए स्थानीय पिपरवार पुलिस काफी सतर्क है।पिपरवार थाना प्रभारी गोविंद कुमार ने बताया कि क्षेत्र के सभी पिकनिक स्पॉटों पर पुलिस बल की तैनाती एवं गस्ती रहेगी।पिकनिक स्पॉटों के अलावे अन्य सार्वजनिक जगह पर उत्पात मचाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।उन्होंने क्षेत्र के सभी लोगों से शांतिपूर्ण माहौल में नव वर्ष का उत्साह मनाने की अपील की है।

बचरा शिव मन्दिर के पुजारी के पुत्र शेखर पाण्डेय ने फांसी लगाकर की आत्महत्या

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के बचरा चार नम्बर चौक स्थित जय बाबा सिद्धेश्वरनाथ शिव मंदिर के पुजारी शिवनंदन पांडेय का पुत्र शेखर पांडेय ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। मंदिर प्रांगण मे आम के पेड़ से शेखर का शव लटका हुआ बरामद किया गया है।इसकी सूचना मन्दिर प्रबधंन समिति द्वारा स्थानीय पिपरवार थाना को दी गई,जिसके बाद सूचना पाकर पिपरवार पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को पेड़ से उतारा और मामले की जानकारी ली।पुलिस ने सबको कब्जे में कर पोस्टमार्टम के लिए चतरा भेज दिया है।घटना के संबंध में बताया गया कि मृतक शेखर पांडेय की मानसिक स्थिति ठीक नहीं थी और पिछले कुछ महीनों से अजीब तरह की हरकते कर रहा था।दो बार वह घर से लापता भी हुआ था और उनके पिता पुजारी शिवनंदन पांडेय के द्वारा पिपरवार थाना में सन्हा भी दर्ज कराया था।शेखर के आत्महत्या के बाद उनके परिजन सदमे मे है।इधर पिपरवार थाना प्रभारी गोविन्द कुमार ने बताया कि मन्दिर प्रागंण मे आम के पेड़ से मृतक शेखर पाण्डेय का शव फंदे से झुलता हुआ बरामद किया गया है।उनकी मानसिक स्थिति ठीक नही थी,परिजनो से बात करने पर प्रथम दृष्टया यह आत्महत्या का मामला प्रतीक हो रहा है।पुलिस सभी मामलो पर जांच कर रही है और पोस्ट्मार्टम रिपोर्ट के बाद कुछ कहा जा सकता है।इधर मृतक शेखर पाण्डेय का बचरा सपही नदी स्थित शमशान घाट मे अंतिम संस्कार किया गया।उनके निधन पर मंदिर कमेटी के अलावे क्षेत्र के कई लोगों ने शोक प्रकट किया है।

रॉकवेल ऑटोमेशन ने देश को रोशन किया

रांची (प्रभात मंत्र संवाददाता): औद्योगिक स्वचालन और डिजिटल परिवर्तन में दुनिया की सबसे बड़ी कंपनी रॉकवेल ऑटोमेशन ने भारत में एक और राष्ट्रव्यापी सौर ऊर्जा पहुंच परियोजना पूरी कर ली है। यह परियोजना, हैबिटेट फॉर ह्यूमैनिटी इंडिया के सहयोग से, असम, दिल्ली एनसीआर, तमिलनाडु और पश्चिम बंगाल में छत पर सौर प्रणाली वाले स्कूलों और परिवारों का समर्थन करती है। पैनल प्रतिदिन 20 यूनिट से अधिक बिजली उत्पन्न करेंगे, जिससे ऊर्जा जरूरतों को पूरा करने और उपयोगिता बिलों में बचत करने में मदद मिलेगी।असम के माजुली द्वीप जिले के बालिजोकाइबोवा में गुरुकुल अकादमी में स्थापना पूरी हो गई है, जिससे 207 छात्र लाभान्वित हुए हैं। मैरापुर, रानी, कामरूप ग्रामीण में भी सौर पैनल लगाए गए। इसके अतिरिक्त, पश्चिम बंगाल के पश्चिम बर्धमान जिले के दुर्गापुर में कांकसा ब्लॉक के बनकटी और मलंदीघी गांव, सरकारी प्राथमिक विद्यालय और दिल्ली एनसीआर में गाजियाबाद के होली फैमिली स्कूल में सौर पैनल स्थापित किए गए थे।

स्वर्गीय विजय महतो स्मृति मेल आज

सिल्ली (प्रभात मंत्र संवाददाता): सिल्ली प्रखंड के लोटा सुरगुंजाडीह गाँव मे 1 जनवरी सोमवार को कला प्रेमी स्वर्गीय विजय महतो के दसवे में पुण्यतिथि का आयोजन किया गया है।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में सिल्ली राजा पुष्पेंद्रनाथ सिंह देव उपस्थित रहेंगे। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए कार्तिक चंद्र महतो ने बताया कि कला संस्कृति को बचाए रखने के लिए एक दिवस से पांच परगना कुड़माली झूमर महोत्सव एवम रात्रि में पश्चिम बंगाल के छउ नृत्य उस्ताद पूर्णिमा सिंह की महिला टीम एवं उस्ताद शंकर महतो के छउ नृत्य दल के द्वारा आकर्षक नृत्य समेत कई सांस्कृतिक कार्यक्रम किए जाएंगे।

नव वर्ष की पूर्व शांति नगर चर्च में किया गया मिस्सा पूजा

खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता): शांति नगर स्थित कैथोलिक चर्च में नव वर्ष की पुर्व रविवार को मिस्सा पूजा कर ईश्वर का आभार प्रकट किया गया. इस अवसर पर उपस्थित मसीही विश्ववासियों की उपस्थिति में फादर हिलारियुस तिग्गा, फादर ऑस्कर टोप्पो के द्वारा मिस्सा पूजा किया गया.जिसके बाद मसीही विश्ववासियों द्वारा गीत गाये गए. वहीं इस मौके पर फादर हिलारियुस तिग्गा ने अपने संदेश में कहा कि वर्ष 2023 में जिस तरह प्रभु दया किए हैं, वैसे ही आने वाले 2024 को भी हमारे लिए बेहतर करेंगे. उन्होंने बताया कि सोमवार की सुबह 8 बजे नए वर्ष के अवसर पर खलारी चर्च में विशेष मिस्सा पूजा का अयोजन किया जाएगा. फादर ने सभी विश्ववासियों से इस मिस्सा पूजा में शामिल होने का बात कहा. इस मौके पर इस मौके पर सिस्टर जयंती, सिस्टर नेली, ज्ञान कुजूर, ख्रीस्त नीरा गीध, सी कुजूर, बशील लकड़ा, पारसनाथ उरांव, रॉबिन एक्का, प्रकाश कुजूर, ज्योति कुजूर आदि उपस्थित थे.

बड़की टाँड़ में 10 जनवरी को मनाया जाएगा नीलांबर पीतांबर जयंती

खलारी (प्रभात मंत्र संवाददाता): नीलांबर पीतांबर जन कल्याण समिति की बैठक जामडीह स्थित दामोदर नदी में हुयी. अध्यक्षता बिगन सिंह भोगता ने किया.बैठक में 10 जनवरी को बड़की टाँड़ में आयोजित नीलांबर पीतांबर जयंती को लेकर समीक्षा करते हुए आयोजन को सफल बनाने का निर्णय लिया गया.संचालन अमृत भोगता ने किया.इस मौके पर रामलखन गंझू,रंथू उरांव,देवपाल मुंडा, जालिम सिंह,विनय खलखो,धनराज भोगता,मुखिया संतोष कुमार महली, कन्हाई पासी, मधु गंझु, शिवनारायण लोहरा,अशोक राम, प्रकाश महतो, प्रभाकर गंझू,आनंद तुरी,रामधारी गंझू,रमेश गंझू,सुनील यादव,कीनू गंझू,रविन्द्र यादव,दामोदर गंझू,मनोज गंझू, सिद्धार्थ भोगता, अमर भोगता,श्यामजी महतो,राजेंद्र उरांव, प्रभु गंझू बिगना गंझू, शिवदयाल गंझू,भोला गंझू, विनय उरांव,श्याम उरांव,बिनोद उरांव,रवि उरांव,जयराम गंझू,सिपता गंझू,भरत महतो सहित कई लोग मौजूद थे ।

21वीं सदी में भी पीने के पानी के लिए तरस रहे डुमरी गाँव के लोग

प्रभात मंत्र संवाददाता

मांडर : मांडर प्रखंड अंतर्गत सरवा पंचायत के सुदूरवर्ती डुमरी गाँव में पानी के लिए लोग परेशान हैं। वहीं गाँव में 15वीं वित्त योजना से लाखो रुपया का लगा सोलर पम्प से ग्रामीणों को पिने का पानी तक नहीं लेने दिया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार जिस घर का जमीन में सोलर पम्प लगा हुआ है वह पानी देने से इंकार कर दिया जिसके चलते ग्रामीण काफी परेशान हैं। 21वीं सदी में भी यहां के लोगों को पीने के पानी के लिए जद्दोजहद करना पड़ रहा है। हर घर नल जल का वादा करने वाली झारखंड सरकार यह दावा डुमरी गांव में फेल साबित हो रहा है। कारण गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित है। स्थानीय जनप्रतिनिधि ना तो इस बात पर ध्यान दे रहे हैं ना ही इसका निदान कर रहे हैं। कहते है जब चुनाव आता है तब नेता आते हैं और तरह तरह का वादा इरादा कर चले जाते हैं, चुनाव बीत जाने के बाद गांव का समस्या सुनने तक नहीं आते। सरकारी योजना का निर्माण होता भी है तो नेता के संबंधित लोगों को देकर सरकारी योजनाओं का बंदरबांट कर दिया जाता है। तस्वीर साफ बयां कर रही है पानी के लिए नंबर लगा कर रखी महिलाएं 19वीं सदी की महिलाएं नहीं बल्कि 21वीं सदी की पढ़ी-लिखी महिलाएं हैं। जो इस गांव में आकर 19वीं सदी का जीवन व्यतीत कर रही है।

चान्हो व मांडर प्रखंड के पीडीएस डीलर्स की बैठक संपन्न, बीडीओ को सौंपा ज्ञापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

चान्हो/मांडर : चान्हो व प्रखंड के जन वितरण प्रणाली विक्रेताओं की एक बैठक प्रखंड मुख्यालय में हुई। जिसमें 1 जनवरी से हड़ताल पर जाने का सर्वसम्मति से निर्णय हुआ ततपश्चात प्रखंड विकास पदाधिकारी एवं प्रखंड आपूर्ति पदाधिकारी चान्हो को ज्ञापन सोपा गया। चान्हो डीलर एसोसिएशन के सचिव तनवीर आलम ने बताया कि डीलर्स की दस सूत्री मांग है जिसे अब तक पूरा नहीं किया गया है। कहा कि यह हड़ताल देशव्यापी है। प्रखंड के सभी पीडीएस सेंटर बंद रहेंगे। पिछले दो साल से पीडीएस डीलर्स की मांगों को अनदेखा किया जा रहा है। वहीं मांडर डीलर एसोसिएशन के अध्यक्ष बाबुलाल पाठक ने कहा कि जिस तरह हम दुकानदारो को बन्धूआ मजदूरों की तरह व्यवहार किया जा रहा है उससे हमारे व्ययासिक जीवन यापन में प्रश्न चिन्ह लग गया है, हमें अपने अधिकार की रक्षा के लिए हर स्तर पर हम लड़ाई लड़ने को तैयार हूँ।

पिपरवार के न्युमंगरदाहा में क्रिकेट टुर्नामेन्ट का हुआ समापन

प्रभात मंत्र संवाददाता

पिपरवार : सीसीएल पिपरवार क्षेत्र के न्यूमंगरदाहा गांव में केजीएन क्लब के द्वारा चल रहे क्रिकेट टूर्नामेंट का रविवार को समारोहपूर्वक समापन किया गया।समापन समारोह के मुख्य अतिथि बेंती पंचायत की मुखिया सरीता देवी और विशिष्ट अतिथि मे भाजपा अल्पसंख्यक मोर्चा के चतरा जिला उपाध्यक्ष मोहम्मद ताज मौजुद थे।अतिथियो ने संयुक्त रूप से फीता काटकर और बल्लेबाजी कर फाइनल मुकाबले की शुरुआत की।टूर्नामेंट का फाइनल मुकाबल पिपरवार के बेंती बनाम खलारी के राय टीम के बीच खेल गया।जिसमे टॉस जीतकर बेंती की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए निर्धारित बारह ओवर में 144 रन बनाया।वही जवाबी पारी खेलने उतरी राय की टीम ने 9 ओवर में 64 रन ही बना सकी और बेती की टीम ने फाइनल मुकाबला जीत कर खिताब पर कब्जा जमाया।मैन ऑफ दा मैच शक्ति सिंह एंव मैन ऑफ दा सीरिज अमीर अंसारी को दिया गया। विजेता और उप विजेता टीम को अतिथियों ने पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया। समारोह को संबोधित करते हुए अतिथियों ने इस तरह के आयोजन की सराहना करते हुए सभी खिलाड़ियों से बेहतर खेल का प्रदर्शन कर अपने गांव पंचायत और राज्य का नाम रोशन करने की अपील की।अतिथियों ने कहा कि इस तरह के आयोजन से ग्रामीण क्षेत्र के खिलाड़ियों का मनोबल बढ़ता है।खेल को बढ़ावा देने के लिए हर संभव मदद किया जाएगा।इस मौके पर मुखिया सरिता देवी,मोहम्मद ताज, आशिक अली,हदीस अली, एजाजुल हक,पवण केशरी, आशिक रजा,परवेज आलम, रफीक अंसारी, अफसर, नौशाद, जावेद,रज्जाक, अरशद सहित काफी संख्या में खिलाड़ी और ग्रामीण मौजूद थे।

अलविदा मेला धुमधाम से संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिल्ली : सिल्ली प्रखण्ड के कांटाडीह सिंगपुर मैदान मे हर साल की तरह इस साल के आखरी दिन 31 दिसम्बर को अलविदा मेला का आयोजन किया गया।

इस मेला में ग्रामीणों की काफी भीड़ जमी रहती है। मेले मे मुर्गा लड़ाई, एक दिवसीय क्रिकेट टूर्नामेंट साथ ही और भी कई तरह के मनोरंजन के कार्यक्रम किया गया।इस मेले मे एल डी एल सॉन्ग (लखीदास लोहरा) आर्केस्ट्रा का आयोजन किया गया इस आर्केस्ट्रा कार्यक्रम में झारखंड के नागपुरी कॉमेडियन मजबूल खान भी शामिल हुए खान ने अपने गानो से एंकरिंग से लोगों का मन मोह लिया।

इस प्रोग्राम में बंगाल एवं झारखंड के छोटे बड़े कलाकार शामिल हुए और एक से बढ़कर एक नृत्य प्रस्तुत किया। साथ ही टाटा से आई हुई कलाकार मिस बिरोजा रानी ने अपने गानो पे सबको झुमने को मजबूर कर दिया।जानकारी के मुताबिक सिंगपुर निवासी लखीदास लोहरा बहुत ही गरीब परिवार से है वह अपना मेहनत से एक छोटा सा ऑर्केस्ट्रा टीम को बनाया साथ ही धीरे-धीरे छोटे-मोटे प्रोग्राम करके लोगों का दिल जीत लिया और आज पूरे क्षेत्र में एलडीएल सॉन्ग के नाम से प्रचलित हो गया। इस मेले कै सफल बनाने मे शिशुपाल महतो, गणेश महतो, प्रभात महतो, अनिल महतो, सहदेव महतो सत्य महतो, सूरज महतो, कृष्णा महतो घासीराम महतो समेत ग्रामीणों का सहयोग रहा।

नव वर्ष में नई उत्साह के साथ लक्ष्य प्राप्ति के लिए अग्रसर रहें विद्यार्थी : सकलदीप भगत

प्रभात मंत्र संवाददाता

खूंटी : मुरहू स्थित श्योर सक्सेस कोचिंग सेंटर में संकल्प दिवस के रूप में नया वर्ष मनाने का फैसला कर छात्र-छात्राओं ने एक दूसरे को शुभकामनाएं दी। इस दौरान संस्थान के शिक्षक सह निदेशक सकलदीप भगत ने छात्र-छात्राओं को कई संकल्प दिलाए। वहीं छात्रों ने भी स्वेच्छा से इस संकल्प दिवस पर साल भर असत्य वचन नहीं बोलने, बड़ों का सम्मान करने, उद्देश्य की प्राप्ति को अथक प्रयास करने मे एवं साफ सफाई और अनुशासन का पालन करने का संकल्प लिया। शिक्षक सकलदीप भगत ने इस दौरान बच्चों से कहा कि बुरी आदत से छात्र खुद को जरूर बचाएं। इस नये साल पर ये संकल्प जरूर ले कि आप कल पर किसी कार्य को नही छोड़ेंगे। नव वर्ष पर नए उत्साह नए जोश एवं नई उम्मीदों के साथ अपने अपने लक्ष्य को प्राप्त करने का प्रयास करें जिसके फलस्वरूप आप परिवार ,समाज एवं देश का नाम रोशन कर सकते हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को देश दुनिया की खबरों से अपडेट रहने के लिए प्रतिदिन अखबार सुचारू रूप से पढ़ने की सलाह दी सभी छात्र छात्राओं ने एक स्वर मे सभी बातों का अनुसरण करने का संकल्प लिया। मौके पर शिक्षिका रिया तथा शमिता के साथ-साथ सभी छात्र-छात्राएं मौजूद थे।

कर्रा में ग्राम प्रधान संघ की बैठक संपन्न

कर्रा (प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड सह अंचल सभागार में शनिवार को ग्राम प्रधान संघ की बैठक ग्राम प्रधान संघ प्रखंड अध्यक्ष महादेव? मुंडा की अध्यक्षता पर किया गया. बैठक पर मुख्य रूप से गांव के विकास कार्यो पर ग्राम प्रधानों अपना योगदान देने कि बात कही गयी, ग्राम प्रधान संघ के बैठक के समय पर विचार विमर्श किया गया, 07 जनवरी को खूंटी कचहरी मैदान में सरना धर्म कोड महारैली पर भारी संख्या पर उपस्थित होने, 22 ग्राम प्रधानों का दस्तावेज जमा कराने, 10 जनवरी को ग्राम प्रधानों मोटरसाईकिल दिलाने के लिए विधायक दीपक बिरूवा से मुलाकात करने, एवं नये वर्ष के अवसर पर ग्राम प्रधान संघ के द्वारा पिकनिक कार्यक्रम का आयोजन में दूसरे प्रखंड के ग्राम प्रधानों बुलाने पर विशेष चर्चा किया गया. वही ग्राम प्रधान संघ का अगली बैठक 6 जनवरी दिन शनिवार को रखा गया है. बैठक पर मुख्य रूप से ग्राम प्रधान संघ अध्यक्ष महादेव मुंडा, होरो पड़हा राजा सुनील होरो, पड़हा राजा सोमा मुंडा, सचिव पीटर बारला, सुमन मुंडा के अलावे अन्य सैकड़ों ग्राम प्रधान मौजूद रहे।

नामकुम में पंचायत प्रभारीयों की बैठक संपन्न

प्रभात मंत्र संवाददाता

नामकुम : आज नामकुम प्रखंड के रामपुर में जाना पहचाना होटल सभागार में आजसू पार्टी पंचायत प्रभारीयों का बैठक खिजरी विधानसभा प्रभारी श्री जितेन्द्र सिंह जी की उपस्थिति में प्रखंड अध्यक्ष रतनलाल सिंह होण्डा के अध्याक्षता में किया गया। बैठक का संचालन राजू उरावं जी कर रहे थे।इस बैठक में सभी पंचायत प्रभारीयों को निर्देशित किया गया कि सभी पंचायत प्रभारी यथा शीघ्र ग्राम प्रभारी बना कर सूची पत्र उपल्ब्ध कराएं।साथ ही कहा कि गाँव की हर वैसे दबे कुचले ब्यक्ति का आवाज बने जो अभाव की जिन्दगी जीने को मजबूर हैं,साथ हीं प्रत्येक दश घर पर एक चूल्हा प्रमुख बनाएं।

वही एक (मजबूत पिलर मेम्बर होगा) और वहीं से आप राज्य के हर दबे कुचले आखरी ब्यक्ति के जन भावनाओं को समझ पाएंगे,और पार्टी संगठन को बेहतर मजबूती प्रदान कर सकते हैं।

बैठक में मुख्य रुप से पार्टी के केंद्रीय सचिव फुलकुमारी देवी,केंद्रीय सचिव पारसनाथ उरांव,केंद्रीय सचिव रामजी यादव जी,केन्द्रीय सदस्य उमेश महतो, केन्द्रीय सदस्य जलनाथ चौधरी,जिला प्रवक्ता रोशन लाल मुंडा,जिला वरिय उपाध्यक्ष प्रकाश लकड़ा,वरिष्ठ नेता माथुर प्रसाद,जिला सचिव मुकेश नायक जिला सजीव जोन तिग्गा,मजदूर नेता राजेन्द्र कांत महतो प्रखंड के सभी पंचायत महिला पुरूष प्रभारी शामिल हुए।

गरीब असहाय के बीच गर्म वस्त्र का वितरण

पिपरवार (प्रभात मंत्र संवाददाता): पिपरवार विकास समिति के द्वारा क्षेत्रीय कार्यालय पिपरवार में एक सादे समारोह आयोजित कर क्षेत्र के गरीब और असहाय लोगों के बीच गर्म वस्त्र शॉल का वितरण किया।इस मौके पर पिपरवार विकास समिति के लोगों ने दर्जनों गरीब एवं असहाय महिला पुरुष के बीच शॉल का वितरण किया। इस संबंध में पिपरवार विकास समिति के सचिव संतोष कुमार राम ने बताया कि पिपरवार विकास समिति के द्वारा लगातार क्षेत्र के गरीब असहाय एवं वृद्ध लोगों के बीच सहायता प्रदान की जाती है।कोयलांचल क्षेत्र में बढ़ती ठंड को देखते हुए क्षेत्र के गरीबों के बीच शॉल का वितरण किया जा रहा है।इससे गरीबों को ठंड से राहत मिलेगी।उन्होंने कहा कि इससे पूर्व भी समिति के द्वारा क्षेत्र में कई सामाजिक एवं सहयोग का कार्य किया जा चुका है।समय-समय पर पिपरवार विकास समिति के द्वारा इस तरह का सहयोग कार्य लगातार जारी रहता है और आगे भी इस तरह का कार्य जारी रहेगा।उन्होंने क्षेत्र के अन्य लोगों से भी इस तरह के सहयोग कार्य गरीबों को लाभ पहुंचाने के लिए करने की अपील की। इस मौके पर संतोष कुमार राम, उमेश महतो,मनोज महतो, बलदेव महतो,राजेंद्र प्रसाद, हरिद्वार प्रजापति,अगनु देशवाली सहित कई लोग मौजूद थे।

अयोध्या से प्रभु श्री राम का कलश, अक्षत, पत्रक लेकर बस्ती भ्रमण

प्रभात मंत्र संवाददाता

नामकुम : 10:30 बजे दिन में दुर्गा मंदिर प्रांगण में विक्रमादित्य नगर के सभी 6 बस्तियों के बस्ती प्रमुख को अयोध्या से आए अक्षत युक्त कलस, पत्रक एवं नव निर्मित भगवान राम के फोटो का वितरण किया गया। उसके बाद विक्रमादित्य नगर के चतरा बस्ती के लिए कलस पूजन एवं भ्रमण का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत दुर्गा मन्दिर टाटीसिल्वे से होते हुए चतरा के विभिन्न मंदिरों मे कलश पूजन की गई।यहाँ पर सभी राम भक्त को माताओं - बहनों ने फूल ,अक्षत , आरती दिखाकर जोरदार स्वागत किया। इस कार्यक्रम मे विशेष रूप से नगर संयोजक अरविंद सिंह,आशुतोष दिवेदी, राजेश मिश्रा, सोहन मुंडा, ब्रजेश सिंह, सकुल महतो, रोहित महतो,किसोर महतो, राकेश महतो,दिव्य प्रकाश, मुखिया डॉली मुंडा,नूतन पाहन, मंगल गुप्ता,जयराम शर्मा, अशोक तिवारी,सावना महतो, कमलेश सिंह,पुनीत अग्रवाल, चिंटू,मिकु वर्मा,मुकुल महतो, मींटि मिश्रा, राम चरण पाहनइ, विष्णु मुंडा, गिरिधर, मिथिलेश पांडे, विपिन पांडे इत्यादि के अलावे सैकडो ग्रामीण उपस्थित थे।

प्रभात मंत्र प्राईवेट लिमिटेड के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक रेशमा खान द्वारा खबर-एक्सप्रेस प्रा0 लि0 3 व 4, ओपोजिट मॉरिश फूड कोकर इन्डसट्रियल एरिया, कोकर, रांची से मुद्रित कर कार्यालय प्रभात मंत्र राईन मार्केट पहला तल्ला, उर्दू लाइब्रेरी, मेन रोड रांची से प्रकाशित, संपादकीय कार्यालय-2बी दूसरा तल्ला, अनवर अरकेड, विश्वकर्मा मंदिर लेन , मेन रोड, रांची। संपादक : रवींद्र कुमार उपाध्याय*। *पीआरबी एक्ट के तहत समाचारों के चयन के लिए उत्तरदायी। मो0 न0 7004121786, 06513571957

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
कोल्हान
रांची, सोमवार, 1 जनवरी 2024 | पेज 5

मंत्री बन्ना गुप्ता ने 635 लाभुकों में पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट के साथ कंबल का किया वितरण

कदमा(प्रभात मंत्र संवाददाता): स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने रविवार को अपने कदमा स्थित कार्यालय में झारखंड सरकार की सर्वजन पेंशन योजना के तहत कदमा, सोनारी, बिष्टुपुर के रहने वाले वृद्धावस्था और विधवा पेंशन के 635 लाभुकों के बीच पेंशन स्वीकृति सर्टिफिकेट का वितरण किया. इस अवसर पर उपस्थित महिलाओं एवं पुरुषों के बीच स्वास्थ्य मंत्री बन्ना गुप्ता ने बढ़ते ठंड को देखते हुए कंबल का भी वितरण किया. इस दौरान संजय तिवारी, मनोज झा, बबुआ झा,बबन शुक्ला ,प्रभात ठाकुर,माजिद अख्तर, इरशाद हैदर, अमित कुमार,तुला डा,बिशू डा, राकेश जयसवाल, संजीव झा, राजेश गोरई, रवि दुबे, धन्नु महतो, सुकुमारी, जितेंद्र सिंह, सोंटी रजक, जय प्रकाश साहू, सरबजीत सिंह, राजकुमार दास, उज्वल गुहा,भारत गढ़वाल, सुमित ठाकुर, शिल्पी चक्रवर्ती, अशोक सिंह, हारी, मानस गिरी,दिनेश पोद्दार सहित बहुत सारे कार्यकर्ता उपस्थित थे.

बागबेड़ा में तुलसी भवन के साहित्यकारों ने किया कंबल वितरण

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): सिंहभूम जिला हिन्दी साहित्य सम्मेलन, तुलसी भवन के साहित्यकारों ने अपने सामाजिक दायित्वों के निर्वहन के अंतर्गत सेवा भारती के सहयोग से बागबेड़ा के पिछड़ी बस्तियों के वंचित बंधुओं भगिनियों के बीच सर्दी के बचाव हेतु 80 परिवारों में कंबल वितरण किया गया। इस अवसर पर संस्थान के अध्यक्ष सुभाष मुनका, महासचिव प्रसेनजित तिवारी, सहसचिव प्रकाश मेहता, वरिष्ठ साहित्यकार यमुना तिवारी व्यथित की महती उपस्थिति रही। आयोजन को सफल बनाने में सेवा भारती, हेल्पिंग हैंड्स के एडवोकेट राकेश कुमार, प्रचार प्रसार प्रभारी प्रदीप चटर्जी, राम पात्रों एवं हेमंत पान का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

योग विज्ञान का पीजी डिप्लोमा एंड सर्टिफिकेट कोर्स परीक्षा शांतिपूर्ण सम्पन्न

खरसावां(प्रभात मंत्र संवाददाता): खरसावां प्रखंड के राजखरसावां बडा आमदा में महर्षि पतंजलि योग और प्राकृतिक चिकित्सा प्रशिक्षण संस्थान से सबंध प्राप्त योग संस्थान बडा आमदा में सत्र - 2023 (जनवरी से दिसम्बर) दिनांक 26 दिसम्बर से 30 दिसम्बर तक चलने वाला परीक्षा का योग विज्ञान के पीजी डिप्लोमा, डिप्लोमा एवं सर्टिफिकेट कोर्स का परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचार मुक्त सम्पन्न हुई। प्राचार्य धीरेन्द्र नाथ महतो संस्थान का सख्त निर्देश था कि परीक्षा में कदाचार करते पकड़े जाने से परीक्षा से निष्कासित किया जायेगा। योग विज्ञान के लाभ के संबंध में प्राचार्य धीरेन्द्र नाथ महतो ने कहा कि हमारा संस्थान भारत सरकार द्वारा मान्यता प्राप्त है जिसका कार्यक्षेत्र सम्पूर्ण भारत में है। योग का लक्ष्य शारीरिक शुद्धि ,मानसिक शांति एवं आध्यात्मिक सुख है। संस्थान में जुड़कर उत्तम स्वास्थ्य व रोजगार के असीमित अवसर प्राप्त कर सकते हैं। योग के माध्यम से बिना दवा का उम्रभर निरोग रहा जा सकता है।

चापाकल का पानी से गांव का मुख्य सड़क हुआ दलदल, ग्रामीण परेशान

ईचागढ़(प्रभात मंत्र संवाददाता): सरायकेला-खरसावां जिला के कुकडु प्रखंड क्षेत्र के लेटेमदा गांव के बीच मुख्य पीसीसी सड़क के ऊपर चापाकल का पानी जमने से पुरा सड़क कीचड़ से दलदल हो गया है। गांव के लोगों को घर से निकलना भी मुश्किल हो गया है। अन्य राहगीरों को इस सड़क पर आवाजाही में काफी मुश्किलों का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि सड़क किनारे एक चापाकल लगा हुआ है और उस चापाकल से गांव के लोग पीने का पानी लेते हैं और इस पानी का निकासी का कोई रास्ता नहीं है, जिससे सड़क पर पानी जम जाने से दलदल हो गया है। ग्रामीणों ने कहा कि पंचायत के मुखिया व पंचायत प्रतिनिधियों को कई बार इस नरक से निकालने के लिए सोख्ता गढ्ढा का निर्माण कराने का आग्रह किया गया है, मगर ना ही पंचायत प्रतिनिधि और ना ही प्रखंड प्रशासन इसमें ध्यान दें रहे हैं। वहीं पीएलवी फागुराम महतो ने कहा कि जल्द ही एसडीएम से मिलकर ग्रामीणों को इस दलदल से निजात दिलाने के लिए सोख्ता गढ्ढा निर्माण कराने का मांग किया जाएगा।

करीम सिटी कॉलेज का कपाली में निःशुल्क नेत्र जांच शिविर

जमशेदपुर(प्रभात मंत्र संवाददाता): करीम सिटी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई द्वारा कपाली गांव में आयोजित विशेष शिविर में पूर्णिमा नेत्रालय के संयुक्त तत्वाधान द्वारा 31 दिसंबर 2023 को निःशुल्क नेत्र जांच शिविर कराया गया। इस नेत्र जांच शिविर में करीम सिटी कॉलेज के राष्ट्रीय सेवा योजना के कार्यक्रम अधिकारी डॉ आले अली, राष्ट्रीय सेवा योजना के समन्वयक सैयद साजिद परवेज़, पूर्णिमा नेत्रालय के डॉ नीरज कुमार पटेल, पूर्णिमा नेत्रालय की प्रबंधक टेक्नीशियन मनीष कुमार, एनएसएस के वरिष्ठ स्वयंसेवक के रूप में अब्दुल कादिर खान मुगल एवं मानव को उपस्थित रहे । शिविर में गाँव के करीब 80 लोगों ने अलग-अलग समस्याओं को लेकर नेत्रों की जांच करवाई।

जनता में पीएम मोदी के करिश्माई नेतृत्व पर भरोसा बढ़ा : डॉ वाजपेई

प्रभात मंत्र संवाददाता
जमशेदपुर/चाईबासा : झारखंड भाजपा की एकदिवसीय प्रदेश पदाधिकारी, कोर कमिटी,जिलाध्यक्ष एवम जिला प्रभारी,मोर्चा अध्यक्षों की बैठक चाईबासा जिला कार्यालय में संपन्न हुई। बैठक प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी,प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई,प्रदेश संगठन महामंत्री कर्मवीर सिंह, नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी,केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा, अन्नपूर्णा देवी ने संबोधित किया। मंच पर राष्ट्रीय मंत्री श्रीमती आशा लकड़ा,अनुसूचित जनजाति मोर्चा के राष्ट्रीय अध्यक्ष सांसद समीर उरांव भी रहे उपस्थित।

बैठक को संबोधित करते हुए भाजपा प्रदेश प्रभारी डॉ लक्ष्मीकांत वाजपेई ने कहा कि जनता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के करिश्माई नेतृत्व पर भरोसा बढ़ा है। मोदी जी के नेतृत्व में देश का सभी वर्ग विकास की मुख्यधारा से जुड़ा है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ने देश के सामाजिक,राजनीतिक और भावनात्मक सभी मुद्दों के समाधान के लिए ईमानदार प्रयास किए हैं। उन्होंने कहा कि करिश्माई नेतृत्व और बूथ पर कार्यकर्ताओं की ताकत से तीसरी बार मोदी सरकार ,400 सीट पार के साथ बनेगी। प्रदेश अध्यक्ष एवम पूर्व मुख्यमंत्री बाबूलाल मरांडी ने कहा 2023 का अंतिम दिन भी पार्टी कार्यकर्ताओं ने संगठन को समर्पित किया। उन्होंने कहा कि 2024 का वर्ष हमे विजय वर्ष बनाना है। उन्होंने विकसित भारत संकल्प यात्रा को जन जन तक पहुंचाने का आह्वान किया। नेता प्रतिपक्ष अमर कुमार बाउरी ने कहा कि हेमंत सरकार ने फिर एक बार दलितों आदिवासियों को ठगा है। बैठक को संबोधित करते हुए केंद्रीय मंत्री अर्जुन मुंडा ने कहा कि हेमंत सरकार केंद्रीय योजनाओं के पैसे के खर्च का हिसाब नही दे रही। खजाने में पैसे पड़े है खर्च नहीं हो रहे। केंद्रीय मंत्री अन्नपूर्णा देवी ने कहा कि विकास विरोधी लोग देश को जाति की राजनीति में उलझाना चाहते हैं ।

प्रखंड स्तरीय सम्मेलन की तैयारी को लेकर कुईयानी में आप ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता
पटमदा : बोड़ाम प्रखंड के पांच पंचायतों का सम्मेलन का आयोजन आगामी 2 जानवरी को बोड़ाम में करने को लेकर रविवार को आम आदमी पार्टी की एक तैयारी बैठक कुईयानी गांव में संपन्न हुई। बैठक में मुख्य अतिथि के रूप में जिला उपाध्यक्ष गणपति करुआ शामिल हुए। जिला उपाध्यक्ष ने कहा कि 2024 चुनावी वर्ष होगा। इसलिए कार्यकर्ता चुनाव की तैयारियों में लग जाएं। उन्होंने कहा कि सम्मेलन के माध्यम से कार्यकर्ताओं को संगठन मजबूत बनाने व चुनाव संबंधित टिप्स दिए जाएंगे। साथ ही बूथ से लेकर पंचायत व प्रखंड स्तर तक संगठन मजबूत बनाने के लिए कार्यकर्ताओं को जिम्मा सौंपा जाएगा। मौके पर जिला सचिव कन्नन गणेशन, प्रखंड अध्यक्ष दिलीप सिंह, उपाध्यक्ष सुधांशु महतो, दोलगोविंद सिंह, अश्विनी सिंह, भगीरथ सहिस, फूलचांद सिंह, सुभाष सहिस, निपेन सिंह, आरति रुहिदास, सनातन सिंह व धीरेन माझी आदि उपस्थित थे।

टांगराईन में युवा का महिला नेतृत्व सम्मेलन

समानता लाने की शुरुआत घर से करें : वर्णाली

प्रभात मंत्र संवाददाता
जमशेदपुर: सामाजिक संस्था युवा (यूथ यूनिटी फॉर वॉलंटरी एक्शन) के तत्वावधान में संचालित कार्यक्रम विमेन गेमिंग ग्राउंड के तहत प्रखंड स्तर पर एक दिवसीय युवा महिला नेतृत्व सम्मेलन का आयोजन टांगराईन में किया गया। पूरे कार्यक्रम का संचालन युवा संस्था की लड़कियों द्वारा किया गया। कार्यक्रम में लड़कियों,महिलाओं ने अब तक के अपने अनुभव, बदलाव, चुनौतियों को साझा किया। इस दौरान चांदपुर पंचायत समिति सदस्य मंजू सरदार ने कहा कि युवा संस्था से जुड़ कर पोटका की लड़कियों, महिलाओं को

आगे बढ़ने का मौका मिल रहा है। खुद बदलें, अपनी सोच बदलें और जेंडर आधारित हिंसा के खिलाफ अपनी आवाज मजबूत करे। गंगाडीह पंचायत समिति सदस्य उर्मिला ने कहा कि युवा संस्था से जुड़ कर अपने डर को हराया है और पूरे पंचायत में नेतृत्व कर पा रही हूं। जसिंता सरदार, माला मंडल,निरोला सरदार, खुशी मंडल, अंजली पात्रों, प्रियंका सरदार, मुगनी मुंडा, सुतोरा भगत , रीना सरदार इत्यादि ने अपने अनुभव बताए कि कैसे अब उनके जीवन में बदलाव आए और वे रूढ़िवादी चुनौतियों को

तोड़ कर आगे बढ़ रही है। युवा की सचिव वर्णाली चक्रवर्ती ने नए साल की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि समानता लाने की शुरूआत घर से करें ।घर के कामों में भी पुरुषों की भागीदारी करे, हर भेदभाव व अंतर को दूर करे। अपने जीवन में नई योजनाओं, कामों को पूरा करने का स्वयं निर्णय ले और आगे बढ़ते जाए। विभिन्न पंचायतों से शामिल लड़कियों ने नृत्य के माध्यम से भी अपनी आजादी के अभिव्यक्ति को पेश की। कार्यक्रम का संचालन अनिशा सरदार ने किया एवं धन्यवाद ज्ञापन अंजली पात्रों ने किया।

शहीद पोटो हो को श्रद्धांजलि देकर सैकड़ों आंदोलनकारी खरसावां रवाना

प्रभात मंत्र संवाददाता
जगन्नाथपुर : पूर्व विधायक मंगल सिंह बोबोंगा के नेतृत्व में एक प्रतिनिधिमंडल 31 दिसम्बर को अंग्रेजों के साथ लड़ाई के दौरान शहीद हुये नारा पोटो हो की शहीद स्मारक राजाबासा से खरसावां गोलीकांड स्थित शहीद स्थल के लिये रवाना हुये. 1 जनवरी को सभी खरसावां गोली कांड के शहीदों को श्रद्धांजलि देंगे. खरसवां जाने वालों में सन्नी सिंकू, नवाज हुसैन, धीरज गागराई, सीताराम लागुरी, सुहैल अहमद, जोलेन भुईया, बामेश बेहरा, शाहिद आलम, कन्दर्प गोप, कृष्णा सिंकू आदि के अलावे सैकड़ों शामिल हैं.

राज्य स्तरीय साइकिलिंग चैंपियनशिप में सरायकेला ने जीते 6 मेडल

प्रभात मंत्र संवाददाता
तिरुलडीह : झारखंड के 10वी गिरीडीह जिला में राज्य स्तरीय साइकिलिंग चैंपियनशिप में सरायकेला जिला के राइडर ने 6 पदक अपने नाम कर वापस सरायकेला जिला पहुंचे। सरायकेला खरसावां जिला साइकलिंग संघ के महासचिव दिलीप कुमार गुप्ता ने जानकारी देते हुए बताया कि गिरिडीह में साइकिलिंग चैंपियनशिप 28 से 30 दिसंबर तक आयोजित हुआ। चैंपियनशिप में बालिका वर्ग में सब जूनियर लक्की हांसदा गोल्ड मेडल, अंडर 14 वर्ग में हांसदा सिल्वर मेडल, जूनियर वर्ग में सुशीला हांसदा. सिल्वर मेडल, सब जूनियर गर्ल्स ब्रोंज मेडल एवं जूनियर में शंकर टुडू सिल्वर मेडल, सीनियर वर्ग में सुंदर मुर्मू ब्रोंज मेडल हासिल किया। टीम के साथ कोच दिलीप कुमार गुप्ता एवं टीम मैनेजर रामपद हांसदा गए थे। सरायकेला जिला के खेल पदाधिकारी अमित कुमार एवं डीएसए के सचिव दिलदार अंसारी ओलंपिक एसोसिएशन के सचिव सिकंदर महतो ने मेडल जीतने के लिए खिलाड़ियों को बधाई दी है।

भाजपा सरकार में बेरोजगारी व महंगाई से जनता त्राहिमाम : आनन्द

प्रभात मंत्र संवाददाता
जमशेदपुर : पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के आह्वान पर साकची प्रखंड के गलेरिया मॉल, पत्ता मार्केट साकची में प्रखण्ड अध्यक्ष धर्मा राव के अध्यक्षता में आम सभा सह मिलन समारोह आयोजित हुआ तथा अतिथियों का स्वागत मो सलीम एवं बाजार प्रतिनिधिमंडल के द्वारा किया गया। आम सभा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए मुख्य अतिथि आनन्द बिहारी दुबे ने कहा कि आज कांग्रेस पार्टी को चौक चौराहे, नुक्कड़, हाट, बाजार पर इसलिए सभा करने की

आवश्यकता आन पड़ी है कि देश को भाजपा सरकार एवं देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी ने कांटे भरे रास्ते में लाकर खड़ा कर दिया है, आज आम जनता महंगाई की मार से त्रस्त है, हमारे नौजवान, हमारे घर के बच्चे जो नौकरी के आस में लगातार पढ़ाई करते हैं, उनका भविष्य अंधकार मय हो गया है। जिलाध्यक्ष ने आगे कहा कि कैग ने अपने रिपोर्ट में मोदी जी के सरकार के महा-भ्रष्टाचार का खेल को पकड़ लिया है। 18 करोड प्रति किमी की खर्च पर बनने वाली सड़क को 250 करोड प्रति किमी का बजट बना कर राजस्व को लुटा गया है। कार्यक्रम में जिलाध्यक्ष आनन्द बिहारी दुबे, अवधेश सिंह, ब्रजेन्द्र तिवारी, संजय सिंह आजाद, अमर कुमार मिश्र, मो सलीम, संजय चौधरी, रविशंकर के पी, हरिहर प्रसाद, सुरेन्द्र शर्मा, संध्या दास, एस आर के कमलेश, सचिन कुमार सिंह, हैपी सिंह सहित अन्य कई नेताओं नें अपना वक्तव्य दिया। कार्यक्रम का संचालन संजय सिंह आजाद उपाध्यक्ष ने किया।

बोड़ाम में बालू से लदा हाईवा पलटा

प्रभात मंत्र संवाददाता
पटमदा : बेलटांड़-बोड़ाम मुख्य सड़क के बीच बोड़ाम बाजार के समीप स्थित पुलिया में बालू लदे एक हाईवा पलट गया। स्थानीय लोगों के अनुसार उसमें अवैध बालू लदा था जो संभवतः तिरुलडीह से पटमदा की ओर लाया जा रहा था। पाइप लाइन से जलापूर्ति हेतु ठेकेदार द्वारा खोदवाए गए गड्ढे में चक्का धंसने के कारण ही हाईवा ट्रक धीरे-धीरे पलट गया। घटना में किसी के घायल होने की सूचना नहीं है। हालांकि घटना के बाद चालक वहां से भाग निकले थे। सूचना पाकर काफी संख्या में ग्रामीण वहां पहुंचे। रविवार की सुबह करीब 8 बजे हुई घटना अत्यधिक कुहासा के कारण बताया जा रहा है।

गरीबों की मदद से करें नये साल की शुरुआत : अंसार खान

प्रभात मंत्र संवाददाता
जमशेदपुर : पूर्वी सिंहभूम जिला कांग्रेस कमेटी के जिला उपाध्यक्ष सह पश्चिम विधानसभा विधायक प्रतिनिधि मौलाना अंसार खान और समाजसेवी राजाराम पंडित के नेतृत्व में जमशेदपुर में ठंड को देखते हुए मजदूर और गरीब लोगों के बीच सुबह रोड पर चाय और बिस्किट नाश्ते का वितरण किया गया। जवाहर नगर रोड नंबर 14 से लेकर एमजीएम हॉस्पिटल तक रोड पर सोए हुए लोगों को उठाकर चाय और बिस्कुट दिया गया। दूसरी और रिक्शा चालकों को रोड पर रोक कर चाय और बिस्कुट दिया गया। लोगों ने चाय बिस्किट खाकर काफी दुआएं दी।अंसार खान ने कहा हम सब मिलकर गरीब लोगों के बीच ऐसे ही काम करें और लोगों की दुआएं ले। अंसार खान ने कहा कल से नया साल शुरू होने जा रहा है, नए साल की खुशी में लोग आतिशबाजी ना करके उस पैसे को गरीब लोगों में जाकर उन्हें अपनी तरफ से खाना खिलाए या जो हो सकता है उनकी मदद करें। ताकि किसी गरीब की दुआ आपके और आपके परिवार के लिए पूरा साल खुशी लेकर आए।

पंजीकृत मध्यस्थों से डील करें व अनियमित उत्पादों में निवेश से बचे : एनएसई

प्रभात मंत्र संवाददाता
जमशेदपुर : नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) के एमडी और सीईओ आशीष कुमार चौहान ने नव वर्ष 2024 की सभी को हार्दिक शुभकामनाएं देते हुए कहा कि एनएसई आपको विवेक और परिश्रम के साथ वित्तीय विकास की यात्रा शुरू करने के लिए प्रोत्साहित करता है। साथ ही यह सलाह भी देता है कि केवल पंजीकृत मध्यस्थों के साथ ही डील करें और कभी भी अनियमित उत्पादों में निवेश न करें। शेयर बाजार के माध्यम से निवेश दीर्घकालिक धन सृजन के लिए होता है। एक अप्रिय अनुभव निवेशकों को निराश कर सकता है, इसलिए यदि आप शेयर बाजार में

नए हैं या विशेषज्ञ नहीं हैं तो सावधानी से चलना महत्वपूर्ण हो जाता है। उच्च जोखिम वाले डेरिवेटिव या शेयर बाजार में बार-बार ट्रेडिंग करने के नुकसान से बचें। भारत की विकास गाथा में प्रतिबद्ध भागीदार बनंट और उज्जवल भविष्य का मार्ग प्रशस्त करें। दीर्घकालिक निवेश आमतौर पर पिछले अनुभवों के आधार पर बेहतर परिणाम देते हैं।

तिरुलडीह में आयोजित फुटबॉल प्रतियोगिता में आरपी सिंह टीम बना विजेता

प्रभात मंत्र संवाददाता
तिरुलडीह : रविवार को कुकडू प्रखंड क्षेत्र के पुराना फुटबॉल मैदान तिरुलडीह में पोष माह के द्वितीय रविवार के अवसर पर आठ दलीय फुटबॉल प्रतियोगिता एवं मुर्गा लड़ाई का आयोजन किया गया। इस फुटबॉल प्रतियोगिता में आजसू पार्टी के केंद्रीय महासचिव हरेलाल महतो, पूर्व जिला परिषद उपाध्यक्ष अशोक साव, तिरुलडीह थाना प्रभारी चित्तरंजन कुमार, तिरुलडीह के मुखिया रामबालक सिंह मुंडा, चौड़ा के मुखिया प्रतिनिधि रामलाल सिंह मुंडा समेत कई जनप्रतिनिधि शामिल

हुए। प्रतियोगिता का फाइनल महतो स्पोर्टिंग तिरुलडीह बनाम आरपी सिंह चौड़ा पांड्रा के फुटबॉल टीम के बीच खेला गया। जिसमें आरपी सिंह चौड़ा पांड्रा की टीम एक गोल से विजयी हुई। विजेता आरपी सिंह चौड़ा पांड्रा को 13 हजार रुपये एवं उपविजेता महतो स्पोर्टिंग तिरुलडीह को 10 हजार रुपये नगद राशि देकर पुरस्कृत किया गया। मौके पर झामुमो प्रखंड अध्यक्ष इंद्रजीत महतो, आजसू प्रखंड अध्यक्ष अरुण महतो, निखिल महतो, असलम अंसारी, अफरोज अंसारी, मानिक बनर्जी, नरोत्तम गोप, बबसन सिंहा, सफाई अंसारी आदि उपस्थित थे।

साकची अग्रसेन भवन में श्याम प्रमियों ने सांवरिया संग मनाया नव वर्ष 2024

प्रभात मंत्र संवाददाता
जमशेदपुर : शहर के विभिन्न धार्मिक संस्थाओं से जुड़े श्याम प्रेमियों ने रविवार की रात पुराने साल 2023 कि विदाई और नये साल 2024 का स्वागत बाबा श्याम के दरबार में भजनों के साथ धूमधाम से किया। 'नव वर्ष सांवरिया के संग' मनाने हेतु साकची श्री अग्रसेन भवन में श्याम बाबा का भव्य दरबार सजाया गया था। रविवार की संध्या 07.30 बजे से बाबा श्याम की पूजा अर्चना, ज्योत प्रज्जवलित सहित रात 08.30 बजे से श्री गणेश वंदना से भजनों का शुभारंभ हुआ। यजमान शकुंतला- बनवरी लाल अग्रवाल (ग्वाला बस्ती, टेल्को) ने पूजा की और पंडित रामजी पारिक ने पूजा करायी तथा सबको रक्षा सूत्र बांधा। इस अवसर पर स्थानीय भजन गायक क्रमशः महावीर खण्डेलवाल, अनुभव अग्रवाल, कविता अग्रवाल एवं चंचल काशवी द्वारा बाबा श्याम के चरणों में की गयी भजनों की अमृत वर्षा ने भक्तों को झूमने पर मजबूर कर दिया। इस धार्मिक कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण श्याम बाबा का भव्य दरबार, केक कटिंग, छप्पन भोग, अखंड ज्योत, श्याम रसोई प्रसाद, भजनों की अमृत वर्षा था। सभी श्याम भक्तों ने प्रसाद (श्याम रसोई) ग्रहण किया। इस धार्मिक कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रमुख रूप से मनोज अग्रवाल, श्याम अग्रवाल, पंकज छावछरिया, रतन अग्रवाल, राजेश चौधरी, विक्की अग्रवाल, लालचंद अग्रवाल, राजेश अग्रवाल, मालीराम अग्रवाल, विकास अग्रवाल, शैलश अग्रवाल, राजेश मार्वाडिया, चंदन अग्रवाल, मुकेश अग्रवाल, अनिल शर्मा, प्रमोद अग्रवाल आदि का योगदान रहा।

2023 में वर्ल्ड लेबल पर चर्चा के केंद्र में रहा भारत

साल 2023 भारतीय डिप्लोमेसी के लिहाज के बेहद खास वर्ष रहा. इस साल भारत ने दुनिया की 20 बड़ी अर्थव्यवस्थाओं के समूह जी-20 और शंघाई कोऑपरेशन ऑर्गनाइजेशन की अध्यक्षता की. जी 20 समिट के दौरान तमाम राष्ट्रों के राष्ट्राध्यक्ष भारत पहुंचे. पूरे साल विश्व में चर्चा का केंद्र भी भारत बना रहा. खास बात ये रही कि इन इंवेंट्स के अलावा भी भारत में इस साल जर्मनी, इटली सहित 7 बड़े देशों के नेता नई दिल्ली पहुंचे. इन नेताओं का भारत दौरे पर आना साफ संदेश देता है कि भारत के साथ विदेशों के रिश्ते तेजी से बढ़ रहे है.इस साल की शुरुआत में सबसे पहले भारत पहुंचने वाले नेता थे जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज. वह दो-दिवसीय यात्रा पर भारत आए थे.चांसलर स्कोल्ज की यह यात्रा इसलिए भी खास थी, क्योंकि उनकी 2021 में जर्मनी का चांसलर बनने के बाद वह पहली बार भारत आए थे. इतना ही नहीं स्कोल्ज पहले किसी अन्य देश के मंत्री है, जिन्होंने भारत में स्टैंडअलोन यात्रा की है.जर्मन चांसलर के यात्रा के दौरान उनकी और पीएम मोदी के बीच कई महत्वपूर्ण द्विपक्षीय मुद्दों, क्षेत्रीय एवं अंतरराष्ट्रीय विषय पर चर्चा हुई. साथ ही जर्मनी ने हरित और सतत विकास में साझेदारी को लेकर भारत में अपने विकास सहयोग के तहत 10 बिलियन की नई और अतिरिक्त प्रतिबद्धता को सहमति दी. साथ ही हरित हाइड्रोजन में सहयोग की बात की गई. इसके अलावा भी कई पहलुओं पर समझौता हुआ और हस्ताक्षर किए गए. इस यात्रा के दौरान जर्मनी के चांसलर ओलाफ स्कोल्ज ने कहा कि भारत ने काफी तरक्की की है और यह दोनों देशों के बीच संबंधों के लिए बहुत अच्छा है. उन्होंने कहा कि पिछली बार जब मैंने भारत का दौरा किया था तब से अब तक बहुत कुछ बदल गया है. यह देश वास्तव में विकास कर रहा है. 2 से 3 मार्च को इटली की प्रधानमंत्री जियोर्जिया मिलोनी भारत पहुंची थी. यह यात्रा दोनों देशों के लिए इसलिए भी महत्वपूर्ण था, क्योंकि यह जियोर्जिया की पहली आधिकारिक यात्रा थी. इस दौरान भारत-इटली संबंधों को रणनीतिक साझेदार के तौर पर बढ़ाने की बात की गई.दोनों देशों के बीच आर्थिक दृष्टिकोण से देखें तो भारत इटली स्टार्टअप ब्रिज की घोषणा की गई, प्रवासन और गतिशीलता पर घोषणा की गई. साथ ही ये भी तय किया गया कि दोनों देश मिलकर संयुक्त सैन्य अभ्यास को रेगुलर करने की कोशिश करेंगे.यात्रा के दौरान उन्होंने कहा कि भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिस रेटिंग पर पहुंच गए हैं, वो दुनिया के सबसे चहेते नेताओं में से एक हैं.ऑस्ट्रेलिया के प्रधानमंत्री एंथोनी अल्बनीज 8 से 11 मार्च को चार दिवसीय दौरे पर भारत पहुंचे थे. बतौर प्रधानमंत्री इनकी भी यह पहली भारत यात्रा थी. एंथनी ने अपनी चार दिवसीय यात्रा की शुरुआत साबरमती आश्रम से की थी. इस यात्रा के बाद अल्बनीज ने भारत के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की तारीफ करते हुए कहा कि वह एक शानदार मेजबान हैं और हमारे बीच गहरा संबंध कायम हुआ है.अल्बनीज ने सोशल मीडिया पर कहा, साल 1991 में जब मैं यहां बैगपैकर था तब से भारत में बहुत बदलाव आया है। लेकिन भारतीयों की गर्मजोशी पहले के जैसी ही मजबूत है.ऑस्ट्रेलिया के पीएम की इस यात्रा के बाद से भारत और ऑस्ट्रेलिया के संबंध मजबूत हुए है. इस साल पहली बार भारत, अमेरिका और जापान की नौसेनाओं ने ऑस्ट्रेलिया के बाहर एक साथ अभ्यास किया. इस यात्रा के बाद ऑस्ट्रेलियाई पीएम एंथोनी ने कहा कि हिंद महासागर दोनों देशों की सुरक्षा और समृद्धि का केंद्र है.ऑस्ट्रेलिया के लिए भारत एक शीर्ष स्तरीय सुरक्षा भागीदार है.इसके अलावा दोनों देशों के बीच सौर टास्क फोर्स, ग्रीन हाइड्रोजन, खेल में सहयोग सहित कई समझौता ज्ञापन पर भी हस्ताक्षर किए गए. इस कड़ी में अगला देश है जापान. 20 से 21 मार्च के बीच जापान के प्रधानमंत्री फिमियो किशिदा भारत दौरे पर पहुंचे. इस दौरान पीएम किशिदा ने अगले 5 सालों में भारत में 3.2 लाख करोड़ रुपये का निवेश करने का ऐलान किया था. इसके अलावा जापान 2030 तक इंडो पैसेफिक बुनियादी ढ़ाचो के लिए 75 बिलियन डॉलर की सार्वजनिक और निजी पूंजी जारी करने की भी बात किया.नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने 31 मई से 3 जून 2023 तक भारत के दौरा पर थे. इस दौरान उनके साथ 80 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल भी था, जिसमें नेपाल के विदेश मंत्री, वित्त मंत्री, भौतिक बुनियादी संरचना और परिवहन मंत्री, उद्योग, वाणिज्य और आपूर्ति मंत्री, ऊर्जा, जल संसाधन और सिंचाई मंत्री शामिल थे. चार दिवसीय यात्रा इस दौरे के दौरान भारत और नेपाल के बीच छह परियोजनाओं का शुभारंभ किया गया. इतना ही नहीं दोनों देशों के बीच सात समझौता ज्ञापनों पर भी हस्ताक्षर किया गया. इसके अलावा इस यात्रा के दौरान भारत और नेपाल के बीच मोतिहारी-अमलेखगंज यानी दक्षिण एशिया की पहली सीमा पार पेट्रोलियम पाइपलाइन के विस्तार पर भी समझौता हुआ. दोनों देशों के बीच संपर्क और पर्यटन को कैसे बढ़ावा दिया जाए इस पर भी चर्चा हुई. इस साल की छठी यात्रा थी श्रीलंका के राष्ट्रपति रानिल विक्रमसिंघे की भारत यात्रा. रानिल ने 21 जुलाई को देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की. इस दौरान श्रीलंका के राष्ट्रपति ने अपने देश में लोकतंत्र, स्थिरता और आर्थिक सुधार को लेकर पीएम से बातचीत की और भारत ने विश्वास दिलाया कि हम समय आने पर आपसे बात करेंगे।

चुनाव भाजपा ने मोदी जी के चेहरे पर लड़ा और वहां के मतदाताओं ने मोदी जी की गारंटी पर भरोसा दिखाया

मोदी जी की गारंटी में दम है

विकास खितौलिया

> मोदी जी की गारंटी को जनता जानती है, मोदी जी ने जो भी वादे किए, वह पूरे किए। यही पैटर्न उन्होंने गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए अपनाया था। आपको एक वाकया याद दिला दूं, जब कांग्रेस ने वहां लोगों को लुभाने के लिए मकान के वायदे किए और रजिस्ट्रेशन भी करवाने लगे कि वे जैसे ही सत्ता में आएंगे, मकान देंगे। लोगों ने फिर भी कांग्रेस को वोट नहीं दिया।

हार और जीत तो चुनाव के अंग हैं, लेकिन हालिया विधानसभा चुनावों में जिस तरह से कांग्रेस को मुंह की खानी पड़ी है, वह उसके लिए खतरे की घंटी है। मोदी की गारंटी के दम पर भाजपा ने हिदी पट्टी के तीन राज्यों राजस्थान, मध्य प्रदेश और छत्तीसगढ़ के विधानसभा चुनाव में प्रचंड जीत हासिल की है। वहीं कांग्रेस के खाते में सिर्फ दक्षिण का एक राज्य तेलंगाना आया है। भाजपा ने कांग्रेस को दो राज्यों में सत्ता से बेदखल कर दिया, जबकि एक राज्य में वह सत्ता-विरोधी लहर की आशंका के बीच सफल रही, बल्कि एक बड़ी कांग्रेस ने जीत भी उसने हासिल की। दक्षिण में भाजपा के लिए कोई बड़ी उम्मीद नहीं थी, और यही बात पूर्वोत्तर के लिए भी कही जा सकती है, इसलिए वहां की चर्चा जरूरी नहीं है। शेष तीन राज्यों में भाजपा और कांग्रेस आमने-सामने थी, यह चुनाव भाजपा ने मोदी जी के चेहरे पर लड़ा और वहां के मतदाताओं ने मोदी जी की गारंटी पर भरोसा दिखाया। लगातार पिछले 30 वषरे से राजस्थान में एक बार भाजपा, तो एक बार कांग्रेस को सत्तारूढ़ होने का जनता मौका देती रही है, फिर भी कांग्रेस अपनी प्री की रेविड़यों, लोकलुभावन घोषणाओं में अपने लिए जीत ढूंढ़ रही थी, जबकि भाजपा ने कांग्रेस के वुशासन, तुष्टिकरण की राजनीति और भ्रष्टाचार को मुद्दा बनाया। लोगों ने दोनों दलों की बातों को अनुभव की कसौटी पर कसा और प्री की रेविड़यों के जोर पर सत्ता हथियाने निकली कांग्रेस के हवा-हवाईं दावे को दरकिनार कर दिया। वहीं छत्तीसगढ़ में भाजपा ने इस बार जब अपना चुनाव अभियान शुरू किया, उसे भूपेश बघेल सरकार की किसान-समर्थक, आदिवासी-समर्थक और गरीबसमर्थ क प्री की रेविड़यों, लोकलुभावन योजनाओं का मुकाबला करने की कठिन चुनौती का सामना करना पड़ा, ऐसा लग रहा था कि कांटे की टक्कर होगी, कांग्रेस छत्तीसगढ़ में अपनी सत्ता बनाए रखने की उम्मीद कर रही थी। दोनों परटियों ने अपने घोषणापत्र में समाज के विभिन्न वर्गों को रियायतें देने की पेशकश की थी। भूपेश बघेल सरकार पर भ्रष्टाचार के आरोप लगे, जिसने भाजपा को मौका दे दिया। ट्राइबल एरिया होने के बावजूद भाजपा इतनी सीटें ला सकी। इसका सीधा सा जवाब है भाजपा ने वहां भी अपनी पहुंच बनायी है। रही बात मध्य प्रदेश की, तो कांग्रेस ने पूरी कोशिश की शिवराज सिह चौहान को घेरकर वह अपने लिए रास्ता बना ले, लेकिन जनता ने बता दिया कि वह क्यों अपने मामा से इतना प्रेम करती है। उसने पहले से भी अधिक सीटें देकर भाजपा को सत्ता-सदन की चाबी सौंप दी। 2018 के चुनावों में भाजपा को मध्य प्रदेश में हार का सामना करना पड़ा था, क्योंकि उस वत्त एमपी के ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों की सीटों में कमी हुईं थी। हालांकि, इसके एक साल पहले 2017 में गुजरात में भी यही स्थिति देखने को मिली थी, लेकिन तब शहरी क्षेत्रों में वोट प्रतिशत के कारण सरकार बच गई थी। इस बार मध्य प्रदेश में भाजपा ने शहरी के साथ-साथ ग्रामीण विधानसभा क्षेत्रों की सीटों में इजाफा किया। मध्य प्रदेश में भाजपा ने 75 फीसदी तक वोट ग्रामीण क्षेत्रों से हासिल किया, जो पिछले विधानसभा चुनाव में शून्य था। मोदी जी के जो कार्य हैं और जिस तरह से उन्होंने अपनी पीठ गरीबों के बीच बनायी है, उससे अब प्रो-इनकम्बेन्सी पैक्टर उभर कर आया है। अगर कोईं पाटा अच्छा काम कर रही है, प्रगति के काम हो रहे हैं, तो जनता उसे डिरेल नहीं करना चाहती। तेलंगाना में भी भाजपा ने बहुत सुधार किया है और शायद अगली बार शायद वहां भी जीत हासिल कर पाएं। मोदी जी की गारंटी को जनता जानती है, मोदी जी ने जो भी वादे किए, वह पूरे किए। यही पैटर्न उन्होंने गुजरात का मुख्यमंत्री रहते हुए अपनाया था। आपको एक वाकया याद दिला दूं, जब कांग्रेस ने वहां लोगों को लुभाने के लिए मकान के वायदे किए और रजिस्ट्रेशन भी करवाने लगे कि वे जैसे ही सत्ता में आएंगे, मकान देंगे। लोगों ने फिर भी कांग्रेस को वोट नहीं दिया। कांग्रेस की विश्वसनीयता नहीं है की वह वादे पूरा करे, ऊपर से भ्रष्टाचार के आरोप परन्तु मोदी जी की पूरी गारंटी है वह जो बोलते हैं, वो करते हैं। अगर वह बोलते हैं कि इकोनॉमी 5 ट्रिलियन की होगी, समृद्धि होगी तो वैसा होता है। यह पूरी दुनिया देख रही है। अगर वह शांति की, विकास की बातें करते हैं, आतंकवाद के खिलाफ बोलते हैं, तो बिल्वुल वैसा ही होता है। भाजपा ने एक मॉडल बनाया है, जिसमें विकास प्राथमिक है। आप कोईं भी फील्ड देख लें। चाहे सड़क हो, वाटरवेज हो, एयरपोट्र्स हों, आप वुछ भी देखें और यह चीजें सबके सामने हैं। सबसे बड़ी बात ये है कि गरीब जो हैं, जो आज पीएम मोदी जी से खुद को जोड़ रहे हैं। सरकार की कल्याणकारी योजनाएं गरीबों तक पहुंच रही हैं। आपने देखा कि किस तरह सरकार ने पांच साल के लिए अनाज वाली योजना बढ़ा दी। यह अपने आप में बहुत बड़ा काम है, इसके अलावा अनेकों योजनाएं गरीबों के लिए चल रही हैं। इसीलिए, मोदी की गारंटी का मतलब है कि उन्होंने जो वादा किया, पूरा किया। विकास होगा ही। प्रधानमंत्री मोदी जी विकास का सबसे बड़ा चेहरा बनकर उभरे हैं। वह जब भी बोलते हैं, देश की प्रगति के बारे में बात करते हैं, देश को सशत्त बनाने की बात करते हैं। वह विकास-पुरुष के तौर पर लोगों के मन में हैं। मोदी जी मतलब केवल हाड़मांस का पुतला नहीं, वह विकास की एक विचारधारा हैं। तो, वही विचारधारा जो है, वह हरेक जगह दिखनी चाहिए इसलिए आपको किसी भी चुनाव में मोदीजी का चेहरा ही दिखेगा। एजेंडा ही वही है। मोदी मतलब विकास, भाजपा का वही एजेंडा ही है। इसलिए, आपको हरेक जगह विकास मिलेगा। विपक्ष भले ही आलोचना कर ले, लेकिन क्या वह एक वैकल्पिक चेहरा ला पायी है, जो मोदीजी का मुकाबला कर सके? भाजपा एक अनुशासित पाटा है। वहां हमेशा कोईं न कोईं चेहरा रहा है। एक समय वाजपेयीजी और आडवाणीजी चेहरा थे। अटलजी विकासपुरुष बनकर उभरे थे, जब उन्होंने नदीजोड़ योजना या फिर स्वणिम चतुर्भुज योजना की बात की। देखा जाए, तो कांग्रेस को अब संभल जाना चाहिए। राहुल गांधी केवल मोदीजी को, भाजपा को गाली देते हैं, समाज को बांटने का प्रयास करते हैं। भारत की जनता बहुत समझदार है। वह सिर्प आलोचना करने के लिए भाजपा का विरोध न करे। उसे यह समझना होगा कि आज की जनता सब वुछ जानती है। कांग्रेस आत्मचितन करे और देश की प्रगति के बारे में बात करे, कोईं मॉडल बनाए, ताकि देश की प्रगति हो, राजनीति का स्तर ऊंचा हो, केवल गुस्सा और गालीगलौज नहीं हो। 2024 का लोकसभा चुनाव अब सिर्प चार पांच महीने दूर है।

दृष्टि कोण

गालिब ने 1857 के गदर पर क्यों कलम नहीं उठाईं

मिर्जा मोहम्मद असादुल्लाह बेग खान यानी मिर्जा गालिब एक से बढ़कर एक कालजयी शेर कहते हैं। कौन सा हिन्दुस्तानी होगा जिन्हें गालिब साहब के कहे ''हज़ारों ख़्वाहिशें ऐसीं, कि हर ख़्वाहिश पर दम निकले, बहुत निकले मेरे अरमान लेकिन फिर भी कम निकले..''और ''हमको मालूम है जन्नत की हक़ीक़त, लेकिन, दिल के खुश रखने को ग़ालिब ये ख़याल अच्छा है..'' जैसे शेरों को सुन-सुनकर आनंद ना मिलता हो। गालिब अपनी शायरी में वे सारे दुख, तकलीफ औरत्रासदियों का जिव्रा करते हैं जिससे वे महान शायर बनते हैं। लगता है कि गालिब में भी एक आम आदमी की कईं कमजोरियाँ थीं। ग़ालिब ने अपने जीवन में भी कईं दुःख देखे। उनके सात बच्चे थे लेकिन सातों की मृत्यु हो गईं थी।उनकी माली हालत तो कभी बहुत बेहतर नहीं रही। वे जीवनभर किराए के घर में ही रहे। दिल्ली-6 में जहाँ गालिब की यादगार बनी है, वे वहां पर ही वे एक किराए के घर में रहते थे। वे मशहूर तो अपने जीवनकाल में हो गए थे, पर पर्याप्त पैसा उनके पास नहीं था। खैर, मिर्ज़ा ग़ालिब वर्ष 1827 में दिल्ली से कोलकाता गए थे। वे दिल्ली से कोलकाता जाते वत्त कानपुर, लखनऊ, बाँदा, इलाहाबाद होते हुए बनारस पहुँचे। वे बनारस में छह महीने ठहरे। वहां गालिब ने दिल्ली और दिल्ली के अपने दोस्तों को भी बड़ी शिद्दत के साथ याद किया। ग़ालिब लिखते हैं कि जब से क़िस्मत ने उन्हें दिल्ली से बाहर निकाल दिया है, उनके जीवन में एक तूफ़ान उठ खड़ा हुआ है। अब न कोईं उनका हमदर्द है न ही उनका कोईं वतन है। अपने उसी बनारस प्रवास के दौरान ग़ालिब ने बनारस के बारे में फ़ारसी में एक प्रसिद्ध मसनवी की रचना की, जिसे 'चिराग़-ए-दैर' के नाम से जाना जाता है। मसनवी उर्दू कविता का ही एक है रूप जिसमें कहानी क़िस्से रचे जाते हैं। ग़ालिब ने अपनी इस मसनवी में बनारस के तमाम रंगों और विविध छटाओं को बखूबी उकेरा है। गालिब 29 नंवबर 1829 को वापस अपने शहर दिल्ली आ गए। उसके बाद उनके बल्लीमरान के घर में फिर से दोस्तों आना-जाना चालू हो गया। उनका शेष जीवन दिल्ली की गलियों में ही गुजरा। उर्दू शायरी गालिब के बिना अधूरी है। ''उनके देखे से जो आ जाती है मुँह पर रौनक, वो समझते हैं कि बीमार का हाल अच्छा है..''अब भी गालिब की शायरी के शैदाईं इस शेर को बार-बार पढ़ते हैं। उनका एक और शेर पढ़ें। ''रोने से और इश्क़ में बेबाक हो गए..धोए गए हम इतने कि बस पाक हो गए..''। गालिब के वुल 11 हजार से अधिक शेर जमा किये जा सके हैं। उनके खतों की तादाद 800 के करीब थी। वे फक्कड़ शायर थे। गालिब के हर शेर और शायरी में वुछ अपना सा दर्द उभरता है। पर गालिब तब लगभग चुप क्यों थे जब दिल्ली में पहली जंगे आजादी की लड़ाईं लड़ी जा रही थी। 11 मईं, 1857 को मेरठ में अंग्रेजों को रौंदने के बाद बागी सिपाही पहले हिडन और फिर यमुना नदी को नावों से पार करके सलीमगढ़ के रास्ते भोर में ही दिल्ली में दाखिल हो गए थे। इनके निशाने पर यहां पर काम कर रहे गोरे और ईंसाईं बन गए हिन्दुस्तानी थे। ये सब उस दौर में दिल्ली के दिल दरियागंज में काफी संख्या में रहते थे। बागियों ने जामा मस्जिद के उर्दू बाजार में स्थित दिल्ली बैंक को लूटा। कश्मीरी गेट की सेंट जेम्स चर्च को भी बुरी तरह से क्षतिग्रस्त किया। उस समय हर ओरदिल्ली में अव्यवस्था का आलम था। बागियों ने बहादुरशाह ज़फर को हिन्दुस्तान का बादशाह घोषित कर दिया और इसके साथ ही दिल्ली उनके कब्जे में थी। गालिब खुद मुगल बादशाह बहादुर शाह जफर के पास ही काम करते थे। यानी गालिब ने1857 में भारतीय स्वतंत्रता का पहला युद्ध अपनी आँखों के सामने से देखा था। गालिब जहां र्निविकार भाव से उस गदर को देख रहे थे, तब दिल्ली के एक पत्रकार- संपादक मौलाना मोहम्मद बकर को 1857 में गोरी सरकार ने गदर को वुचलने के बाद फांसी पर लटका दिया था। वे शिया मुसलमान थे। बकर साहब का जुर्म इतना भर था कि वे गोरी सरकार के खिलाफ निभाकता से लिखते थे। वे ''देहली उर्दू'' अखबारके संपादक थे। आजादी की जंग के खत्म होते ही बकर साहब को गिरफ्तार कर लिया गया। उन्हें 14 दिसंबर, 1857 को फांसी पर लटका दिया गया। देहली उर्दू अखबार 1836 में चालू हुआ था।

कुछ अलग

यहीं बिकते हैं सर्वाधिक फीचर फोन...और बनी रहेगी मांग

भारत सचमुच विचित्रताओं का देश है। जहां पूरी दुनिया में स्मार्टफोन की मांग लगातार बढ़ रही है, वहीं भारत में फीचर फोन अब भी उन लोगों की पहली पसंद हैं, जो महंगे स्मार्टफोन नहीं खरीद सकते। सिंगापुर, ताईवान और ऑस्ट्रेलिया जैसे देशों ने 2जी नेटवर्क को अलविदा कह दिया है, पर अपने यहां 2जी नेटवर्क के सहारे साधारण फीचर फोन कम कीमत, ज्यादा बैटरी लाइफ, संगीत सुनने की सुविधा व बेसिक इंटरनेट सेवा के साथ लोगों को ऑनलाइन जोड़ रहा है। फीचर फोन से तात्पर्य उन मोबाइल फोन से है, जिनका प्रयोग वॉयस कॉलिंग और टेक्स्ट मैसेज के लिए किया जाता है। इनमें बेसिक मल्टी मीडिया सुविधा भी होती है, जिससे ऑडियो-वीडियो सुविधाओं का आनंद उठाया जा सकता है। ये बहुत कम कीमत में उपलब्ध हैं। जबकि स्मार्टफोन इंटरनेट आधारित हैं, जो बात करने के अलावा, इंटरनेट की दुनिया में एप सुविधाओं के साथ असीमित विकल्प देते हैं। ये फीचर फोन के मुकाबले महंगे होते हैं और इनकी परिचालन कीमत भी महंगी होती है। वैसे भी देखा गया है कि शहरों में आजकल लोग दो फोन का इस्तेमाल कर रहे हैं-बात करने के लिए साधारण फीचर फोन और इंटरनेट इस्तेमाल करने के लिए स्मार्टफोन। स्टेटिस्टा की एक रिपोर्ट के अनुसार, 2023 में, भारत में फीचर फोन बाजार से उत्पन्न राजस्व आश्चर्यजनक रूप से 2.2 अरब अमेरिकी डॉलर होगा। यह दुनिया भर में सबसे ज्यादा होगा। साइबरमीडिया रिसर्च (सीएमआर) की एक रिपोर्ट के अनुसार, भारत के फीचर फोन बाजार में 2023 की दूसरी तिमाही में उल्लेखनीय वृद्धि देखी गई। रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि 2जी फीचर फोन शिपमेंट की वृद्धि स्थिर रही, जबकि 4जी फीचर फोन शिपमेंट में तेज वृद्धि देखी गई। 4जी फीचर फोन शिपमेंट में सालाना आधार पर 108 फीसदी की महत्वपूर्ण वृद्धि दर्ज की गई। अपने यहां फीचर फोन की लोकप्रियता बरकरार रहने का बड़ा कारण इसका एक औसत भारतीय के लिए सस्ता होना है। इसके अलावा, यह बिजली की कम उपलब्धता में भी चलता है। दरअसल स्मार्टफोन की बैटरी जल्दी खर्च होती है, जिस कारण उसे बार-बार चार्ज करना पड़ता है। जबकि फीचर फोन की बैटरी एक बार चार्ज करने के बाद लंबे समय तक चलती है। फीचर फोन पुश बटन पर चलते हैं। इसे चलाने के लिए किसी तरह की विशेषज्ञता की जरूरत नहीं होती। अशिक्षा की वजह से इन फोन में व्याप्त इंटरनेट की बेसिक सुविधाओं का भी इस्तेमाल नहीं किया जाता। भारतीय परिस्थितियों में फोन को संभालना भी एक बड़ा काम है। लेकिन फीचर फोन चाहे गिर ही क्यों न जाए या इसके पीछे का ढक्कन ही क्यों न खुल जाए, फिर भी ये फोन चलते हैं और बेहद टिकाऊ होते हैं। एक बार फीचर फोन खरीदने के बाद इसे पांच से छह साल तक आसानी से चलाया जा सकता है। फीचर फोन को हैक किए जाने का खतरा कम होता है, और ये उपभोक्ता की निजता की रक्षा भी बेहतर ढंग से करते हैं। अपने यहां फीचर फोन की मांग ग्रामीण इलाकों में ज्यादा है, जहां मनोरंजन के साधन के रूप में सिर्फ इंटरनेट का इस्तेमाल अब भी एक महंगा विकल्प है। वहां पुराने जमाने के मोबाइल गेम्स खेलना, सीखना और सिखाना आसान है। नोकिया का स्नेक गेम भला कौन भूल सकता है! फीचर फोन में कई ऐसे गेम्स आते हैं, जिन्हें आज भी खेलना काफी मनोरंजक होता है। इसके अलावा बगैर इंटरनेट के एफएम सुनने का विकल्प उपलब्ध होना भी फीचर फोन की लोकप्रियता बरकरार रहने का एक बड़ा कारण है।

देश दुनीया से

राजनीति के 'दूषित' माहौल में वास्तविक अर्थ खोज रहे हैं शब्द

> लोकतंत्र, समाजवाद, स्वतंत्रता, देशभक्ति, आदि ऐसे शब्द हैं, जिनके कई-कई अर्थ है, लेकिन इन शब्दों को एक दूसरे की जगह पर नहीं रखा जा सकता। अब लोकतंत्र शब्द को ही ले लीजिए-सिर्फ यही नहीं कि इसकी कोई सर्वस्वीकृत परिभाषा नहीं है, बल्कि इसकी कोई एक परिभाषा तय करते ही चारों तरफ से इसका विरोध शुरू हो जाएगा। हालांकि तमाम लोग यह मानते हैं कि किसी देश को लोकतांत्रिक बताना वस्तुत: उसकी प्रशंसा करना है : इसका नतीजा यह है कि कोई देश चाहे लोकतांत्रिक हो या नहीं, उसके समर्थक उसे लोकतंत्र ही बताते हैं। उन्हें इसका डर भी सताता है कि अगर लोकतंत्र का कोई एक अर्थ तय कर दिया गया, तब वह अपने देश के लिए लोकतंत्र शब्द का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। ऐसे शब्दों का इस्तेमाल जान-बूझकर बेईमानी के इरादे से किया जाता है।'

आज के समय में, जब अपने राजनीतिक विश्वास के समर्थन में बातें कही जाती हैं, और जब सुनियोजित साजिश के तहत बातें उघाड़ी और छिपाई जाती हैं, तब ऑरवेल के सुनहरे दिनों में लौटना सुखद होगा, जिनका गद्य आज भी लेखन की कसौटी है। अपने एक बहुपठित लेख में, ऑरवेल ने बताया था कि राजनीति किस तरह शब्दों को दूषित करती है, वह लिखते हैं, 'फासिज्म का अर्थ घटते-घटते अब सिर्फ एक ऐसा शब्द रह गया है, जिसका आशय है अवांछित । लोकतंत्र, समाजवाद, स्वतंत्रता, देशभक्ति, आदि ऐसे शब्द हैं, जिनके कई-कई अर्थ है, लेकिन इन शब्दों को एक दूसरे की जगह पर नहीं रखा जा सकता। अब लोकतंत्र शब्द को ही ले लीजिए-सिर्फ यही नहीं कि इसकी कोई सर्वस्वीकृत परिभाषा नहीं है, बल्कि इसकी कोई एक परिभाषा तय करते ही चारों तरफ से इसका विरोध शुरू हो जाएगा। हालांकि तमाम लोग यह मानते हैं कि किसी देश को लोकतांत्रिक बताना वस्तुतः उसकी प्रशंसा करना है : इसका नतीजा यह है कि कोई देश चाहे लोकतांत्रिक हो या नहीं, उसके समर्थक उसे लोकतंत्र ही बताते हैं। उन्हें इसका डर भी सताता है कि अगर लोकतंत्र का कोई एक अर्थ तय कर दिया गया, तब वह अपने देश के लिए लोकतंत्र शब्द का इस्तेमाल नहीं कर पाएंगे। ऐसे शब्दों का इस्तेमाल जान-बूझकर बेईमानी के इरादे से किया जाता है।' मैंने उनके लेख, पॉलिटिक्स ऐंड इंग्लिश लैंग्वेज से यह लंबा पैराग्राफ उद्धृत किया, क्योंकि उन्होंने फासिज्म के पतन और उदारवादी, लोकतांत्रिक विश्व व्यवस्था के उदय के दौरान वर्ष 1946 में जो कहा था, वह राजनीतिक वितंडावाद के मौजूदा दौर में भी गहरे तौर पर याद रखने लायक है। स्थिति यह है कि अपनी सच्चाई साबित करने के लिए आज शब्दों का नए सिरे से इस्तेमाल किया जाता है, और हमें ऐसा लगता है कि जो हम सुन रहे हैं, वह महज वास्तविकता नहीं, बल्कि हमारे अस्तित्व से जुड़ा विवाद है। फासिज्म के उभार से संबंधित न सिर्फ बातें की जाती हैं, बल्कि यही हर दौर में विमर्श तय भी करता है। आज जब यूक्रेन इस शताब्दी की सबसे बड़ी दबंगई से जूझ रहा है, तब पुतिन और उनके समर्थक जेलेंस्की के पराक्रम को फासिज्म बताते हैं। इससे कोई मतलब नहीं कि इस संदर्भ में पुतिन के लिए फासिज्म शब्द ज्यादा उपयुक्त है, जिसका वास्तविक अर्थ है राष्ट्र की नियति पर ज्यादा जोर देना और इस प्रक्रिया में राष्ट्र को लगी चोट, उसका हुआ अपमान और राष्ट्र के गौरव की बात सुनियोजित ढंग से बार-बार उभारना। जब शब्द इतिहास की बाड़ेबंदी से बाहर निकलकर विभिन्न भूगोलों और विचारधाराओं में विचरण करते हैं, और फिर एक दूसरे समय की बाड़ेबंदी में रुककर गोला-बारूद की भूमिका निभाने लगते हैं, तब वे एक विवादास्पद वास्तविकता की बुनियाद बन जाते हैं। इन शब्दों से जो कहानियां बनती हैं, वे अच्छे और बुरे के बीच स्पष्ट विभाजक रेखा खींच राजनीति को नैतिक ड्रामा में बदल देती हैं। ऑरवेल ने और जिन तीन शब्दों- लोकतंत्र, स्वतंत्रता और देशभक्ति-का जिक्र किया, उनका ही उदाहरण ले लीजिए। इन शब्दों की सुस्पष्ट परिभाषा के बिना पहचान और राष्ट्रीय नियति के बारे में आज कुछ कहा ही नहीं जा सकता। लोकतंत्र का अर्थ सिर्फ वह नहीं है, जिस बारे में एक देश में रहने वाले लोग बताते हैं कि यह शासन की सर्वोत्तम प्रणाली है। लोकतंत्र के समर्थन में उनके बोलने के बावजूद इसकी सीमाओं और इसकी विशेषताओं के बारे में बहुत कुछ अनकहा रह जाता है। जब एक अधिनायकवादी अपने लोगों पर शासन करने को लोकतंत्र कहता है, तब वह झूठ बोलता है। विडंबना यह है कि अधिनायकवादी हमेशा ही यह झूठ बोलते हैं। ऑरवेल द्वारा उद्धृत किए एक दूसरे शब्द स्वतंत्रता को आज भी लगातार लोकतंत्र के अर्थ में इस्तेमाल किया जाता है। जिन्होंने स्वतंत्रता को संपूर्ण सत्य का दर्जा दिया हो, उस प्रगतिशील वर्ग की नैतिकता भी सांस्कृतिक, ऐतिहासिक और नस्लीय मुद्दों पर समझौते करती रही है। ताजातरीन सामाजिक तकनीकों ने अतीत की खुदाई के जरिये वर्तमान के पुनर्निर्माण को आसान कर दिया है; और समाज के प्रति व्यापक गुस्से की अनुमति देकर वे स्वतंत्रता को सशर्त बना देती हैं। जो तुम्हारे लिए स्वतंत्रता है, वह मेरे लिए गुलामी है। दूसरे शब्द भी इतनी ही ताकत से विमर्श को गति देते और उन्हें विभाजित करते हैं। मसलन, देशभक्ति उदारता का लक्षण नहीं है। और यह सवाल पूछना, कि देशभक्ति शब्द ही उदारवादियों को सतर्क क्यों कर देता है, वस्तुतः उन लोकतांत्रिक देशों के प्रश्नाकुल दिमागों को चुनौती देने जैसा है, जो तेजी से दक्षिणपंथी विचारधारा की ओर मुड़ रहे हैं। दक्षिणपंथी देशभक्ति को जितना जरूरी मानते हैं, उदारवादी उसका उतना ही विरोध करते हैं।

आप का नजरीया

अपेक्षाओं में दबी सपनों की आवाजें, इस माहौल को बदलने की दरकार

राजस्थान का कोटा शहर मशहूर है अपने कोचिंग संस्थानों के लिए, जो जेईई और नीट जैसी प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं के लिए विद्यार्थियों को तैयार करते हैं। लेकिन यहां के एक परेशान करने वाले आंकड़े की गूंज 2023 में देश भर में सुनाई दी, जो युवा दिमागों पर शैक्षणिक दबाव के कष्टदायक असर की भी याद दिलाते हैं। सिर्फ 2023 में शहर में करीब 28 छात्रों ने आत्महत्या की, जो इसका प्रतीक है कि उच्च प्रतिस्पर्धी माहौल में युवाओं के सपने किस तरह अक्षम्य वास्तविकता से टकराते हैं। यह आंकड़ा कोचिंग संस्थानों की पारिस्थितिकी में निहित जटिलताओं को रेखांकित करता है और बताता है कि ये कैसे देश की शैक्षिक व्यवस्था में गुंथी हुई हैं। भारत में ज्यादातर 12वीं कक्षा के छात्रों की कहानी सिर्फ दो महत्वपूर्ण प्रवेश परीक्षाओं में सफलता की खोज तक सीमित है। विशिष्ट इंजीनियरिंग संस्थानों के लिए जेईई और प्रतिष्ठित मेडिकल कॉलेजों के लिए नीट परीक्षा। उम्मीदवारों की संख्या और उपलब्ध सीटों के बीच भारी असमानता, जो दस फीसदी से भी कम है, इन परीक्षाओं में प्रतिस्पर्धा को कई गुना बढ़ा देती है। इससे एक ऐसे माहौल को बढ़ावा भी मिलता है, जहां दबाव पनपता है और छात्रों का मानसिक स्वास्थ्य भी प्रभावित होता है। पिछले कई वर्षों के आंकड़े बताते हैं कि कोटा के प्रेशर कुकर माहौल में छात्रों की आत्महत्या की घटनाओं में किस तरह वृद्धि हुई है। 2022 में 15, 2019 में 18 और 2018 में 20 छात्रों ने आत्महत्या की थी। इस उच्च जोखिम वाले परिदृश्य के बीच राज्य की भूमिका पर भी सवाल उठते हैं। अपेक्षाकृत कमजोर वर्ग के बच्चों को कोचिंग देने के लिए विभिन्न कोचिंग संस्थानों के साथ सहयोग अनजाने में इन पृथक केंद्रों के अस्तित्व और कथित जरूरत को मजबूत करता है, जिससे युवाओं के दिमाग पर तनाव और बढ़ता जाता है। नए वर्ष की शुरुआत हमें आत्मनिरीक्षण और पुनर्मूल्यांकन का अवसर दे रही है। कोचिंग संस्थानों का विनियमन किया जाना जरूरी है, लेकिन उतना ही जरूरी है अभिभावक और समाज की तरफ से पड़ने वाले दबाव को कम करना, जो राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो के अनुसार भी छात्रों को आत्महत्या के लिए प्रेरित करने का सबसे बड़ा कारण है। 'प्रत्येक बच्चा अद्वितीय है', का मंत्र केवल बयानबाजी तक सीमित नहीं रहना चाहिए, इसे सामाजिक व्यवहार का आधार बनाने की जरूरत है। इसके लिए जरूरी है कि एक समावेशी शैक्षिक परिदृश्य का निर्माण हो, ताकि छात्रों पर बेवजह दबाव न हो। वर्ष 2024 की शुरुआत ऐसे शैक्षिक वातावरण को बनाने के संकल्प से होनी चाहिए, जिसमें विविध प्रतिभाओं को पनपने का अवसर मिल सके और हर बच्चा अपनी विशिष्टता के अनुसार कॅरिअर का चुनाव कर सके। यह महत्वपूर्ण क्षण एक परिवर्तनकारी यात्रा की शुरुआत का भी समय होना चाहिए, जिसमें शिक्षा कुछ प्रतिस्पर्धी परीक्षाओं की संकीर्ण सीमाओं को पार करती हो, क्योंकि ऐसा होने पर ही शिक्षा अपने वास्तविक उद्देश्य में खरी उतर पाएगी।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
चतरा/लातेहार
रांची, सोमवार, 01 जनवरी 2024 | पेज 7

संक्षिप्त खबरें

आम्रपाली कोल परियोजना, ग्राम सेरनदाग से फर्जी सेक्शन को अभिलंब हटाए : ग्रामीण

टंडवा : प्रखंड के ग्राम सेरनदाग में आम्रपाली कोल परियोजना से संबंधित व्यास समस्याओं पर विस्तार पूर्वक चर्चा करने हेतु ग्रामीणों की एक बैठक बाजार टांड़ चबूतरा पर आयोजित की गई, जिसकी अध्यक्षता बालेश्वर प्रसाद साहू सेवानृवित शिक्षक तथा संचालन गणेश कुमार साहू ने किया। बैठक में सर्व समिति से नौ प्रस्ताव पारित करते हुए एक पंद्रह सदस्ये कमिटी बनाया गया। बैठक में सर्वसमिति से निर्णय हुवा कि आम्रपाली कोल परियोजना में रेलवे साइडिंग निर्माण हेतु फर्जी ग्राम सभा का अंजाम देने वाले षडयंत्रकारियों पर जब तक कानूनी कार्रवाई नहीं होती, तब तक अनापत्ति हेतु आयोजित ग्राम सभा बैठक का बहिष्कार करेंगे। तथा फर्जी सेक्शन लगे 7 वर्ष बीत जाने के बाद हम ग्रामीणों को आए दिन गंभीर बीमारी का ईलाज, बेटा बेटी का विवाह, घर मकान बनाने इत्यादि कार्यों के लिए अपने जमीन को एग्रीमेंट पर औने पौने दाम में बेचने के लिए मजबूर हो रहे हैं।

मगध परियोजना कार्यालय में सम्मान सह विदाई समारोह का किया गया आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

टंडवा : मगध कोल परियोजना में उप प्रबन्धक(वित्त) के पद पर कार्यरत बिनोद कुमार 31 दिसंबर को कम्पनी की सेवा का कार्यकाल पूरा कर सेवानिवृत्त हुए। इनके सेवा-निवृत्ति के अवसर पर परियोजना कार्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन कर उन्हे ससम्मान भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त हुए अधिकारी बिनोद कुमार ने कंपनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि कंपनी निरंतर नयी ऊंचाइयों को छु रही है, और हम इसके उत्तरोतर विकास कि कामना करते है। इस आयोजित सम्मान समारोह में महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ ने मगध-संघमित्रा क्षेत्र परिवार कि ओर से सेवानिवृत्त अधिकारी बिनोद कुमार का अभिनंदन एवं स्वागत कर कंपनी के प्रति उनकी अथक सेवाओं के लिए धन्यवाद दिया, और कहा कि बिनोद कुमार का योगदान अपने कार्यक्षेत्र में सराहनीय रहा है। उन्होने उनके सपरिवार सुखी, स्वास्थ्य जीवन कि कामना करते हुए कहा कि आपकी मेहनत, लगन और कर्तव्यनिष्ठा से कंपनी दिन प्रतिदिन उन्नयन के मार्ग पर अग्रसर है। इस समारोह में उपस्थित परियोजना पदाधिकारी एस. सत्यानारायणा नें कहा कि इस माह और इस वर्ष का अंतिम दिन है और हम सभी के लिए बहुत कष्टदायी लगता है जब कंपनी के अनुभवी एवं अमूल्य रत्न हमे छोडकर सेवानिवृत्त हो जाते हैं। अपने सम्बोधन में सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी बिनोद कुमार को शुभकामनाएं देते हुए उन्होने ईश्वर से उनके अच्छे स्वास्थ्य की शुभेच्छा प्रकट कि। मौके पर उपस्थित अधिकारियों ने भी अपने-अपने सम्बोधन में सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी को जीवन कि दूसरी पारी के लिए शुभकामनाएं देते हुए कहा कि बिनोद कुमार अपने कार्यकाल में जहां भी पदस्थापित रहे वहाँ सर्वश्रेष्ठ योगदान दिया इसके लिए हम आभारी हैं। कार्यक्रम में उपस्थित सभी ने बिनोद कुमार को आनंदवित्त रहने का परामर्श देते हुए उनके स्वस्थ जीवन कि कामना की और कहा कि सेवा-निवृत्ति के बाद आप अपने को सामाजिक एवं अच्छे कार्यो में व्यस्त रखे। कार्यक्रम में उपस्थित कर्मियों ने भी सेवानिवृत्त अधिकारी बिनोद कुमार को सेवा-निवृत्ति के बाद उनके सुखी और स्वस्थ जीवन की कामना की और जीवन के दूसरे पारी के लिए शुभकामनाएं दी। इस अवसर पर परियोजना के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। समारोह का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन उप प्रबंधक (कार्मिक), अभिषेक आनंद ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग एवं उनकी टीम और अन्य संबन्धित विभागों का विशेष योगदान रहा।

भाजयुमो नगर और ग्रामीण मंडल कार्यसमिति की बैठक संपन्न

बूथ स्तर पर भाजपा युवा मोर्चा को करेंगे मजबूत : अभिषेक केशरी

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा : भाजपा युवा मोर्चा के नगर और ग्रामीण मंडल कार्यसमिति की बैठक मंडल अध्यक्ष नीरज सोनी और बबलू सिंह की अध्यक्षता में आयोजित किया गया।बैठक का संचालन नगर महामंत्री राजा मालाकार ने की। भाजयुमो जिला अध्यक्ष अभिषेक केशरी ने निर्देश दिया है कि सभी मंडल अध्यक्ष और मंडल पदाधिकारी पंचायत और बूथ स्तर पर प्रवास कर बूथ को मजबूत करेंगे और नये युवाओ को भाजपा से जोड़ने का काम करेंगे। 24 जनवरी को विधानसभा स्तरीय युवा सम्मेलन में ज्यादा से ज्यादा संख्या मे युवा कार्यकर्ता भाग ले, इसकी भी संरचना मंडल अध्यक्ष बनायेंगे। भाजपा नेता शिवकुमार चौबे ने युवायो को सम्बोधित करते हुवे कहा युवा मोर्चा पार्टी का रीढ़ होता है। पार्टी को मजबूत करने का काम भी युवा मोर्चा ही करते हैं। युवा मोर्चा के भरोसे ही 2024 लोकसभा चुनाव और विधानसभा जीतने का काम करेंगे। नगर अध्यक्ष विद्यासागर आर्य भी युवा मोर्चा को संबोधित करते हुए पार्टी को मजबूत करने पर चर्चा किए। बैठक में मुख्य रूप से कार्यलय मंत्री गुड्डू सिंह, नगर प्रभारी शत्रुधन कुमार, ग्रामीण प्रभारी सुजीत कुमार, जिला मंत्री जितेंद्र पांडे, नगर महामंत्री राजकुमार वर्मा, बबलू दांगी, शाश्वत पांडे, आलोक तिवारी, आशुतोष झा, रितेश केसरी, शिवम कुमार, अनिल कुमार, लक्ष्मी कुमार सहित अनेक युवा कार्यकर्ता उपस्थित हुए।

आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं ने टंडवा टाउन हाल में बैठक कर प्रखंड के कई समस्याओं पर किया विचार

प्रभात मंत्र संवाददाता

टंडवा : रविवार को टाउन हॉल टंडवा में आजसू पार्टी के कार्यकर्ताओं के द्वारा बैठक का आयोजन कर, प्रखंड क्षेत्र में व्याप्त कई समस्याओं पर विचार-विमर्श करते हुए,कई अहम निर्णय लिए। जिसमें मुख्य रूप से टंडवा प्रखंड क्षेत्र में अंधा-धुंध तेज रफ्तार से चल रहे कोल वाहनों पर लगाम लगाना, जिससे दुर्घटनाओं को रोका जा सके। टंडवा प्रखंड के मानवा टोंगरी में हो रहे विस्फोट को रोकते हुए, पुनर्वास नीति का लाभ अविल्म लाभुको को दिलवाना। चट्टीबरियातू से कोयले का ट्रांसपोर्टिंग हजारीबाग जिले से ना करा कर, चतरा जिले के रोड से करना (जिसका राजस्व लाभ हजारिबाग हो रहा है) जिस पर रोक लगाए जाने का निर्णय लिया गया। साथ में एनटीपीसी पर निशाना साधते हुवे, विस्थापित एवं प्रभावित लोगों से ट्रांसपोर्टिंग, रोजगार, मूलभूत समस्याओं पानी बिजली, सड़क की व्यवस्थाओं में सुचारू रूप से सुधार लाने की मांग पर विचार किया गया। इसके साथ ही पार्टी विस्तार करते हुवे, प्रखंड कमेटी के पद पर उपाध्यक्ष सुरेंद्र चौरसिया तथा संयुक्त सचिव के रूप में दिनेश कुमार पासवान को चुना गया। बैठक की अध्यक्षता जितेंद्र कुमार महतो एवं संचालन सरोज गुप्ता के द्वारा किया गया, साथ ही टंडवा बाजार से पांडे मोड तक ग्रामीण रोड के लिए अलग से व्यवस्था करने को लेकर बैठक में चर्चा की गई। बैठक में मुख्य रूप से कार्यवाहक जिला अध्यक्ष महेश महतो, बुद्धिजीवी मंच के जिला अध्यक्ष रामदेव पासवान, प्रखंड अध्यक्ष जितेंद्र महतो, केंद्रीय सदस्य नंदा थापा, आजसू छात्र संघ के जिला अध्यक्ष जानकी महतो, सरोज गुप्ता, दिनेश कुमार पासवान, त्रिवेणी महतो, मुंशी महतो, नरेश ठाकुर, मयंक पांडे सुरेंद्र सोनी, अजीत महतो एवं अन्य कार्यकर्ता मौके पर उपस्थित थे।

धड़ल्ले से जेसीबी के सहारे काटी जा रही है मनरेगा का कुआं

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमरिया : प्रखण्ड क्षेत्र के कसारी पंचायत के चुन्नीडीह में इन दिनों दिनदहाड़े जेसीवी के सहारे मनरेगा योजना का कुआं काटा जा रहा है। आपको बता दें कि यह मनरेगा योजना सिमरिया प्रखण्ड के कसारी पंचायत के चुन्नीडीह गांव के मो रियाज मियां का है। मो रियाज मियां का सरकारी मनरेगा योजना के तहत कुआं काटने का स्वीकृति एवं इकरार नामा किया जा चुका है। जहां मो रियाज द्वारा रोजगार सेवक सत्या कुजूर तथा जबड़ा निवासी दशरथ साहू के जेसीवी सहारे मिली भगत से धड़ल्ले से कुआं काट कर गरीब मनरेगा जॉब कार्डधारियों के हक अधिकार पर हथौड़ा चलाया जा रहा है। यदि इस पर रोक व कानूनी कार्रवाई नहीं कि गयी तो मनरेगा योजना केवल जॉबकार्ड रोवेगा योजना बन कर रह जाएगा।

माइनिंग इंस्पेक्टर ने किया जांच, राजा कंस्ट्रक्शन पर किया गया मुकदमा दर्ज

प्रभात मंत्र संवाददाता

चतरा/टंडवा : अवैध मिट्टी खनन को लेकर सुर्खियों में रहा राजा कंस्ट्रक्शन का मुश्किलें दिन प्रतिदिन बढ़ता जा रहा है। पिछले दिनों जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास के निर्देश पर माइनिंग इंस्पेक्टर राजेश हांसदा के द्वारा अवैध मिट्टी खनन स्थल का जांच किया गया। जहां राजा कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा सरकारी भूमि से अवैध रूप से मिट्टी का खनन किया जा रहा था। जिसे स्थानीय मुखिया सुबेश राम के द्वारा झारखण्ड सरकार मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन तथा चतरा उपायुक्त जिला खनन पदाधिकारी समेत जिले के अन्य अधिकारीयों को ज्ञापन सौंप कर ध्यान आकृष्ट कराते हुए विधि सम्मत कार्रवाई करने का मांग किया गया था। अवैध खनन मामले को गंभीरता से लेते हुए जिला खनन पदाधिकारी गोपाल दास के द्वारा तत्काल निर्देश पर माइनिंग इंस्पेक्टर राजेश हांसदा के द्वारा जांच किया गया। जांच में अवैध मिट्टी खनन करने का मामला सही पाया गया। जांच के दौरान जांच कमेटी के मौजूद अधिकारी के द्वारा अधिकृत मिट्टी खनन का लीज पटा अथवा आदेश पत्र का मांग संबंधित कंपनी से किया गया। जहां राजा कंपनी के अधिकारी देने में असमर्थ रहे। अवैध उत्खनन सही पाया गया है। अवैध खनन जांच के विषय में पूछे जाने पर माइनिंग इंस्पेक्टर राजेश हांसदा ने बताया कि राजा कंस्ट्रक्शन कंपनी के द्वारा गैर कानूनी तरीके से कार्य किया जा रहा है जिसे रोक दिया गया है। विभाग के द्वारा स्थानीय टंडवा थाना में कंपनी तथा प्रोजेक्ट मैनेजर अविनाश के ऊपर प्राथमिकी दर्ज किया गया है। जिसका कांड संख्या 296/2023 है। वहीं स्थानीय मुखिया सुबेश राम के द्वारा वन विभाग एवं झारखंड प्रदूषण नियंत्रण पर्षद से भी न्याय का गुहार लगाया गया है। मुखिया सुबेश राम ने बताया कि हरे-भरे वन पर्यावरण नदी तालाब को भी नष्ट किया गया है। क्षेत्र के उक्त स्थान पर अवैध मिट्टी खनन से क्षेत्र प्रदूषित हुआ है। आपको बता दें कि कार्रवाई होने तथा प्राथमिकी दर्ज होने के बावजूद भी राजा कंस्ट्रक्शन अवैध रूप से मिट्टी खनन कर रहा है। वहीं उत्खनन के मामले में विशेष सूत्रों ने बताया कि इसके लिए कंपनी के नामचीन पत्रकार एवं सफेदपोश लोगों को मैनेज किया गया है और धड़ल्ले से मिट्टी उत्खनन जारी रखा है। **क्या कहते हैं स्थानीय मुखिया सुबेश राम एवं शिकायत कर्ता :** स्थानीय मुखिया सुबेश राम ने कहा है कि कंपनी तानाशाही रवैया अपनाकर क्षेत्र में खनिज संपदा को लूटने का कार्य कर रही है। जिला प्रशासन तथा स्थानीय प्रशासन से मैं मांग करता हूं कि ग्रामीणों के हित में जागरूकता शिविर आयोजित कर किसानों को जागरूक करे ताकि कंपनी गांव में निवास करने वाले किसानों भाइयों को मूर्ख नहीं बना सके। हमारी मांग जायज है। अभी कार्रवाई का शुरुआत हुआ है इसे अंजाम तक लेकर भी जाएंगे। राजा कंस्ट्रक्शन कंपनी से जिला प्रशासन प्रयोग किए गए मिट्टी का राजस्व संग्रह करें।

लातेहार की खबरें

जंगली हाथियों के झुंड ने उत्पात मचा कर मजदूर किसान के भूमि पर लगे फसल को रौंदा

प्रभात मंत्र संवाददाता

बारियातू : प्रखंड क्षेत्र अंतर्गत साल्वे पंचायत के बरनी गाँव में जंगली हाथियों के झुंड ने बीते शनिवार के मध्य रात्रि उत्पात मचा कर मजदुर किसान मंगर गंझु के भुमि पर लगे सरसों, टमाटर, गन्ना, व केला के फसल को रौंद कर बर्बाद कर दिया। इसकी जानकारी देते हुए, मजदूर किसान मंगर गंझु, ने बताया की मै मजदूर किसान हूँ अपने चार एकड़ भूमि पर खेती कर अपने बच्चों को पालन पोषण करता हूँ। बिते रात जंगली हाथियोंने मेरे भुमि पर लगे उक्त फसल के अलावा, बगान मे लगे केला, मनरेगा योजना से लगा आम बागवानी एंव सिचाई के लिए बीछाए गए पाइप को पुरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया। जिससे मेरा लगभग तीन लाख रुपये का नुकसान हो गया है। पीड़ित किसान ने संबंधित विभाग से आज के समय मे फसल क्षतिग्रस्त का आंकलन कर मुआवजा की मांग किया है। ज्ञात हो की बालूमाथ बारियातू व हेरहंज प्रखंड क्षेत्र मे बीते पांच वर्षो से हाथियों की उत्पात जारी है। खेती की मौसम मे कई किसानों का फसल नस्ट कर दिया जाता है. वहीं कई किसान हाथों के डर से फसल भी नहीं लगाये। क्योंकि हाथीयों द्वारा क्षति होने पर उचित मुआवजा नहीं दिया जाता है। और वन विभाग का चक्कर लगाना पड़ता है। इस संबध में दर्जनों ग्रामीण किसानों ने लातेहार उपायुक्त हिमांशु मोहन से उचित मुआवजा दिलाने के साथ साथ इस क्षेत्र में एक्सपर्ट टीम बुला कर जंगली हाथियों को अविलम्ब भगाने की मांग भी किया है।

मन की बात कार्यक्रम में सभी पंचायतों में लाइव सुना गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

बालूमाथ : बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के विभिन्न पंचायतों में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 108 वी मन की बात कार्यक्रम को सुना गया। भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा के निर्देश पर बालूमाथ प्रखंड के मुरपा, मारंगलोइया, झाबर, धाधू, भगिया झाबर, शेरेगड़ा, गणेशपुर, रजवार मसियातु पंचायत में सफलता पूर्वक लाइव प्रसारण टीवी, लैपटाप, मोबाइल रेडियो के माध्यम से सुना गया। इस दौरान प्रधनमंत्री द्वारा विकास कार्यो एवम आगामी दूरदर्शी योजना के बारे मे जानकारी दिया गया। एवम देश को सशक्त करने को लेकर देश के नागरिकों से अपील किया गया। मौके पर भाजपा मंडल अध्यक्ष लक्ष्मण कुशवाहा, एससी मोर्चा अमित कुमार, मंडल महामंत्री रामकुमार गुप्ता, महामंत्री विजय यादव किसान मोर्चा मंडल अध्यक्ष रघुनंदन सोनी, सोहराय भगत, लखन महतो मनोज यादव, थामोस कुजूर, नरेंद्र रजक, भारत नारायण तिवारी, सावरत प्रसाद साहू, राजकुमार तिवारी, राजन लाल, अनिल प्रजापति, मो0 एहसान विशाल तिवारी, तुलसी प्रसाद समेत कई लोग उपस्थित थे।

अनियंत्रित ट्रेक्टर ने बाइक सवार को मारी टक्कर घायल, रिम्स रेफर

प्रभात मंत्र संवाददाता

बालूमाथ : एकीकृत बालूमाथ प्रखंड क्षेत्र के बारीखाप कब्रिस्तान के पास एक अनियंत्रित ट्रेक्टर बाइक सवार को टक्कर मार दिया। जिससे बाइक सवार युवक गम्भीर रुप से घायल हो गया। घटना के संबंध में मिली जानकारी के अनुसार अब्बास अंसारी 35 वर्ष पिता शरीफ अंसारी ग्राम साल्वे थाना बारियातु निवासी बारियातु से अपने घर साल्वे जा रहा था ।इसी दौरान बारीखाप कब्रिस्तान के पास एक ट्रेक्टर का टायर का फट जाने के कारण अनियंत्रित होकर बाइक सवार को टक्कर मार दिया। घटना के बाद स्थानीय लोगो के सहयोग से घायल युवक को बालूमाथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया।

मगध परियोजना के उप प्रबन्धक के सेवा-निवृत्ति पर विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

बालूमाथ : मगध परियोजना में उप प्रबन्धक (वित्त) के पद पर कार्यरत बिनोद कुमार का कार्यकाल पूरा कर सेवानिवृत्त हुए। इनके सेवा-निवृत्ति के अवसर पर परियोजना कार्यालय में विदाई सह सम्मान समारोह का आयोजन किया गया एवं उन्हे ससम्मान भावभीनी विदाई दी गई। इस अवसर पर सेवानिवृत्त अधिकारी बिनोद कुमार ने कंपनी के प्रति आभार प्रकट करते हुए कहा कि कंपनी निरंतर नयी ऊंचाइयों को छु रही है और हम इसके उत्तरोतर विकास कि कामना करते है। इस आयोजित सम्मान समारोह में महाप्रबंधक नृपेन्द्र नाथ ने मगध-संघमित्रा क्षेत्र परिवार कि ओर से सेवानिवृत्त अधिकारी बिनोद कुमार का अभिनंदन एवं स्वागत कर कंपनी के प्रति उनकी अथक सेवाओं के लिए धन्यवाद दिया और कहा कि बिनोद कुमार का योगदान अपने कार्यक्षेत्र में सराहनीय रहा है। उन्होने उनके सपरिवार सुखी, स्वास्थ्य जीवन कि कामना करते हुए कहा कि आपकी मेहनत लगन और कर्तव्यनिष्ठा से कंपनी उन्नयन के मार्ग पर अग्रसर है। वही परियोजना पदाधिकारी एस. सत्यानारायणा नें कहा कि इस माह और इस वर्ष का अंतिम दिन है और हम सभी के लिए बहुत कष्टदायी लगता है जब कंपनी के अनुभवी एवं अमूल्य रत्न हमे छोडकर सेवानिवृत्त हो जाते हैं। अपने सम्बोधन में सेवानिवृत्त हो रहे अधिकारी बिनोद कुमार को शुभकामनाएं देते हुए उन्होने ईश्वर से उनके अच्छे स्वास्थ्य की शुभेच्छा प्रकट कि। मौके पर परियोजना के विभिन्न विभागों के विभागाध्यक्ष, परियोजना के वरिष्ठ अधिकारी एवं कर्मचारी उपस्थित थे। समारोह का संचालन और धन्यवाद ज्ञापन उप प्रबंधक (कार्मिक), अभिषेक आनंद ने किया। वही कार्यक्रम को सफल बनाने में कल्याण विभाग एवं उनकी टीम का विशेष योगदान रहा।

समाजिक उत्थान को लेकर सरना प्रार्थना सभा, प्रखंड समिति ने की बैठक

प्रभात मंत्र संवाददाता

बारियातू : प्रखंड मुख्यालय क्षेत्र मे स्थित राजी पहाड़ सरना भवन परिसर में प्रखंड समिति, (राजी पहाड़ सरना प्रार्थना सभा) की पुर्व नियोजीत मासिक बैठक की गई. बैठक की अध्यक्षता प्रखंड महासचिव रामप्रीत लोहरा ने की। बैठक में समाज मे व्याप्त अशिक्षा, गरिबी, बेरोजगारी, अंधविश्वास, नशाखोरी, जैसे महत्वपूर्ण बिषयो पर विशेष चर्चा की गई। इन बिषयो पर सभी ने अपने अपने विचार दिए. गहन विचार विमर्श के बाद समाज मे शिक्षा के स्तर को बढाने, उच्च शिक्षा के लिए युवक युवतीयो को प्रोत्साहित करने, अंधविश्वास को दुर करने, नशा मुक्ति एवं सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के माध्यम से रोजगार सृजन करने आदि का निर्णय लिया गया। एवं इस संबंध में अगला बैठक 28 जनवरी रविवार को करना तय किया गया। मौके पर राजदेव उरांव, सकेन्द उरांव, मोहन उरांव, श्रवण उरांव, जयराम उरांव, राजदेव सीतामनी उरांव, मुनेसरी उरांव, तेतरी उरांव, सुषमा उरांव, अनीता उरांव, सरीता उरांव, बसंती उरांव सहित कई लोग मौजूद रहे।

गाड़ी की संघन जांच अभियान चलाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

महुआडांड़ : प्रखंड अंतर्गत दिन रविवार को आईआरबी कैंप के पास सघन जांच अभियान चलाया गया। बाइक टेंपो बस सभी फोर व्हीलर गाड़ी को सघन जांच किया गया एवं सभी को निर्देश दिया गया कि सीट बेल्ट एवं हेलमेट का प्रयोग करें अन्यथा पुलिस अपनी कार्रवाई करने में पीछे नहीं हटेगी लोगों चालान काटा जाएगा। वही टेंपो चालक को हिदायत दिया गया है कि चालक के दाहिने साइड किसी को ना बैठने दे। जो बिना हेलमेट के पकड़े गए उन्हें उठक बैठक भी कराया गया। इस चेकिंग अभियान में मुख्य रूप से एस आई बंधन भगत एवम आईआरबी के जवान उपस्थित थे। बीच-बीच में महुआडांड़ थाना के थाना प्रभारी आशुतोष यादव ने भी निरीक्षण करते नजर आए। अनुमंडल पदाधिकारी विपिन दुबे का निर्देश है की सभी टू व्हीलर एवं फोर व्हीलर वाहन चालक सीट बेल्ट एवं हेलमेट का प्रयोग करें शराब पीकर वाहन न चले नए साल में को देखते हुए सभी लोग को निर्देश दिया गया है जो इसका पालन नहीं करेंगे उनको करवाई किया जायेगा।

हुआ नया साल का आगाज सुरक्षा में तैनात पुलिस

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरवाडीह : पुलिस अधीक्षक अंजनी अंजन के निर्देश पर नया साल के आगाज पर सुरक्षा के दृष्टिकोण से बरवाडीह पुलिस द्वारा मेदिनीनगर मुख्य मार्ग के ओरंगा नदी पुल के पास रविवार को बरवाडीह सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव के नेतृव मे एंटी क्राईम वाहन चेकिंग अभियान चलाया गया। जिसमे दर्जनों छोटी-बडी वाहनों की तलासी ली गई। जहां चेकिंग अभियान में तैनात थाना प्रभारी श्रीनिवास सिंह ने बताया कि नया साल का आगाज हो गया है इस मौके पर आम लोगों की सुरक्षा देना हमारा कर्तव्य है। इस दौरान जांच के क्रम में हेलमेट, वाहन का पेपर, शराब व अन्य प्रतिबंधित सामग्रियों के उपर पैनी नजर रखी जा रही है। उन्होंने वाहन चालकों से अपील किया है कि वाहन चलाते समय सीट बेल्ट, हेलमेट का इस्तेमाल जरूर करें ताकि सड़क दुर्घटना के खतरे से महफूज रह सके। मौके पर सर्किल इंस्पेक्टर अनिल उरांव के साथ जिला पुलिस बल के जवान शामिल रहे।

प्रभात मंत्र

हजारीबाग

रांची , सोमवार, 1 जनवरी 2024 | पेज 8

संक्षिप्त खबरें

अयोध्या में पूजित अक्षत कलश के साथ रामभक्तों का नगर भ्रमण संपन्न

बरही (प्रभात मंत्र संवाददाता): श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र अयोध्या में पूजित अक्षत कलश के साथ बरही के राम भक्तों ने श्रीराम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र बरही के प्रखंड संयोजक चंदन केशरी, सह संयोजक कैलाश ठाकुर के नेतृत्व एवं विश्व हिन्दू परिषद जिला सह मंत्री गुरूदेव गुप्ता व भारतीय जनता पार्टी हजारीबाग जिला उपाध्यक्ष रमेश ठाकुर की अगुवाई व संरक्षण में नगर भ्रमण का कार्य कर आम जनमानस को आमंत्रित करने का कार्य किया। नगर भ्रमण में भाजपा नेता सह पूर्व विधायक मनोज कुमार यादव भी शामिल हुए। यह नगर भ्रमण गया रोड स्थित छोटा शिवालय में पूजन अर्चना के साथ प्रारंभ होकर गया रोड में रेलवे ओवरब्रिज, तिलैया रोड नहर, धनबाद रोड कोनरा स्थित जगन्नाथ मंदिर होते हुए हजारीबाग रोड बरहीडीह मोड़ होकर पुनः गया रोड स्थित छोटा शिवालय परिसर पहुंचा। जहाँ हनुमान चालीसा पाठ, आरती एवं श्री राम स्तूति के साथ कार्यक्रम का समापन किया गया। इस अवसर पर रामभक्तों को संबोधित करते हुए गुरूदेव गुप्ता ने कहा कि आने वाले 2024 को हम नववर्ष की जगह प्रभु श्रीराम के गृह आगमन वर्ष की बधाई दें क्योंकि हमारा नववर्ष चैत्र शुक्ल प्रतिपदा को मनाया जाता है और अभी प्रभु श्रीराम की प्राण प्रतिष्ठा की तैयारी चल रही है, ऐसे में हम प्रभु श्रीराम के आगमन वर्ष की बधाई दें। इस नगर भ्रमण के साथ आज कलश शोभायात्रा का समापन और अक्षत वितरण सह आमंत्रण कार्यक्रम का शुभारंभ है। कल से श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र के कार्यकर्ता हर घर अक्षत घर घर आमंत्रण का कार्य करने के लिए रामदूत के रूप में सभी सनातन परिवार तक जायेंगे।इस पूजित अक्षत को अपने अपने पूजा स्थान, तिजोरी में स्थान दें और श्रीराम मंदिर के प्रारूप के साथ पूजन अर्चना करें। आगामी 22 जनवरी को होने वाले प्राण प्रतिष्ठा के दिन अपने अपने मंदिर को श्रीराम मंदिर मानकर प्रातः ग्यारह बजे से भजन कीर्तन, पूजन वंदन करें और भगवान से विश्व के कल्याण की कामना करें और संध्या में दीपावली का त्योहार फिर से मनाकर मिठाईयां बांटे। साथ ही पूरे विश्व को यह दिखा देना है कि सनातन जब जाग जायेगा तो पूरा विश्व जगमग होगा और पूरे विश्व में राम राज्य होगा। पूर्व विधायक मनोज यादव ने कहा कि आज पूरे भारत में राम जन्मभूमि अयोध्या में पूजित अक्षत कलश वितरण करने का कार्यक्रम किया जा रहा है। यह बहुत ही हर्ष का विषय है कि 500 साल बाद रामलला अयोध्या में विराजमान होने जा रहे हैं। रामजन्म भूमि से पूजित अक्षत कलश घर-घर पहुंचे और भगवान राम का आशीर्वाद सबको मिले। पांच सौ वर्षों के लंबे इंतजार के बाद अयोध्या में विराजेंगे रामलला। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के क्षेत्र सह सेवा प्रमुख त्रिवेणी साहु, विहीप प्रखण्ड अध्यक्ष नंदकिशोर कुमार, कैलाश ठाकुर, प्रदीप चंद्रवंशी, निरंजन केसरी, प्रभु राणा, राहुल राणा, चंदन केसरी, मुन्ना सोनी, नितेश कुमार, इंद्रदेव गुप्ता, मिथिलेश श्रीवास्तव, कृष्ण केसरी, राजदेव यादव सहित सैकड़ों रामभक्त मौजूद रहे।

व्यवसाई अशोक अग्रवाल का निधन, विधायक ने बताया व्यक्तिगत क्षति

हजारीबाग (प्रभात मंत्र संवाददाता): शहर के नामचीन व्यवसाई कानी बाज़ार निवासी अशोक अग्रवाल का रविवार को 67 साल की उम्र में निधन हो गया। पिछले कुछ समय से वे लगातार बीमार चल रहें थे।स्व अग्रवाल अपने पीछे एक पुत्र और एक पुत्री सहित भरा पूरा परिवार छोड़ गए हैं।बीते शुक्रवार की शाम को ही हजारीबाग विधायक मनीष जायसवाल ने अस्पताल जाकर उनसे मुलाकात की थी।उन्होंने अशोक अग्रवाल के आकस्मिक निधन पर गहरा शोक व्यक्त करते हुए ईश्वर से उनके दिवंगत आत्मा की शांति और शोकाकुल परिजनों को इस विकट दुःख से उभरने का अदम्य साहस प्रदान करने की कामना की।श्री जायसवाल ने उनके निधन को अपने और जायसवाल परिवार के लिए व्यक्तिगत क्षति भी बताया ।

प्रेस क्लब बरकट्ठा का वन भोज सह मिलन समारोह कार्यक्रम संपन्न

बरकट्ठा (प्रभात मंत्र संवाददाता): सूरजकुंड धाम स्थित डाक बंगला परिसर में रविवार को प्रेस क्लब प्रखंड इकाई बरकट्ठा का वन भोज सह मिलन समारोह संपन्न हो गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अध्यक्ष गोपाल प्रसाद ने? कहा कि पत्रकार समाज में दर्पण के रूप में कार्य करते हैं, पत्रकारों के व्यक्तित्व की पहचान हमेशा उनकी निष्पक्ष पत्रकारिता व समाज में निः स्वार्थ भाव से किए कार्यों से ही होती है इसलिए हमलोगों को निर्भीक व निष्पक्ष पत्रकारिता से ही संगठन की पहचान और मजबूती प्रदान बनेगी। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए पूर्व मुखिया संघ के अध्यक्ष बसंत साव ने कहा कि पत्रकार देश का चौथा स्तंभ है जिसकी अहमियत सामाजिक कल्याण व क्षेत्र की विभिन्न समस्याओं को उजागर करने में एक महत्वपूर्ण भूमिका है। इसलिए हम सभी को निर्भीकता व निष्पक्षता के साथ पत्रकारिता करनी चाहिए। वहीं प्रखंड प्रमुख रेणु देवी ने कहा कि पत्रकार का कार्य बहुत ही जोखिम भरा कार्य है जहां लोगों को अपने जान जोखिम में डालकर खबरों का संकलन कर जन जन तक खबरों को पहुंचाने का कार्य करते हैं।

जीएम महाविद्यालय इचाक के विद्यार्थियों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : जीएम महाविद्यालय, इचाक के विद्यार्थियों को कराया गया शैक्षणिक भ्रमण जो रांची के साइंस सिटी,टैगोर हिल, रुक्का डेम,बिरसा जैविक उद्यान का भ्रमण कराया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य शंभू कुमार ने सभी विद्यार्थियों और शिक्षकों को हरी झंडी दिखा कर बस को रांची भ्रमण स्थल के लिए रवाना किया। साइंस सिटी में सभी विद्यार्थियों ने बहुत ही बारीकी से अध्ययन कर अपने जीवन में उतारने का संकल्प लिया। टैगोर हिल में विद्यार्थियों ने रांची का पूरा मनमोहक नजारा देख कर बहुत ही खुश नजर आ रहे थे। रुक्का डेम में प्राकृतिक सौंदर्य में मनमोहक दृश्य को देखकर सभी खुश थे, रुक्का डेम में ही भोजन की व्यवस्था था जो सभी विद्यार्थियों को भोजन कराया गया। बिरसा जैविक उद्यान में भी विद्यार्थीयों ने शेर, लोमड़ी, हाथी,चिता, जंगली बिल्ली, मोर, मगरमच्छ, दरियाई घोड़ा,अनेक नस्ल की हिरण,तरह तरह का पशु पक्षी भी देख कर खुश नजर आ रहे थे।इस शैक्षणिक भ्रमण को सफल बनाने में महाविद्यालय प्रभारी पंकज कुमार,शिक्षक रत्नेश कुमार राणा,अजीत हंसदा, रियाज अहमद,संगम कुमारी,प्रनत कुमार दास,राजकुमार दास,संजीत कुमार,आशीष पांडे,प्रिया कुमारी,सुनीता टोप्पो का योगदान रहा।

माही एवं तृप्ति को प्रदान किया गया जन्मेजय कुमार स्मृति छात्रवृत्ति

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : सरस्वती शिशु विद्या मंदिर कुम्हारटोली, की छात्रा माही एवं तृप्ति को जन्मेजय कुमार स्मृति छात्रवृत्ति प्रदान की गई । गौरतलब है कि विद्यालय के मेधावी एवं यशस्वी पूर्व छात्र जन्मेजय कुमार की पुण्य स्मृति में दोनों बहनों को सत्र 2024 -25 के लिए उपर्युक्त छात्रवृत्ति प्रदान की गई ।ज्ञातव्य है कि भैया जन्मेजय कुमार सरस्वती शिशु विद्या मंदिर ,कुम्हारटोली से पढ़ाई करने के पश्चात सामाजिक कार्यों से जुड़े रहकर समाज सेवा के कार्य में लगे हुए थे ।कोरोना काल में समाज सेवा के क्रम में उनका निधन हो गया ।वर्ष 2024-25 के लिए जन्मेजय कुमार स्मृति छात्रवृत्ति दो वंचित समाज की मेधावी छात्राओं को प्राप्त हुई है। जिसमें माही कक्षा नौ की छात्रा है और पुलिस अफसर बनना चाहती है एवं कुमारी तृप्ति कक्षा नौ की छात्रा है और डाक्टर बन कर समाज की सेवा करना चाहती है ।दोनों के पिता मजदूर हैं।माही एवं तृप्ति को उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी गई। अब तक वंचित समाज की 6 बच्चियां %श्री जन्मेजय कुमार छात्रवृत्ति% के अंतर्गत लाभान्वित हुई हैं। मौके पर विद्यालय के सचिव संजय उपाध्याय ने कहा कि छात्रवृत्ति देने का यह पुनीत कार्य हम सबों के लिए प्रेरणादाई रहेगा । जन्मेजय कुमार के भाई मृत्युंजय कुमार ने विद्यालय में आकर दोनों बहनों को छात्रवृत्ति प्रदान की ।

धूमधाम से मनाई गई संयुक्त बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री केबी सहाय की जयंती

प्रभात मंत्र संवाददाता

हजारीबाग : स्वतंत्रता सेनानी, संयुक्त बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री बाबू कृष्ण बल्लभ सहाय का जन्म जयंती समारोह कटकमसांडी हाई स्कूल में कांग्रेस परिवार के द्वारा मनाया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष शैलेंद्र कुमार यादव व मंच संचालन कटकमसांडी प्रखंड अध्यक्ष नरसिंह प्रजापति और धन्यवाद ज्ञापन महानगर अध्यक्ष मनोज नारायण भगत व स्व सहाय के पौत्र आशीष सहाय ने किया।कार्यक्रम में प्रदेश अध्यक्ष राजेश

ठाकुर,पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोधकांत सहाय ,गौ सेवा के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद,हिन्दू न्यास बोर्ड के अध्यक्ष जयशंकर पाठक,मुन्ना सिंह,भीम कुमार,बिनोद कुशवाहा व कांग्रेस के सम्मानित जनों ने सर्वप्रथम दीप प्रज्वलित कर एवं स्व केबी सहाय के चित्र पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया।मौके पर प्रदेश अध्यक्ष राजेश ठाकुर ने बताया कि महात्मा गांधी की इच्छा पर आईसीएस की नौकरी त्याग कर स्व सहाय ने आजादी की लड़ाई में कई बार जेल गए। आजादी के बाद संयुक्त बिहार के राजस्व मंत्री एवं मुख्यमंत्री रहते बिहार एवं झारखंड के सर्वांगीण विकास में अपना महत्वपूर्ण योगदान दिया। सरकारी फाइल पर इनके नोटिंग से अच्छे-अच्छे प्रशासनिक पदाधिकारी भी घबराते थे।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि पूर्व केंद्रीय मंत्री सुबोध कांत सहाय ने कहा देश मे इस समय जुमलेबाजी की सरकार है,आज हम सभी संकल्प ले की इस सरकार को 2024 में बदल देना है । इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि अध्यक्ष झारखंड गौ सेवा आयोग के अध्यक्ष राजीव रंजन प्रसाद ने भी अपना संबोधन दिया। स्व सहाय के जन्मोत्सव के इस कार्यक्रम में कायस्थ समाज के लोगो ने भी शिरकत की और इस अवसर पर बहुत से लोगो ने भाजपा छोड़कर कांग्रेस पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।मौके पर उनके आशीष सहाय ने कहा कि मैंने अपने दादा एकिकृत बिहार के मुख्यमंत्री स्व कृष्ण बल्लभ सहाय की विरासत को आगे बढ़ाते हुए जनसेवा को अपना कार्य बनाते हुए के बी सहाय जनकल्याण फाउंडेशन संस्था के नाम से पिछले पांच साल से हज़ारीबाग़ के लोगो के सुख-दुख में शामिल रहा, विशेष कर कोरोना पीरियड में लोगो को हज़ारों हज़ार अनाज के पैकेट,सुगर मशीन,स्कूल बैग,कपड़ा,सिलाई मशीन प्रशिक्षण केंद्र,सिलाई मशीन का जरूरतमद महिलाओं को दिए है ,और आगे भी कांग्रेस के सिद्धांत और विचारधारा को जन जन तक मजबूत करे कांग्रेस को मजबूत करेंगे।

सामाजिक कार्यकर्ताओं व पंचायत प्रतिनिधियों ने किया कम्बल का वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

बरही : कड़कड़ाती ठंड में राज्य सरकार द्वारा प्रदत्त कम्बल का वितरण बरही प्रखण्ड के डपोक पंचायत अंतर्गत गरजामु में किया गया। कम्बल का वितरण अल्पसंख्यक कल्याण महासमिति अध्यक्ष सह पूर्व जीप प्रतिनिधि मो क्यूम, मुखिया प्रतिनिधि अर्जुन रविदास, उपमुखिया बलराज यादव, पंसस रमजान अंसारी, वार्ड सदस्य मो सलामत, मौलाना सुलेमान मौजूद रहे। इस दौरान अल्पसंख्यक कल्याण

महासमिति अध्यक्ष सह पूर्व जीप प्रतिनिधि मो क्यूम ने कहा कि ठंड में गरीब को गरम वस्त्र मिल जाए तो मानो जिंदगी मिलती है। कहा कि ठंड के मौसम में कंबल पाकर गरीब सुकून महसूस करता है। कंबल से गरीबों, असहायों वृद्धों तथा विधवाओं को ठंड से राहत मिलती है। कम्बल पाने वालों में मुंद्री देवी, मसोमात देवली, सुलरी मसोमात, तेजनी मसोमात, मूर्ति मसोमात, बसरती मियां, दुखनी मसोमात, जबार मियां, पछिया मसोमात, चमेली मसोमात, लतिया मसोमात, बंधनी मसोमात, अमना देवी, मसोमात सहित अन्य लाभुक शामिल थे।

शहादत दिवस पर श्रद्धा-सुमन अर्पित कर दी गई श्रद्धांजलि

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत खरकी पंचायत स्थित बलकमक्का में मांडू विधायक जयप्रकाश भाई पटेल की धर्म पत्नी ललिता देवी ने रविवार को सात शहीद सोहर महतो,मोहर महतो,केवल महतो, साधु महतो,सैनाथ महतो, शनिचर महतो और बोधराम महतो का शहादत दिवस मनाया और सभी शहीदों की तस्वीर पर श्रद्धासुमन अर्पित किया। इस मौके पर शहीद परिवारों को वस्त्र

देकर सम्मानित किया गया साथ ही सैंकड़ों असहाय लोगों के बीच कंबल का वितरण भी किया गया। उपस्थित वक्ताओं ने उनकी जीवनी पर विस्तृत रूप से प्रकाश डाला। इस मौके पर ललिता देवी ने कहा कि झारखंड के अलग राज्य की प्राप्ति लंबे संघर्ष के बाद हुई है, जिसमें यहां के सात वीर शहीदों का नाम शामिल है। उनके विचारों ने शोषित वंचितों व कमजोर वर्ग के लोगों को साथ लेकर झारखंड आंदोलन को प्रेरित किया था,आज हमें उनके विचारों पर चलने की जरूरत हैं।

मासी मार्शल स्कूल चरही के पूर्व छात्रों का हुआ पिकनिक सह मिलन समारोह का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

चरही : मासी मारसल स्कूल चरही प्रांगण में मोसैक (मासी मारसल भूतपूर्व विद्यार्थी संघ) के माध्यम से पिकनिक सह महा मिलन समारोह का आयोजन सफ़लता पूर्वक सम्पन्न हुई। जिसमें मुख्य अतिथि के रुप में प्रधानाध्यापक फादर रॉबर्ट सलेट्री एस. जे., विशिष्ट अतिथि प्रधानाध्यापक उच्च विद्यालय फादर सिरिल टोप्पो,अध्यापिका वीना टूटी, मध्य विद्यालय की प्रधान अध्यापिका सिस्टर कमला, अध्यापक सचेन्द्र झा, लवनाथ गोस्वामी, अशोक रविदास, बिरेंद्र साहु, रामेश्वर उरांव, सरोज टोपनो, मैडम शांता, भूतपूर्व शिक्षकों में संतोष कुशवाहा, इंद्रजीत, केलेमेंट उपस्थित रहे। साथ ही मोसैक के अध्यक्ष बाबुलाल हेम्ब्रोम, सचिव नवीन आनन्द बारला, उपाध्यक्ष महादेव हेम्ब्रोम, सक्रिय सदस्य मोहमद अमजद, प्रकाश कुमार महतो,

मनोज हेम्ब्रोम, महेश मरांडी, छोटन महतो, सुलेमान हंसदा एवं समस्त मोसैक परिवार के सदस्यों ने हर्षोल्लास के साथ कार्यक्रम में शामिल होकर अपनी स्कूली जीवन को याद किए और एक दिन के लिए सबने एक दूसरे से मिलकर अपनी पुरानी यादें साझा किए एवं मुख्य अतिथि के द्वारा आशीर्वचन ग्रहण किए एवं सभी शिक्षकों के द्वारा प्रोत्साहन भरी बातें साझा किए। मौके पर मोसैक अध्यक्ष बाबुलाल हेम्ब्रोम ने बताया कि मोसैक का उद्देश्य नए बच्चे जो पासआउट हुए उनको मार्गदर्शन करना और अपने क्षेत्र में शिक्षा, स्वास्थ्य, रोजगार से संबंधित, सभी प्रकार के शोषण से संबंधित जागरूकता एवं गांव-घर, देश समाज के हितार्थ जागरुकता फैलाना।किन्ही को जहां कहीं भी शिक्षा व अन्य सम्बंधित समस्या हो तो मोसैक परिवार हमेशा उनके साथ खड़ी होगी। और आने वाले समय में मोसैक क्या क्या करना चाहती है इस विषय में भी सभों के द्वारा विचार विमर्श एवं चर्चा की गई। मौके पर मुख्य रूप से महेश मरांडी माइनिंग सरदार सीसीएल चरही, मार्शल टुडू अंतरराष्ट्रीय कराटे खिलाड़ी एव निर्देशक, सुबोध कुमार आईईएस ऑफिसर,सहदेव टुडू सहायक शिक्षक यूएमएस बाघमारा, नवीन आनंद बरला जूनियर ओवरमैन सीसीएल, लक्ष्मण कुमार रविदास बीएसएफ, कतीलाल हंसदा बीएसएफ, मुकेश सोरेन बीएसएफ, प्रेम प्रकाश बीएसएफ,प्रेम टुडू, उमेश टुडू, राजू सोरेन सॉफ्टवेयर इंजीनियर बाबूलाल हेंब्रम ईंट व्यापार, धर्मचंद मरांडी, सुखदेव मरांडी, जितेंद्र सोरेन (एसआईएस) जीतन टुडू माइनिंग सरदार जूनियर सीसीएल, शिशु चंद हसदा माइनिंग सरदार डबलूसीएल, सुरेंद्र हेंब्रम प्रोफेशनल ओवरमैन एनसीएल, नंदकिशोर हेंब्रम फिटर टाटा घाटो, ज्योति हंसदा नर्स रिम्स रांची, ज्योति मरांडी आंगनबाड़ी सेविका, मेरी पोलिना नर्स जेएसएलपीएस,विनोद किस्कू सहायक शिक्षक चौपारण, तालोराम सोरेन ,सहायक शिक्षक गोमिया, नरेश हेंब्रम रिलायंस पेट्रोल पंप मांडू, आनंद सोरेन पत्रकार प्रभात खबर चुरचू, बाबू चंद हांसदा सामाजिक कार्यकर्ता समेत सैंकड़ों छात्र उपाथित रहे।

रितेश खण्डेलवाल ने अनोखे अंदाज में किया नववर्ष का स्वागत

प्रभात मंत्र संवाददाता

हज़ारीबाग : शहर के सामाजिक कार्यकर्ता सह पत्रकार रितेश खण्डेलवाल ने मानवता की सेवा कर मिशाल पेश करते हुए , एक जरूरतमंद के लिए खुद स्वैच्छिक रक्तदान किया। शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल में इलाजरत व्यक्ति के लिए चिकित्सकों ने रक्त उपलब्ध कराने का निर्देश परिजनों को दिया जिसके बाद परिजनों के द्वारा विभिन्न जगहों पर संबंधित रक्त की खोजबीन की गई, कहीं रक्त उपलब्ध न होने पर परिजनों ने रितेश खंडेलवाल से संपर्क किया इसके बाद रितेश खण्डेलवाल ने तुरंत शेख भिखारी मेडिकल कॉलेज ऑफ अस्पताल के ब्लड बैंक पहुंचकर रक्त दान कर मानवता के प्रति मिसाल पेश किया। रितेश खण्डेलवाल के रक्तदान करते समय मौजूद रहे हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्रप्रकाश जैन ने रितेश खण्डेलवाल का हौसला अफजाई करते हुए कहा कि रितेश की सोच अन्य लोगों से हमेशा अलग होती है, हम आपकी उज्जवल भविष्य की कामना करते है,वही उनके साथ रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव तनवीर सिंह ने इस ने कार्य के लिए बधाई देते हुए कहा कि हर व्यक्ति को ऐसे मौके पर रक्तदान अवश्य करना चाहिए। रितेश की उज्जवल भविष्य की कामना करता हूं।मौके पर रितेश खण्डेलवाल ने कहा कि रविवार को मैंने 14वीं बार रक्तदान किया। रक्तदान कर मन को अपार संतुष्टि प्राप्त हुई है। मौके पर : हजारीबाग यूथ विंग के संरक्षक चंद्र प्रकाश जैन, रेड क्रॉस सोसाइटी के सचिव तनवीर सिंह, प्रमोद खण्डेलवाल, संजय कुमार,विकाश तिवारी, खेरी एवं शीला कुमारी सहित कई लोग मौजूद थे।

सऊदी में फँसे 45 भारतीय मजदूरों के सामने अन्न संकट

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : सऊदी अरब में फंसे झारखंड के 45 मजदूरों के सामने अब भोजन का संकट खड़ा हो गया है। उनलोगों ने फिर से पांचवी बार वीडियो जारी कर एक बार फिर भारत सरकार से मदद की गुहार लगाई है। मजदूरों का कहना है,कि उनके पास न तो खाने-पीने के लिए कुछ है और न ही पैसे हैं।प्रवासी मजदूरो के हित में कार्य करनेवाले सिकन्दर अली ने भारत एवं राज्य सरकार से तत्काल मजदूरों की मदद करने की अपील की है।उन्होंने कहा कि रोजगार के अभाव में झारखंड में आए दिन कहीं न कहीं से इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं। लोग रोजी रोटी की तलाश में विदेश जाते हैं, वहां उनको यातनाएं झेलनी पड़ती हैं। पलायन रोकने के लिए रोजगार की व्यवस्था करने की जरूरत है। इधर,मजदूरों के परिजन काफी परेशान है और वो भी सरकार से मदद मांग रहे है और जल्द से जल्द

मजदूरों की वतन वापसी की अपील कर रहे हैं।

बता दें कि बीते 11 मई को सभी मजदूर कॉमर्शियल टेक्नोलॉजी कंपनी के कॉन्ट्रैक्ट पर ट्रांसमिशन लाइन में काम करने के लिए सऊदी अरब गए थे। इसके एवज में बतौर कमीशन 55 हजार रुपए उन्हें देना पड़ा था। काम के बदले लाइनमैन को 15 सौ रियाल (करीब 33 हजार), हेल्पर को 11 सौ रियाल (करीब साढ़े 24 हजार) के अलावा ओवरटाइम के लिए 750 रियाल तथा खाने-पीने के लिए अलग से 300 रियाल देने का आश्वासन मिला था। 7 महीना काम करवाकर कंपनी ने केवल 2 महीने की मजदूरी दी है। बकाया मांगने पर टाल-मटोल कर रहे है। जिसके बाद मजदूरों ने अपनी मांग को लेकर हड़ताल कर दिया तो कंपनी ने खाना-पीना देना तक बंद कर दिया। सऊदी अरब में झारखंड के 45 मजदूर फंसे हैं। इनमें 25 मजदूर हजारीबाग जिले से हैं। वहीं अन्य बोकारो और गिरिडीह के हैं।

शहीद झारखंड आंदोलनकारियों का झामुमो ने मनाया शहादत दिवस

प्रभात मंत्र संवाददाता

विष्णुगढ़ : झामुमों द्वारा रविवार को विष्णुगढ़ प्रखंड अंतर्गत खरकी पंचायत के बलकमक्का में शहीद सोहर,मोहर,केवल बोधराम, साधु, सैनाथ, सनिचर, रामधनी मंडल का शहादत दिवस मनाया और श्रद्धासुमन अर्पित किया गया । कार्यक्रम की अध्यक्षता झामुमो बिष्णुगढ़ प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी ने किया,तथा संचालन प्रखंड सचिव संजय प्रजापति ने किया।

कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि झामुमो मांडू विधानसभा के युवा नेता गौरव पटेल भी उपस्थित रहे।

गौरव पटेल ने शहादत दिवस के

अवसर पर झामुमो कार्यकर्ताओं के साथ बारी बारी से शहीद की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर श्रद्धा सुमन अर्पित किया। शहीद के परिवार जनों को अंगवस्त्र भेंटकर शहीद के परिवारों को सम्मानित किया गया।

गौरव पटेल ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि शहीद रामधनी मंडल,साधु , सैनाथ,शनिचर महतो, स्व. टेकलाल बाबू के सच्चे साथी थे, उन्होंने झारखंड अलग राज्य आंदोलन में दादाजी टेकलाल बाबू के साथ कंधे से कंधा मिलाकर अपना बहुमूल्य योगदान दिया। जिसे कभी भी भुलाया नही जा सकता। शहीद सोहर मोहर के वल,बोधराम,साधु,सैनाथ, सनिचर रामधनी मंडल ने सामन्तवादियों द्वारा किये जा रहे शोषण के खिलाफ अपनी आवाज को बुलंद करते हुए अपना जीवन खपा दिया। अपने क्षेत्र में गरीब गुरबों की आवाज बनकर काम करते रहे।

प्रखंड अध्यक्ष कपिल देव चौधरी ने संबोधित करते हुए कहा कि सोहर मोहर,केवल,बोधराम, साधु सैनाथ,सनिचर,रामधनी मंडल ने इस क्षेत्र की जनता के लिए हमेशा से समर्पित थे,और आम जनों की लड़ाई लड़ते लड़ते शहीद हुए झारखंड मुक्ति मोर्चा उनके पहचान और विरासत को कभी मिटने नहीं देंगे ।

मौके पर मुख्य रूप से वरिष्ठ नेता राजू श्रीवास्तव,20 सूत्री सदस्य राणा इकबाल खान,सुनील अकेला,उपमुखिया अनुराग बर्मन,प्रखंड उपाध्यक्ष रामकिशोर महतो,रोहित दास,समाजसेवी दुलारचंद महतो,कमरेली मिया,डालचंद राणा,टेकामन महतो विजय महतो,सूरज महतो,जुमन अंसारी,भेखलाल महतो,प्रकाश महतो,शेख वसीम समेत काफी संख्या में कार्यकर्ताओं के साथ ग्रामीणों की मौजूदगी रही।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

झारखंड किकबॉक्सिंग एसोसिएशन ने 101 गरीबों व असहायो के बीच कंबल वितरण किया

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): आज झारखंड किकबॉक्सिंग एसोसिएशन के मेन रोड स्थित प्रधान कार्यालय में एसोसिएशन की तरफ से अध्यक्ष बी.सी. ठाकुर द्वार 101 गरीब असहायो के बीच कंबल वितरण किया गया मौके पर एसोसिएशन के सचिव ओवैस अरफात अंतरराष्ट्रीय किकबॉक्सिंग खिलाड़ी प्रवीण कुमार और अन्य पदाधिकारी गण उपस्थित थे।

झारखंड मुक्ति मोर्चा के उपाध्यक्ष बनें सोनू वर्मा

रांची(प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखंड मुक्ति मोर्चा के रांची जिला समिति एवं युवा मोर्चा के उपाध्यक्ष आशुतोष वर्मा (सोनू)को बनाया गया है सोनू वर्मा ने कहा केंद्रीय समिति के सभी गार्जियन लोगों का बहुत बहुत आभार , जो मुझे इस पद के योग्य समझे , मैं पार्टी का समर्पित कार्यकर्ता हूँ , आपने जो विश्वास मेरे प्रति व्यक्त किया है मैं अपने कार्य को पूरे निस्ठा से करने की पूरी कोशिस करूंगा ।

तेलंगाना विधानसभा क्षेत्र खैरताबाद के पर्यवेक्षक बनाए गए पलामू निवासी नौशाद आलम

रांची/पलामु(प्रभात मंत्र संवाददाता): झारखण्ड के डाल्टनगंज पलामू निवासी नौशाद आलम उर्फ मीनू को तेलंगाना विधानसभा क्षेत्र के खैरताबाद का कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग द्वारा पर्यवेक्षक नियुक्त किया गया है। तेलंगाना विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत खैरताबाद का पर्यवेक्षक बनाए जाने पर नौशाद आलम ने कहा कि कांग्रेस अल्पसंख्यक विभाग के अध्यक्ष सह राज्यसभा सांसद इमरान प्रतापगढ़ी द्वारा और कांग्रेस के वरिष्ठ नेताओं के निर्देशानुसार तेलंगाना विधानसभा क्षेत्र में कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए जल्द ही तेलंगाना का दौरा करूंगा। साथ ही खैरताबाद विधानसभा क्षेत्र के कांग्रेस प्रत्याशी की जीत सुनिश्चित करने के लिए डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाएंगे। उन्होंने कहा कि आदरणीय राहुल गांधी, सोनिया गांधी, प्रियंका गांधी, कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे, तेलंगाना कांग्रेस अध्यक्ष एवं अखिल भारतीय कांग्रेस अल्पसंख्यक के तेलंगाना प्रभारी फरहान जी के निर्देशानुसार कांग्रेस प्रत्याशियों की जीत सुनिश्चित करने के लिए युद्ध स्तर पर डोर टू डोर जनसंपर्क अभियान चलाएंगे और मुझे पूरा विश्वास है कि तेलंगाना में कांग्रेस की सरकार बनेगी।

औरंगाबाद भाजपा मिडिया प्रभारी राहुल कुमार ने नए वर्ष पर सोसो खुर्द टोल कर्मियों को दी शुभकामनाएं

गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता): औरंगाबाद ग्राम पंचायत जम्होर के भाजपा मिडिया प्रभारी ग्रामीण मंडल क्षेत्र के युवा समाज सेवी नेता राहुल कुमार ने सोसो खुर्द टोल कर्मियों को नए वर्ष 2024 पर बधाई दिया है। उन्होंने कहा की नया वर्ष सबके लिए शुभ मंगल हो।नए वर्ष पर सभी टोल कर्मी अपने पूरे परिवार के साथ अच्छे से मनाएं तथा माता पिता का आशीर्वाद लें। अपने अपने धर्म के अनुसार मस्जिद, मंदिर और चर्चों में इबादत व प्रार्थना जरूर करें।

जन भावना फाउंडेशन ने चाड़ी पंचायत में स्वास्थ्य शिविर का किया आयोजन

गोला(प्रभात मंत्र संवाददाता): प्रखंड क्षेत्र के चाड़ी पंचायत सचिवालय में रविवार को जन भावना फाउंडेशन के तरफ से निः शुल्क स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला परिषद सदस्या सरस्वती देवी और पंचायत की मुखिया नर्गिस मुसर्रत शामिल हुए। उन्होंने भी अपने स्वास्थ्य का चेकअप करवाया। इस संबंध में जनप्रतिनिधियों ने जनभावना फाउंडेशन के स्वास्थ्य शिविर को लेकर धन्यवाद दिया। इस दौरान जनभावना फाउंडेशन के जिला हेड सूरज कुमार शर्मा पतरातू ब्लॉक के ब्लॉक हेड मनोज श्रीवास्तव गोला ब्लॉक के ब्लॉक हेड अनिल यादव मौजूद थे। कार्यक्रम को सफल बनाने में चाड़ी पंचायत हेड रूबी,प्रियंका सुमित्रा,पूनम,निशा, आशा,श्रुति आदि का सराहनीय योगदान रहा। मौके पर पंचायत के कई महिला पुरुष शामिल थे।

सीसीएल सिरका सब स्टेशन से कर्मी श्याम सुंदर की हुई सेवानिवृत विदाई

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल सिरका फाईव एमवीए सबस्टेशन के प्रांगण में रविवार को विदाई समारोह आयोजित की गई। इसमें सेवानिवृत हुए एसबीए कर्मी श्याम सुंदर पासवान को इजिनियर व साथियों ने फूलमाला पहना व उपहार देकर विदाई दिया। अवसर पर प्रोजेक्ट इंजीनियर रवि कुमार, श्रमिक नेता नागेश्वर महतो, सनोहर राम, माथुर राम, प्रदीप तिवारी, शंकर बेदिया, जुगल बेदिया, रामचंद्र, कृष्णा महतो, वासुदेव बेदिया, मनोज कुमार, सुखदेव बेदिया, देवव्रत गुप्ता, अनिल, जमुना महतो, देवनारायण शर्मा, राजेंद्र राम, टीकाराम महतो, तरुण राम आदि उपस्थित थे।

बीएमएस के दो दिवसीय रांची आठवी अधिवेशन में पुनः पर्यावरण मंच के प्रदेश संयोजक बने प्रशांत, लोगों ने दी बधाई

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): भारतीय मजदूर संघ के दो दिवसीय आठवें अधिवेशन रांची धुर्वा सरस्वती विद्या मंदिर के प्रांगण में संपन्न हुआ। इसमें अरगड्डा निवासी समाजसेवी प्रशांत बेल्थरिया को बीएमएस के पर्यावरण मंच का पुनः प्रदेश संयोजक नियुक्त किया गया हैं। इससे बंधु, बांधवो में हर्ष व्याप्त हैं। बधाई देने वालों में सुधीर कुमार मिश्रा, मदन कुमार, विश्वनाथ सिंह, रंजीत पासवान, कमलेश कुमार, सुरेंद्र टुडू, चंदन सिंह, अनिमेष कुमार आदि शामिल हैं।

हेवी ब्लास्टिंग से घरों सहित स्कूलों में आई दरार, ग्रामीणों में उबाल

प्रभात मंत्र संवाददाता

उरीमारी : सयाल डी परियोजना में खुले आर ए माइनिंग कम्पनी के द्वारा लगातार हो रहे हेवी ब्लास्टिंग को लेकर सौंदा बस्ती एवं सरैया टोला के ग्रामीणों ने रविवार को एक बैठक की। वहीं इस बैठक में हेवी ब्लास्टिंग को लेकर सीसीएल प्रबंधन के प्रति भारी आक्रोश जताया ग्रामीणों ने और साथ ही जिन मकानों को क्षति पहुंची है उसका उचित मुवावजा देने की मांग किया गया। बता दें कि सेल संचालन समिति सौंदा बस्ती के अगुवाई में ग्रामीणों की ओर से प्रबंधन को हेवी ब्लास्टिंग को लेकर आवेदन भी दिया गया था और उन्हें मौखिक तौर पर भी हेवी ब्लास्टिंग पर रोक लगाने की बात कही गई थी। लेकिन सीसीएल प्रबंधन इस मामले पर मौन साधे हुए है। हैवी ब्लास्टिंग से ग्रामीणों के मकानों सहित स्कूलों की स्थिति ऐसी होती जा रही है कि कभी भी बड़ी

दुर्घटना घट सकती है। वहीं सभी ग्रामीणों ने एक स्वर में कहा कि अगर प्रबंधन घर में आई दरारों की उचित मुवावजा नही देती हैं तो हमलोग सयाल डी कोलियरी के आर ए माइनिंग कंपनी को बंद करने को बाध्य होंगे जिसकी सारी जवाबदेही सी.सी.एल. प्रबंधन कि होगी। वहीं सेल समिति के अध्यक्ष नितिश कुमार ने कहा कि सीसीएल प्रबंधन रैयतो कि समस्याओं को लेकर गंभीर नहीं हैं, हम लोगो के मौन को कमजोरी ना समझे प्रबंधन अन्यथा जल्द ही यह मुद्दा आंदोलन का रूप धारण कर लेगी।वहीं इस मौके पर ललन प्रसाद, रविन्द्र कुमार,सुरेश गिरी, रामविलास करमाली,राजदीप प्रसाद,पिंकू राज,धनेश प्रसाद, अखिलेश प्रसाद, दयानंद प्रसाद, अरविंद प्रसाद, निरंजन प्रसाद, दीपक कुमार, सुखदेव प्रसाद, हरिहर प्रसाद, बिक्रांत प्रसाद,जनक प्रसाद, जोगेन्दर प्रसाद, रमेश साव, रवि कुमार शिवनारायण प्रसाद, सूरज प्रसाद,गुप्तेश्वर प्रसाद, प्रेम, धीरेन सोनी, राजू कुमार, ओम प्रकाश,नंदलाल,मिंटू,अनिल,ललित, गुरुदयाल, अजय, कामेश्वर,बबलू, शिवनारायण, प्रकाश,विनोद, भोला, सोनी मुंडा, सरिता देवी, अनिता देवी, मंगली देवी, रीना देवी, रुक्मणि देवी,चंचला देवी, पुस्पा देवी,सीमा देवी इत्यादि लोग उपस्थित थे।

पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार कक्ष में सेवानिवृत्त कर्मियों का विदाई समारोह का आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : पुलिस अधीक्षक रामगढ़ पीयूष पांडे के द्वारा पुलिस अधीक्षक कार्यालय के सभागार कक्ष में सेवानिवृत्त कर्मियों का विदाई समारोह का आयोजन किया गया। सेवानिवृत्त पुलिस कर्मियों को पुलिस अधीक्षक पीयूष पांडे एवं वहां उपस्थित सभी पुलिस कर्मियों द्वारा उनके मंगल भविष्य की कामना करते हुए उन्हें ससम्मान विदाई दी गई। इस विदाई समारोह में अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी पतरातु , अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी रामगढ़, पुलिस उपाधीक्षक मुख्यालय पुलिस उपाधीक्षक परीक्षमन ,पुलिस निरीक्षक एवं पुलिस संगठन के पदाधिकारी एवं सेवानिवृत होने वाले पदाधिकारी एवं उनके परिजन उपस्थित थे।

रामगढ़ वार्ड नंबर छः में भाजपाइयों ने सुनी मन की बात

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : महीने के अंतिम रविवार को प्रसारित होने वाले प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का कार्यक्रम मन की बात को कुंटू बाबू की उपस्थिति में भाजपा कार्यकर्ताओं ने रामगढ़ के वार्ड नंबर छः में सुना। वर्ष 2023 की समाप्ति पर आयोजित होने वाले इस वर्ष के अंतिम मन की बात कार्यक्रम को सुनने के बाद रामगढ़ विधानसभा के पूर्व भाजपा प्रत्यासी सह सांसद प्रतिनिधि रणंजय कुमार उर्फ कुंटू बाबू ने कहा की प्रधानमंत्री जी के इस कार्यक्रम में आज फिटनेस एक्सपर्ट,खिलाड़ियों के द्वारा खानपान एवं योग पर विशेष ध्यान देने की बात कही गई जो आज के युवाओं को स्वस्थ रहने हेतु जरूरी है क्योंकि उन्होंने बताया की विकसित भारत का सबसे ज्यादा लाभ युवाओं को हीं मिलेगा और इसका प्रमाणस्वरूप उन्होंने मिलेट्स फूड्स को लेकर युवा उद्यमियों के स्टार्टअप कंपनियों के नाम भी गिनाए जिसके तहत रोजगार का सृजन हुआ। इस कार्यक्रम को सुनने वालों में मुख्य रूप से निवर्तमान नगर अध्यक्ष सह मीडिया प्रभारी राजीव पामदत्त, ओबीसी मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य दीपक सोनकर उर्फ मुन्ना खटीक, अरविंद सिंह, सुरजीत सिंह छाबड़ा, महेश चौधरी, अविनाश चौधरी, किसान मोर्चा विशेष आमंत्रित सदस्य मणिशंकर ठाकुर, किसान मोर्चा नगर अध्यक्ष सत्यजीत सिंह, मनोज इत्यादि दर्जनों लोग शामिल हुए।

पर्यटक भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण पिकनीक मनाएं : सुधीर मंगलेश

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : दुलमी प्रखंड के भैरवी जलाशय डैम मे नया साल में सैलानियों की बढतें भीड़ को देखते हुए दुलमी प्रखंड बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने डैम परिसर का निरक्षण किया। इस दौरान बीस सूत्री अध्यक्ष सुधीर मंगलेश ने कहा की पर्यटकों व सैलानियों की सुरक्षा के लिए नये साल के प्रथम दिन डैम क्षेत्र में गस्ती करने को लेकर रजरप्पा थाना प्रभारी से बात कर सुरक्षा एवं शराबियों के उपद्रव पर रोक लगाया जाए पर्यटक वाहन को सड़क से दूर खड़ा करें इससे आने वाले सैलानियों को कोई परेशानी ना हो नोखा बिहार एवं वोटिंग में बगैर लाइफ जैकेट की सैलानियों वोटिंग नहीं कराया जायेगा। साथ ही जिला प्रशासन से डैम परिसर में गोताखोर की तैनात कराने की आग्रह किया ताकि कोई अप्रिय घटना उसने पढ़ सके। नव वर्ष सबके लिए खुशहाल हो पर्यटक भाईचारे के साथ शांतिपूर्ण डैम में पिकनीक मनाएं एवं सौंदर्य का आनंद उठाएं। मौके पर प्रदीप महतो युगलकिशोर महतो उतम कुमार दिपक ठाकुर रामप्रसाद महतो आदि थे ।

अयोध्या के श्रीराम जन्मभूमि मंदिर से आए पवित्र अछत, क्लश का कराया गया भ्रमण

प्रभात मंत्र संवाददाता

गोला : श्री राम मंदिर अयोध्या में श्री रामलला की प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव के लिए आए अक्षत कलश की यात्रा का आयोजन किया गया। इस यात्रा में बड़ी संख्या में क्षेत्रवासियों और महिलाओं ने हिस्सा लिया। ढोल बाजे व डीजे के साथ कलश यात्रा निकली गई। अयोध्या के श्री राम जन्मभूमि मंदिर से आए पवित्र पूजित अछत, कलश का रविवार को पूरे सोसो कलां पंचायत के सभी गांवों में भ्रमण कराया गया। पंचायत के हेमतपुर, सोसो कलां, सोसो खुर्द, धमनाटांड, बरवाडीह और हिसिमदाग गांव में भ्रमण कराया गया तथा पूजित पवित्र, अछत कलश को गांवो के मंदिरों में भी रखा गया। कलश यात्रा सोसो कलां गांव से शुरू होकर हेमतपुर गांव में समापन हुआं। सोसो कलां पंचायत की मुखिया नीता देवी पवित्र पूजित अछत, क्लश को अपने माथे पर रखकर गांव का भ्रमण कराया। जय श्री राम के जयकारों से पूरा क्षेत्र गूंजायमान हो उठा। 1 जनवरी से 15 जनवरी तक राम भक्त घर घर जाकर राम मंदिर का निमंत्रण देंगे। निमंत्रण पत्र,राम मंदिर का चित्र और अछत घर घर जाकर राम भक्त देंगे।इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से पूर्व मुखिया सोसो कलां पंचायत बजरंग महथा, पूर्व वार्ड सदस्य जगेश्वर रजवार, खंड कार्यवाह जीतू,विहिप सह मंत्री, अभिषेक खत्री, बलोपासना केंद्र प्रमुख सनी महतो, बजरंग दल संयोजक शिवा प्रजापति, मिलन केंद्र प्रमुख प्रेम प्रजापति, प्रचार प्रसार प्रमुख दानिश पटेल, समाजसेवी राजेश महतो, मनोहर महथा, अरविंद करमाली, अम्बा देवी, सुनिता देवी सहित सैकड़ों ग्रामीण शामिल थे।

बिरसा सेल कमिटी के कार्य मे उरीमारी सेल कमिटी हस्तक्षेप ना करें अन्यथा होगा विरोध

प्रभात मंत्र संवाददाता

उरीमारी : उरीमारी के सिद्धू-कान्हू चौक स्थित आदिवासी छात्र संघ कार्यालय में रविवार को विस्थापित समिति उरीमारी बिरसा की एक बैठक की गई।वहीं इस बैठक की अध्यक्षता कार्तिक मांझी ने की। वहीं इस बैठक में रेलवे साइडिंग बिरसा में उरीमारी सेल कमिटी के द्वारा ग्रामीणो को रोजगार के नाम पर एकत्रित करके बिरसा सेल कमिटी के कार्य में हस्तक्षेप से जुड़े मामले पर विचार विमर्श किया गया। विस्थापित समिति के दशई मांझी ने कहा कि पुर्व से उरीमारी व बिरसा एवं न्यू बिरसा कमिटी अपने क्षेत्र में शांतिपूर्ण ढंग से लोकल सेल संचालित करते आई है। तीनों कमिटी कभी भी एक दुसरे के कार्यक्षेत्र में हस्तक्षेप नहीं किया है जिससे तीनों सेल कमिटी का व्यवस्था में कोई परेशानी नहीं हुई लेकिन बीते 30 दिसंबर को उरीमारी लोकल सेल कमिटी के पदाधिकारियों व ग्रामीणो के द्वारा बिरसा सेल कमिटी के कार्यक्षेत्र बिरसा रेलवे साइडिंग में विधि व्यवस्था में अड़चन डालने के उद्देश्य से रोजगार के नाम पर प्रदर्शन किया गया। जिसका बिरसा सेल कमिटी कड़ी निन्दा करती है। बिरसा सेल कमिटी ने चेतावनी देते हुए कहा कि उरीमारी सेल कमिटी यदि पुनः बिरसा सेल कमिटी के कार्य में हस्तक्षेप करती है तो उसका पुरजोर विरोध किया जाएगा। वहीं इस मौके पर विस्थापित समिति के दिनेश करमाली, खेपन मांझी, रैना टूडू, जुलाल करमाली, भवानी शंकर प्रसाद, तालों हांसदा, शिकारी टुडू, भादो करमाली, सत्यनारायण बेदिया, धनलाल बेदिया, जितेन्द्र यादव, सुबितराम किस्कू, बिनोद सोरेन, सहदेव टुडू, लालजी पावरीया, रामलाल बेदिया, गणेश मुर्मू, सोमरा पावरीया, सुरबदेव किस्कू, चमेशलाल सोरेन, अनिल मुर्मू, संजूल मांझी, राजू टुडू, मनोज टुडू, बिरजू मांझी, मंजीत मुर्मू, बीगना मांझी, दीपक मरांडी आदि लोग मौजूद थे।

हमारी संस्था के गठन का उद्देश्य ही है जरूरतमंद लोगों की मदद करना: अमित सिन्हा

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : पिछले तीन दिनो से शहर सहित जिलाभर में कोहरे और शीतलहर के प्रकोप से गरीब और बेसहारा लोगों को को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। जिसे ध्यान में रखकर झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा के नेतृत्व में शनिवार की रात्रि शहर के बिजुलिया रेलवे स्टेशन, नया बस स्टैंड, पुराना बस स्टैंड, रांची रोड रेलवे स्टेशन आदि स्थानों पर गरीब और जरूरतमंदों के बीच सैकड़ों की संख्या में कंबलों का वितरण किया गया। कड़ाके की ठंड में कंबल मिलने से रिक्शा चालक और मजदूर काफी खुश नजर आए और संस्था का आभार व्यक्त किया। वहीं रिक्शा चालकों और मजदूरों के बीच कंबल कर वितरण करते हुए झारखंड सेवा समिति के अध्यक्ष अमित सिन्हा ने कहा की हमारी संस्था का गठन ही गरीब और जरूरतमंदों की सेवा के लिए किया गया है।उन्होंने कहा की जहां भी जरूरतमंद लोगों के मदद की बात आती है। हमारी संस्था ने हमेशा बढ़ चढ़कर योगदान किया है। कहा की कड़ाके की ठंड और रिक्शा चालक और मजदूरों की परेशानी को देखते हुए झारखंड सेवा समिति ने कंबल के वितरण का निर्णय लिया है। सिन्हा ने कहा की झारखंड सेवा समिति प्रत्येक वर्ष जरूरतमदों के बीच कंबल का वितरण करती आयी है और भविष्य में भी हर प्रकार से उनकी मदद करती रहेगी।उनके साथ कंबल वितरण में नंदकिशोर गुप्ता, रंजन फौजी, मनोज मडल, विनोद साव, जीतू अग्रवाल, अजीत जायसवाल, अधिवक्ता आनंद सिन्हा ,विनोद जायसवाल, शैलेंद्र ठाकुर, नवनीत कुमार, सलमाल कादिर, अरविंद अग्रवाल, संजय साहू, राजेश कुमार, उत्तम कुमार सहित कई अन्य लोग शामिल हुए।

कोलयरी सिरका को रेलीगढ़ा से मिला पुराना होलपैक

सिरका(प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल सिरका परियोजना को कोलयरी रेलीगढ़ा से पुराना होलपैक मशीन मिला हैं। जिसे अधिकारी व सुरक्षा विभाग की टीम ने अपनी निगरानी में पुराना कर्मशाला सिरका में लाकर खड़ा किया हैं। बताया जाता है कि इससे खखन ओबी, कोयला उठाव में तीव्रता आएगी। मौके पर अधिकारी पुष्पेंद्र यादव, शाहबाज अंसारी, सुरक्षा हवलदार गंगा राम, ऑपरेटर आदि उपस्थित थे।

सीसीएल सुरक्षा गिददी सी प्रभारी हुए सेवानिवृत एएसआई संजय करेंगे जॉइन

गिद्दी(प्रभात मंत्र संवाददाता): सीसीएल अरगड्डा क्षेत्र के कोलियरी गिद्दी सी परियोजना में रविवार को सुरक्षा प्रभारी मनोहर टोप्पो की विदाई समारोह आयोजित की गई। इसमें मुख्य रूप से पीओ जितेंद्र कुमार, मैनेजर रामाशीष राम, डिपो ऑफिसर ठाकुर साहब, माईन इंचार्ज सर्वेश्वर हेंब्रम आदि उपस्थित हुए।

सभी अधिकारियों व सहकर्मियों ने रिटायर सुरक्षा प्रभारी मनोहर को फूलमाला पहना कर उपहार भेंट किया। साथ ही उज्जवल भविष्य की कामना की। बताया गया कि आगामी एक जनवरी 24 से सुरक्षा प्रभारी एसएसआई गिद्दी सी के रूप में संजय प्रसाद जॉइनिंग करेंगे। मौके पर कांटा इंचार्ज परशुराम चौधरी, स्टोर इंचार्ज सतीश, सुरक्षाकर्मी तौकीर अहमद, मदन, कामेश्वर मिस्त्री, रमेश कुमार, होमगार्ड प्रवीन मेहता, विनोद व महिला सुरक्षा कर्मी उपस्थित थी।

अध्यक्ष बने प्रकाश रंजन, सचिव बनाये गये मंसू महतो संरक्षक बने राजीव

प्रभात मंत्र संवाददाता

रजरप्पा : रविवार को दुलमी प्रखण्ड अंतर्गत होन्हे पंचायत के मलाशिली टुंगरी में मेला स्थल पर मकर संक्रांति मेला मनाने को लेकर ग्रामीणों की एक बैठक आयोजित की गई सर्व समिति से निर्णय के बाद मेला संचालन समिति बनाने पर विस्तृत रूप से चर्चा की हुई, मकरसंक्रांति टुसू मेला आगामी 15 जनवरी 2024 को होने वाले मालाशिली मेला व इस अवसर पर खोरठा एवं नागपुरी सांस्कृतिक कार्यक्रम का भव्य रूप से आयोजन होगा जिसके लिए टुसु महोत्सव मेला समिति का गठन किया गया। बैठक की अध्यक्षता होन्हे पंचायत के मुखिया राजीव कु मेहता व पूर्व मुखिया प्रतिनिधि बिहारी महतो एवं संचालन मंसू महतो ने किया। इस मौके पर सर्वसम्मति से मेला समिति के अध्यक्ष प्रकाश कुमार रंजन को बनाया गया। एवं सचिव मंसू महतो, एवं कोषाध्यक्ष तिरुपति पटेल, उपाध्यक्ष बैजनाथ ओहदार जितेंद्र कुमार, मिडिया प्रभारी राजेन्द्र कु महतो उर्फ रमन पटेल, उप सचिव, प्रशांत महतो, मुकेश जयसवाल, एवं संरक्षक राजीव कु मेहता, उमाशंकर महतो, बिहारी महतो, बलराम महतो, रामविलास महतो, विनोद नायक, किलश महतो, एवं कार्यकारणी सदस्य संदीप कुमार, सिंकू कुमार, बालकृष्ण ओहदार, विजय कुमार, भरत कुमार, टिकेसर महतो, राजेश मुंडा, सुरेन्द्र महतो, संतोष महतो, पंकज

एकेला, को बनाया गया। बैठक के दौरान निर्णय लेते हुए मकरसंक्रांति के शुभअवसर पर होने वाले आगामी 15 जनवरी के दिन माला शिली मेला में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी उर्मिला महतो के टीम सहित झारखंडी कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया जाएगा। और सांस्कृतिक कार्यक्रम के मुख्य अथिति राज्य के पूर्व मंत्री एवं माननीय गिरिडीह सांसद चंद्रप्रकाश चौधरी। एवं मेला व पूजा कार्यकर्म के उद्घघाटन करता रामगढ़ विधानसभा के लोकप्रिय विधायक सुनीता चौधरी। एवं विशिष्ट अथिति के रूप में पूर्व रामगढ़ जिप अध्यक्ष ब्रम्हदेव महतो एवं सम्मानित अथिति के रूप में रामगढ़ विधानसभा के युवा समाजसेवी पीयूष चौधरी होंगे।। बैठक के दौरान होन्हे पंचायत और सिकनी पंचायत के कई ग्रामीण उपस्थित थे।

वाहन चालको के समर्थन में आए धनंजय कुमार पुटूस

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़ : विगत दिनों लोकसभा में केंद्रीय मंत्री अमित शाह द्वारा पेश किए गए कानून को लेकर वाहन चालको में असमंजस की स्थित बनी हुई है। दुर्घटना होने पर दस साल की सजा व सात लाख का जुर्माना आदि की बाते सामने आने पर पूरे देश मे वाहन चालक व ट्रांसपोर्टरो द्वारा देश व्यापी आंदोलन किया जा रहा है।इस समस्या से रामगढ़ जिला के वाहन चालकों ने पूर्व विधायक प्रत्याशी सह रामगढ़ बचाओ संघर्ष समिति (आरबीएसएस) के केंद्रीय अध्यक्ष धनंजय कुमार पुटूस को अवगत कराया जिसके उपरांत धनंजय कुमार पुटूस ने वाहन चालको के खिलाफ लाए जा रहे काले कानून का विरोध किया और चालको के समर्थन में विरोध मार्च निकाला।धनंजय कुमार पुटूस ने कहा- वाहन चालक खुद गरीब होते हैं, किसी तरह अपने परिवार का पालन पोषण करते हैं। अगर यह काला कानून लागू हो गया तो अधिकांश वाहन चालको को परेशानियों का सामना करना पड़ेगा।सरकार द्वारा इस काले कानून को वापस नही लिया जाता है या इसमे संशोधन नही किया जाता है तो वाहन चालको के समर्थन में आंदोलन किया जाएगा।धनंजय कुमार पुटूस के द्वारा निकाले गए विरोध मार्च में रामगढ़ जिला के सैकड़ों वाहन चालक शामिल रहे।

बुद्धिजीवी मंच ने कडरू में पुस्तकालय सह अध्ययन केंद्र का किया शुभारंभ

प्रभात मंत्र संवाददाता

रामगढ़- बुद्धिजीवी मंच बरकाकाना क्षेत्र द्वारा क्षेत्र के ग्राम कडरू में छात्र छात्राओं और प्रतियोगिता की तैयारी करने वाले युवाओं की सुविधाओं के लिए पुस्तकालय सह अध्ययन केंद्र का सुभारंभ किया गया। जिसमें मंच के कई पदाधिकारी एव सदस्य शिरकत किए। कार्यक्रम का उद्घाटन मुख्य अतिथि कवित्री बेदिया ने किया। उन्होंने कहा कि बुद्धिजीवी मंच बरकाकाना क्षेत्र द्वारा निरंतर जन विकास का काम कर रहा इस सिलसिले की एक कड़ी है ग्राम कडरू में पुस्तकालय सह अध्ययन केंद्र का शुभारंभ। इस अवसर पर उन्होंने प्रतियोगिता की तैयारी के दर्जनों पुस्तक अपनी ओर से समर्पित की। कार्यक्रम की अध्यक्षता मंच के अध्यक्ष प्रदीप करमाली ने किया और संचालन मुख्य संयोजक पंचदेव करमाली ने किया। विशिष्ठ अतिथि के रूप में कार्यकारी अध्यक्ष उमेश महतो, अधिवक्ता धनंजय यादव, मंच के सचिव प्रो शाहनवाज खान, उपकोषाध्यक्ष देवकी बेदिया, प्रदीप चक्रवर्ती, हेहल सतातों मास्टर मनिभूषण सिंह ने अपने अपने प्रेरणात्मक वक्तव्य दिया। सभी ने कहा कि विद्यार्थी पढ़ाई करें परीक्षा की तैयारी करें मंच हर तरह से सहयोग करने को तैयार है। अधिवकता उमेश महतो और अधिवक्ता धनंजय यादव ने आठवीं से बारहवीं तक के सामाजिक एवम

सामान्य विज्ञान की सभी पुस्तक समर्पित करने का वचन दिए। पत्रकार सुनील कुमार ने पत्रकारों के और से पचास पुस्तक समर्पित करने की घोषणा किए, पत्रकार बसंत कुमार ने कानूनी जानकारी की पुस्तक देने की बात कही। मंच द्वारा अध्ययन केंद्र में ट्यूटर उपलब्ध कराया जाएगा। अंत में पुस्तकालय सह अध्ययन केंद्र के संचालन के लिए एक समिति बनाई गई जिसके अध्यक्ष विशुन बेदिया, सचिव मगन कुमारी, कोषाध्यक्ष अंजू कुमारी। कार्यक्रम में रामा ठाकुर, राजेंद्र बेदीया, देवरतन बेदिया, रमेश बेदिया, युगेश बेदिया, संजय बेदिया, विजय बेदिया, ज्योति कुमारी, उमा कुमारी, प्रियंका कुमारी, सुमा कुमारी, फुलमनी, राजनीति, कलावती, किरण, केमेली रबीना, नेवंती, रूप, अनीता, काजल, ललिता, अदित्य कुमार बेदिया आदि उपास्थित थे।

प्रभात मंत्र

e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com

धनबाद/गिरिडीह

रांची, सोमवार, 01 जनवरी 2024 | पेज 10

ट्रस्ट ने विधायक के सहयोग से किया जर्सी, फुटबॉल व कम्बल का वितरण

महुदा(प्रभात मंत्र संवाददाता) : बाघमारा प्रखंड अंतर्गत महुदा में झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा आज ट्रस्ट कार्यालय कंचनपुर में बाघमारा विधायक ढुलू महतो के सहयोग से पांच बालिका फुटबॉल टीम को जर्सी, फुटबॉल एवं 50 जरूरतमंदो को कम्बल दिया गया। ट्रस्ट कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक प्रतिनिधि शत्रुघन महतो ने कहा कि झारखंड ग्रामीण विकास ट्रस्ट द्वारा ग्रास रूट में जन हित में कार्य कर रही है विधायक के सहयोग से छोटा सा प्रयास किया गया। ट्रस्ट के संस्थापक शंकर रवानी ने कहा की ट्रस्ट द्वारा 2023 में बाल मुद्दे पर धनबाद में ट्रस्ट के कार्यकर्ताओं के सहयोग से ऐतिहासिक कार्य किया है। कार्यक्रम में अध्यक्ष पूनम वर्मा, सचिव हलीमा एजाज, कोषाध्यक्ष विनोद महतो, ममता रवानी, समन्वयक नईमुद्दीन अंसारी, काउंसलर सीता कुमारी, भागीरथ सिंह, बेला कुमारी, दीपा रवानी, मोहन रजक, असरफ अंसारी, योगेश्वर रवानी, कामेश्वर महतो, निजामुद्दीन अंसारी, प्रियंका बेबी, सुमित्रा देवी, मुमताज अंसारी, सागर रवानी, पुजा कुमारी, गुलनाज बानो, माला देवी आदि मुख्य रूप से उपस्थित थे।

भाजपा नेत्री प्रो. विनीता ने जरुरतमंदों में बांटे कंबल

गिरिडीह(प्रभात मंत्र संवाददाता) : सेवा ही लक्ष्य कार्यक्रम के तहत रविवार को भाजपा नेत्री प्रो. विनीता कुमारी एवं उनकी पूरी टीम के द्वारा उदनाबाद पंचायत के कोयमारा गांव में बुजुर्गों, महिलाओं, विकलांग व्यक्तियों के बीच कंबल का वितरण किया गया।प्रो. विनीता कुमारी ने कहा कि भाजपा लगातार गरीबों, वंचितों, दलितों और महिलाओं की भलाई के निरंतर कार्य करती है और हम सभी देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी का आभार व्यक्त करते हैं। जिन्होंने अनगिनत जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ लोगों को दिया है। संगीता सेठ ने कहा कि 50 प्रतिशत आबादी महिलाओं की है। जब महिलाएं संगठित होंगी तभी देश और राज्य में अच्छी शासन व्यवस्था आ सकती है। भाजपा के नगर मंत्री समीर दीप, मंडल अध्यक्ष राजेश गुप्ता, वरिष्ठ नेता अनुप सिन्हा, जिलाध्यक्ष संगीता सेठ, नगर संयोजक अमित आर्या, जिला महामंत्री सावित्री भारती, पूर्व मंडल अध्यक्ष दीपक पंडित, महामंत्री सीताराम वर्मा, पंचानंद वर्मा , डॉ. विरेन्द्र वर्मा, रवीन्द्र कुमार, रंजीत वर्मा, प्रियंका देवी, सुनीता देवी आदि के साथ सैकड़ों महिलाएं एवं बुजुर्ग उपस्थित थे।

बाउरी समाज की बैठक में गौरचंद का इस्तीफा नामंजूर

कतरास(प्रभात मंत्र संवाददाता) : लिलौरी मंदिर में स्थित जानवी धर्मशाला में रविवार को अखिल भारतीय बाउरी समाज कल्याण समिति के केंद्रीय कमेटी की एक महत्वपूर्ण बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता में निवर्तमान चिरकुंडा नगर परिषद के अध्यक्ष डब्लू बाउरी ने की। निवर्तमान अध्यक्ष डब्लू बाउरी ने बताया कि अखिल भारतीय बाउरी समाज कल्याण समिति के केंद्रीय अध्यक्ष गौरचंद बाउरी द्वारा दिए गए इस्तीफा को आज की बैठक में सर्वसम्मति से उनके इस्तीफे को नामंजूर कर दिया गया है। श्री डब्लू बाउरी ने कहा कि आज के बैठक के बाद उनके आवास में जाकर उन्हें अध्यक्ष पद पर बने रहने के लिए मना लिया गया है। उन्होंने कहा कि गौरचंद बाउरी हमारे समाज के स्तंभ हैं। बैठक में अमर बाउरी, श्रीमंत बाउरी, वकील बाउरी, जगन्नाथ बाउरी, युधिष्ठिर बाउरी, प्रहलाद बाउरी, अजीत बाउरी, गोपाल बाउरी, तारापदो बाउरी, कविता देवी, लालू बाउरी, दिलीप बाउरी, रीना देवी, विकास बाउरी, रमेश बाउरी, राजू बाउरी, प्रिया देवी, अशोक बाउरी आदि उपस्थित थे।

वृहत झारखंड कला संस्कृति मंच ने भव्य रूप से मनाया टुसू पर्व, जमकर हुआ नृत्य

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : बुधवार को वृहत झारखंड कला संस्कृति मंच ने डहरे टुसू कार्यक्रम का आयोजन धनबाद में किया। जिसमें लाखों की संख्या में झारखंडी प्रेमी 24 जिलों से शामिल हुए। टुसू पर्व गांव से निकल कर आज दूसरी बार धनबाद शहर के बीचों बीच मनाया गया। टुसू पर्व गांव में नई धान के फसल तैयार हो जाने के बाद झारखंडी संस्कृति में टुसू पर्व मनाया जाता है। इस त्यौहार में तरह तरह के व्यंजन बनाए जाते हैं जो धान से तैयार होते हैं। रणधीर वर्मा चौक पर अजीत महतो ने बताया कि झारखंड के भाषा संस्कृति को बचाने के लिए इस तरह के त्योहार का आयोजन बहुत जरूरी है। सरायढेला से रणधीर वर्मा चौक तक तरह तरह की झारखंडी झांकी एवं झारखंड से जुड़े सांस्कृतिक नृत्य टुसू के गीतों पर इस महारैली में देखने को मिली जो झारखंडी सभ्यता से जुड़ी थी। रणधीर वर्मा चौक पर काफी देर तक झांकी में शामिल पुरुष एवं महिलाएं टुसू पर्व का जश्न टुसू गीतों पर नृत्य करके मनाते रहे। इस मौके पर मुख्य रूप से अजीत महतो, राजा बाबू, संतोष महतो, मनोज महतो, मिथुन महतो, नरेश महतो, टुनटुन महतो, उत्तम महतो, रंजीत कुमार, रूपलाल, सोनू, विवेक, राहुल, सुशील, महतो साहिल सहित हजारों की संख्या में लोग मौजूद थे।

सउदी में फंसे झारखंड के 45 मजदूरों को खाने-पीने के पड़े लाले

प्रभात मंत्र संवाददाता

बगोदर/गिरिडीह : सऊदी अरब में फंसे झारखंड के 45 मजदूरों के सामने अब भोजन का संकट खड़ा हो गया है। उनलोगों ने फिर से पांचवी बार वीडियो जारी कर एक बार फिर भारत सरकार से मदद की गुहार लगाई है। मजदूरों का कहना है कि उनके पास न तो खाने-पीने के लिए कुछ है और न ही पैसे हैं। प्रवासी मजदूरो के हित में कार्य करनेवाले सिकन्दर अली ने भारत एवं राज्य सरकार से तत्काल मजदूरों की मदद करने की अपील की है। उन्होंने कहा कि रोजगार के अभाव में झारखंड में आए दिन कहीं न कहीं से इस तरह के मामले सामने आ रहे हैं। लोग रोजी रोटी की तलाश में विदेश जाते हैं, वहां उनको यातनाएं झेलनी पड़ती हैं। पलायन रोकने के लिए रोजगार की व्यवस्था करने की जरूरत है। इधर,मजदूरों के परिजन काफी परेशान है और वो भी सरकार से मदद मांग रहे है और जल्द से जल्द मजदूरों की वतन वापसी की अपील कर रहे हैं।

बता दें कि बीते 11 मई को सभी मजदूर कॉमर्शियल टेक्नोलॉजी कंपनी के कॉन्ट्रैक्ट पर ट्रांसमिशन लाइन में काम करने के लिए सऊदी अरब गए थे। इसके एवज में बतौर कमीशन 55 हजार रुपए उन्हें देना पड़ा था। काम के बदले लाइनमैन को 15 सौ रियाल (करीब 33 हजार), हेल्पर को 11 सौ रियाल (करीब साढ़े 24 हजार) के अलावा ओवरटाइम के लिए 750 रियाल तथा खाने-पीने के लिए अलग से 300 रियाल देने का आश्वासन मिला था। 7 महीना काम करवाकर कंपनी ने केवल 2 महीने की मजदूरी दी है। बकाया मांगने पर टाल-मटोल कर रहे है। जिसके बाद मजदूरों ने अपनी मांग को लेकर हड़ताल कर दिया तो कंपनी ने खाना-पीना देना तक बंद कर दिया। सऊदी अरब में झारखंड के 45 मजदूर फंसे हैं। इनमें 25 मजदूर हजारीबाग जिले से हैं। वहीं अन्य बोकारो और गिरिडीह के हैं।

35 टन अवैध कोयला लोड व 40 टन कोयला लदा संदिग्ध ट्रक जब्त

धनबाद(प्रभात मंत्र संवाददाता) : उपायुक्त सह जिला दंडाधिकारी वरुण रंजन के निर्देश पर कोयला, बालू सहित अन्य खनिज संपदा के अवैध खनन, भंडारण तथा परिवहन के विरूद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति अपनाते हुए जिला खनन टास्क फोर्स द्वारा लगातार जिले के विभिन्न क्षेत्रों में सघन छापामारी अभियान चलाया जा रहा है। इसी कड़ी में अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक के नेतृत्व में जिला खनन टास्क फोर्स ने बीती रात लगभग 12:00 बजे पुटकी थाना के साथ औचक छापामारी कर सियालगुदरी मध्य विद्यालय के पास लगभग 35 टन अवैध कोयला लदे ट्रक संख्या यूपी 44 एटी 3664 को पकड़ा। इसके बाद पुनः रात 1 बजे अनुमंडल पदाधिकारी के नेतृत्व में टीम ने सिजुआ 12 नंबर रेलवे फाटक के पास लगभग 40 टन कोयला लदे ट्रक संख्या जेएच 10 सीटी 2081 को संदिग्ध हालात में पकड़ा। इस संबंध में अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि जिला खनन टास्क फोर्स को देखकर दोनों ट्रक के चालक फरार हो गए। वहीं लगभग 35 टन अवैध कोयला लदा ट्रक को पुटकी थाना एवं लगभग 40 टन कोयला लदा ट्रक को जोगता थाना को सुपुर्द कर दिया गया है। साथ ही अंचल अधिकारी पुटकी विकास आनंद के आवेदन पर पुटकी व जोगता थाना में प्राथमिकी दर्ज करने की कार्रवाई जारी है। वहीं लगभग 40 टन कोयले के संबंध में जिला खनन विभाग एवं जीएसटी विभाग से दस्तावेज की जांच कर आगे की कार्रवाई करने का अनुरोध किया गया है। अनुमंडल पदाधिकारी ने बताया कि कोयला के अवैध खनन, भंडारण एवं परिवहन के विरुद्ध छापामारी अभियान जारी रहेगा। इस अभियान में अनुमंडल पदाधिकारी उदय रजक, अंचल अधिकारी पुटकी विकास आनंद, पुटकी एवं जोगता थाना के थाना प्रभारी के अलावा दोनों थाना के पुलिस बल मौजूद थे।

स्वामी श्रद्धानंद जी का बलिदान दिवस बड़े ही धूमधाम से मनाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

टुंडी : स्वामी श्रद्धानंद बलिदान दिवस मनाया विश्व परिषद के कार्यकर्ताओं गान ने आज दिनांक 31 दिसंबर 2023 को टुंडी प्रखंड भूसा बाक शिव मंदिर प्रांगण में विक्रम सिंह की अध्यक्षता में विश्व हिंदू परिषद की बैठक हुई बैठक में अयोध्या से आए हुए निमंत्रण पत्र अक्षत घर-घर जाकर निमंत्रण कार्यकर्ताओं को सभी घरों में देना है इस बात पर चर्चा हुई और बढ़कर से महाराजगंज होते हुए कटनिया ओझाड़ी तक 22 जनवरी को झांकी निकालने के विषय पर चर्चा हुई उसमें मुख्य अतिथि के तौर पर उपस्थित हैं जिला सत्संग प्रमुख देव कुमार पांडे जी पूर्व प्रखंड अध्यक्ष विक्रम सिंह वीर जी बजरंग दल संयोजक नवीन गोस्वामी जी विश्व हिंदू परिषद के प्रखंड मंत्री दीपक कुमार जी लालू गोस्वामी जी और कुंदन सिंह जितेंद्र मंडल जयप्रकाश पांडे सनोज सिंह अंबिका चंद्र गणेश रजवार राजेश सिंह पवन मंडल मंटू रजक के अलावे भारी संख्या में बजरंगी सेना उपस्थित थे।

शराब दुकानों पर प्रिंट रेट से अधिक वसूली को लेकर आप ने की प्रेस वार्ता, दी आंदोलन की चेतावनी

प्रभात मंत्र संवाददाता

धनबाद : आम आदमी पार्टी धनबाद जिला का प्रेस वार्ता डिगवाडीह स्तिथ आप नेता मदन राम के आवासीय कार्यालय में संपन्न हुई। प्रेस वार्ता में मदन राम तथा जितेंद्र पासवान ने अपनी बात रखते हुए कहा कि धनबाद जिला में जितने भी सरकारी शराब दुकान हैं, उस दुकानों पर प्रिंट रेट से अधिक दामों पर बेचकर अवैध वसूली किया जा रहा है जिसका कोई हिसाब सरकार के पास लेखा-जोखा नहीं है। यह एक बहुत बड़ा घोटाला है। तय मूल्य से अधिक रकम लेने के कारण यहां के लोग नकली शराब का सेवन करने में लगे हुए हैं तथा दिन प्रतिदिन नकली शराब तस्कर बड़े पैमानों पर अपना अवैध कारोबार करने में सफल हो रहे हैं। नकली शराब के कारण लोग बीमार पड़ रहे हैं तथा सरकार का राजस्व का भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है। शराब के इस बड़े घोटाले को जल्द नहीं रोका गया तो आम आदमी पार्टी के बैनर तले धनबाद जिला में बड़ा आंदोलन किया जाएगा। आंदोलन से पहले सभी दुकानों का मुआयना कर दुकानदार पर कंज्यूमर कोर्ट मे शिकायत किया जाएगा। बताते चलें कि धनबाद के झरिया, बलियापुर, हीरापुर, निरसा सहित अन्य क्षेत्रो में अवैध नकली शराब मिनी फैक्ट्री का उद्भेदन हो चुका है। मुख्य शराब माफिया पुलिस गिरफ्त से बाहर हैं। प्रेस वार्ता में मुख्य रूप से मदन राम, जितेंद्र पासवान, सोमनाथ चटर्जी, डब्लू अंसारी, उपस्थित थे।

'मन की बात' के 108 वें एपीसोड का पटना जं. पर किया गया लाईव प्रसारण

प्रभात मंत्र संवाददाता

हाजीपुर : माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ''मन की बात'' कार्यक्रम के 108वें एपीसोड का आज दानापुर मंडल के पटना जंक्शन पर लाईव प्रसारण किया गया । पटना जं. पर आयोजित कार्यक्रम में माननीय सांसद सुशील कुमार मोदी एवं माननीय सांसद रामकृपाल यादव तथा अन्य गणमान्य अतिथिगण ने माननीय प्रधानमंत्री के 'मन की बात' को सुना। इस अवसर पर पूर्व मध्य रेल के महाप्रबंधक अनिल कुमार खंडेलवाल, दानापुर मंडल के मंडल रेल प्रबंधक जयंत कुमार चैधरी ने भी अधिकारियों के संग 'मन की बात' को सुना । बड़ी संख्या में रेल यात्रियों ने भी माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के ''मन की बात'' कार्यक्रम के लाइव प्रसारण को सुना।

बाघमारा फेज 2 सम्पूर्ण ग्रामीण जलापूर्ति योजना के मुख्य गेट

प्रभात मंत्र संवाददाता

महुदा : बाघमारा प्रखंड अंतर्गत धर्माबांध पहड़ी में नवनिर्मित वाटर फिल्टर प्लांट के मुख्य गेट के सामने गोली चली है। इस संबंध में धर्माबांधओपी को एक आवेदन देकर गार्ड सुनील कुमार महतो ने बताया कि धर्माबांध पहाड़ी स्थित नवनिर्मित बाघमारा फेज-2 सम्पूर्ण ग्रामीण जलापूर्ति योजना में मुख्य गेट के सामने सुबह 10.30 बजे रविवार को अचानक एक काला रंग का पल्सर बाइक से दो लोग मुख्य द्वार के समीप पहुंचे और पिस्तोल के गोली चलाते हुए धमकी दिया की अपने बॉस को बोल देना उसे गोली मार देगें। यह कहते हुए के दोनों अपराधी फोर लेन एक की ओर बाईक से ही भाग निकले, इस दौरान अपराधीयों का पस्तोल का एक गोली पिस्तौल का मैगजीन जमीन पर गिर गया। धर्माबांध ओपी प्रभारी रोहित कुमार सिंह ने बताया कि मामले की जांच चल रहा है । जो भी लोग संलिप्त पाए जाएंगे छोड़ा नहीं जाएगा।

प्रभात मंत्र
e-mail : prabhatmantraranchi@gmail.com
लोहरदगा/सिमडेगा
रांची, सोमवार, 01 जनवरी 2024| पेज 11

संक्षिप्त खबरें

दो जनवरी को रांची में प्रभारी का होगा अभिनंदन समारोह : आलोक साहू

लोहरदगा : लोकसभा समन्वय समिति के सदस्य आलोक कुमार साहू ने बताया कि अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के महासचिव सह झारखंड के नवनियुक्त प्रभारी गुलाम अहमद मीर 2 जनवरी 2024 को पहली बार झारखंड पधार रहे हैं। इस निमित्त झारखंड प्रदेश कांग्रेस कमेटी के द्वारा अपराह्न 1:30 बजे संगम गार्डन मोराबादी रांची में अभिनंदन समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया है। इस अभिनंदन समारोह में लोहरदगा लोकसभा क्षेत्र से काफी संख्या में कांग्रेस जन शामिल होंगे।

केंद्र सरकार के विरुद्ध चालक हुए गोलबंद, कानून वापस लो वरना होगी आर्थिक नाकेबंदी

सेन्हा-लोहरदगा : प्रखंड क्षेत्र के भड़गाँव पंचायत स्थित मेला टांड़ मैदान में वाहन चालकों के विरुद्ध नया नियम लागू करने सम्बन्ध में वाहन चालक संघ का बैठक बिनोद कुमार राम की अध्यक्षता में बैठक आयोजन किया गया गया। आयोजित बैठक में केंद्र सरकार द्वारा भारी वाहन चालकों के लिये बनाया गया। नया कानून के विरोध में बैठक कर निर्णय लिया गया की आगामी 3 जनवरी 2024 तक इस कानून को केंद्र सरकार द्वारा संसोधन नही किया गया तो सभी चालकों द्वारा अनिश्चित कालीन हड़ताल पर जाने का निर्णय लिया गया। साथ ही बिनोद कुमार राम ने कहा कि कि केंद्र सरकार द्वारा लागू किया गया।

पीएम मन के बात कार्यक्रम का लाईव प्रखंड क्षेत्र के बूथ क्षेत्रों मे भाजपायीईयों ने प्रसारण सुना

पीएम ने गुमला के मंगलो गांव की शिक्षा के क्षेत्र में अरविंद उरांव के कार्य का किया प्रशंसा : सुरजमोहन साहू

प्रभात मंत्र संवाददाता

कैरो-लोहरदगा : प्रखंड कैरो जिला लोहरदगा के अंतर्गत 31 दिसंबर वर्ष 2023 अन्तिम महिने के अन्तिम रविवार को प्रखंड क्षेत्र के भाजपायीईयों ने पीएम मन की बात कार्यक्रम 108 वें एपिसोड का लाईव प्रसारण टीवी, रेडियो व स्मार्ट्फ़ोन्स पर सुना। प्रखंड क्षेत्र के बूथ संख्या 168 पर भाजपा जिला उपाध्यक्ष सह कार्यक्रम के जिला संयोजक सुरज मोहन साहू,जिला कासस0 विशेश्वर प्रसाद दीन, प्रखंड महामंत्री मनोज साहू, ओबीसी प्रखंड अध्यक्ष राजेश सोनी,पंकज साहू,ओम सोनी इत्यादि भाजपायीईयो ने 108 वे एपिसोड का लाईव रेडियो पर सुना। इस अवसर पर कार्यकम

सुनने के पश्चात भाजपा जिला उपाध्यक्ष सूरज मोहन साहू ने प्रेस को बताया कि पीएम ने 108 वे एपिसोड मे झारखंड के गुमला जिले के शिशई प्रखंड के मँगलो गाँव मे कार्तिक उराँव आदिवासी कुडुख विद्यालय मे शिक्षा के क्षेत्र मे अरविंद उराँव के द्वारा किये जा रहे जागरुकता को पीएम ने मन की बात मे भूरि-भूरि प्रशंसा की। हम सब को अरविंद उराँव के कार्यो से प्रेरणा लेकर इसी तरह के कार्य करने की आवश्कता है। साहू ने कहा कि पीएम ने फिजिकल हेल्थ फिटनेश मे क्रिकेट खिलाड़ी हरमन प्रीत कौर, शतरंज के ग्रेन्ड मास्टर विश्वनाथन आनन्द, फिल्मी स्टार अक्षय कुमार इत्यादि के बिचारो को भी हेल्थ जगत मे फिटनेश की विचार साझा किये वही 22 जनवरी को राममन्दिर उद्घाटन के दिन देशवासियों से प्रत्येक घरो मे दिपोत्सव मना कर विकसित व आत्मनिर्भर भारत निर्माण मे हर देशवासियो को बढ़ चढ़ कर सहभागिता की बात की। इस अबसर पर पीएम ने अनेको समाजिक चर्चाएं 108 वे एपिसोड मे किया मौके पर अनेको भाजपा कार्यकर्ता व आम लोगो ने भी 108 वे एपिसोड का लाईव प्रसारण सुना।

दो दिवसीय डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स चैंपियनशिप का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : एथलेटिक्स एसोसिएशन के तत्वावधान में दिनांक 30 एवम 31दिसंबर 2023 को स्थानीय ललित नारायण स्टेडियम लोहरदगा मे दो दिवसीय डिस्ट्रिक्ट एथलेटिक्स चैंपियनशिप का आयोजन किया गया। जिसमे अंडर 14 बालक एवम बालिका का ट्रेलथोलन के तहत् 60 मीटर दौड़,80 मीटर बाधा दौड़, हाई जंप, लॉन्ग जंप एवम 600 मीटर दौड़ का आयोजन किया गया। अंडर16 बालक एवम बालिका ग्रुप में 60 मीटर, 80 मीटर हर्डल,600 मीटर दौड़ एवम हाई जंप शॉट पुट, जैवलिन थोरो का आयोजन सामिल है। चयनित प्रतिभागियों की सूची इस प्रकार हैं अंडर 16 बालक, विल्सन लकड़ा, अशोक उरांव, कमलेश उरांव। बालिका वर्ग में लक्ष्मी कुमारी, सुरजी उरांव, राजरानी कुमारी, अनीशा कुमारी, अंडर14 बालक आशीष उरांव, करमचंद भगत, विवेक उरांव, बालिका वर्ग में

जस्मीन कुमारी, शिल्पा उरांव, रानी प्रेरणा का चयन किया गया। जो एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा आयोजित 19 वा नेशनल इंटर डिस्ट्रिक्ट जूनियर एथलेटिक्स मीट 2024 मे गुजरात के अहमदाबाद में आगामी 16 से 18 फरवरी 2024 में आयोजित होने वाले मीट में भाग लेंगी। इसके साथ ही झारखंड एथलेटिक्स संघ के तत्वावधान में दिनांक 07/01/2024 को सरायकेला में राज्य स्तरीय क्रॉस कंट्री में भाग लेने के लिए 22 सदस्यीय खिलाड़ियों का चयन किया गया। जो लोहरदगा जिला का प्रतिनिधित्व करेंगे। इस आयोजन को सफल बनाने में एथलेटिक्स एसोसिएशन के सचिव सुखैरभगत, कुयूम खान, जाहिद अहमद, संतोष राम, विनय उरांव, विनोद महतो, दीपक कुमार, बिरेंद्र कुमार, जोगेंद्र उरांव, बबलू उरांव, प्रेरणा पन्ना, मोहित उरांव, लक्ष्मी कुमारी, अमर उरांव, मंजय उरांव, विकाश कुमार महतो, सूरज कुमार आदि ने महत्वपूर्ण योगदान दिया।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की मन की बात राजनीति से ऊपर उठ कर है : अमरेश भारती

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : भारत के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी जी की मन की बात का 108 वा प्रसारण नगर मंडल में अनेक शक्ती केंद्रों में सुना गया। नगर अध्यक्ष अमरेश भारती ने बाल्मिकी नगर में कार्यकर्ताओं के साथ मन की बात सुनने के पश्चात कहा कि भारत के यशस्वी प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की मन की बात राजनीति से ऊपर उठ कर है। इनके मन की बात में देश के छिपे हुए प्रतिभाओं को खोज खोज कर देश के सामने रखते हैं। जैसे इस बार एक हास्य कवि के गुण और कर्तव्य को हमारे बीच रखा। ये एक ऐसे कवि हैं, जिन्होंने अपने जीवन के 50 वर्ष पूरे होने के बाद

अपनी कमाई का एक भी पैसा घर नही ले जाते हैं और करोड़ों रुपए समाज और देश के उत्थान में लगा देते हैं। इस प्रकार इन्होंने अनेक प्रतिभाओं को देश के सामने रखते हैं और दुनिया को बताते हैं कि आज तक ये विभूतियां पर किसी को जानकारी तक नही होती। लेकिन मन की बात ऐसा कार्यक्रम है जो देश में छिपे हुए रत्न को दुनिया के सामने लाने का माध्यम बन चुका है। अन्त में नगर अध्यक्ष ने सबों को कार्यक्रम में शामिल होने पर बधाई दिया और आग्रह किया कि इसी प्रकार आगे भी मन की बात सुनने के लिए लोगों को प्रेरित भी करते रहें। कार्यक्रम में बजरंग करुआ के साथ अनेक लोग शामिल हुए।

वर्ष 2024 में जिले में बहेगी विकास की गंगा, सड़कों का भी बिछेगा जाल : विधायक भूषण बाड़ा

➲हर मजदूरों को उनका हक, हर खेत को सिंचाई के लिए पर्याप्त मात्रा में पानी एवं अनुबंध कर्मियों की सेवा स्थाई करवाने का रहेगा प्रयास

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : सिमडेगा विधायक भूषण बाड़ा ने कहा कि वर्ष 2024 का सूर्य नई आशा एवं उम्मीद के साथ उदय होगा। यह वर्ष विकास भरा वर्ष होगा। इस वर्ष क्षेत्र में जर्जर पड़े सभी कालीकरण पथों को दुरुस्त किया जाएगा। गांव गांव सड़कों का जाल बिछेगा। बीरु से रामरेखाधाम तक सड़क निर्माण कार्य पूर्ण कर इसे चालू कराया जाएगा। कई नदियों पर उच्च स्तरीय पुल का भी निर्माण होगा। बिजली विहिन गांवों में भी बिजली पहुंचाने का प्रयास होगा। गलत बिजली बिल

सुधार के लिए कैंप लगाया जाएगा। उन्होंने कहा कि वर्ष 2024 के अंत तक शहरी क्षेत्र के अलावे ग्रामीण क्षेत्र के हर घर को नल से जल उपलब्ध कराने का प्रयास किया जाएगा। विधायक ने कहा कि पर्यटक एवं धार्मिक स्थलों का भी तेजी से विकास किया जाएगा। स्वास्थ्य व्यवस्था दुरुस्त होगी। सदर अस्पताल में पर्याप्त मात्रा में चिकित्सक तैनात कराया जाएगा। शिक्षकों की कमी से जूझ रहा सिमडेगा कॉलेज में शिक्षकों की कमी को दूर कराया जाएगा। जिले में बीएससी की पढ़ाई शुरु कराई जाएगी। अल्पसंख्यक स्कूलों में विद्यालय भवनों का निर्माण कराया जाएगा। गरीब बच्चों को सरकारी स्कूलों में ही गुणवत्तापूर्ण शिक्षा देने के लिए पर्याप्त मात्रा में शिक्षकों की बहाली की जाएगी। भूषण बाड़ा ने कहा कि खेल मैदान का विस्तार कराने के साथ साथ स्थानीय खिलाड़ियों को उनकी प्रतिभा निखारने के लिए बार बार मौका दिया जाएगा। इस वर्ष लोगों को सर्पदंश से बचाने पर विशेष फोकस किया जाएगा। हर खेत में पर्याप्त मात्रा में पानी उपलब्ध कराते हुए किसानों को सालों भर खेती करने की सुविधा उपलब्ध कराई जाएगी। सभी मजदूर एवं किसानों को उनका हक और अधिकार दिलाया जाएगा। उन्होंने कहा कि सभी अनुबंध कर्मियों को स्थायी करवाने के लिए संघर्ष तेज किया जाएगा। सफाई कर्मियों, पंचायत स्वयं सेवकों, पारा शिक्षक, सहिया, सेविका, जल सहिया, पारा शिक्षक, सहायक पुलिस कर्मी, एनएचम स्वास्थ्य कर्मी, एमपीडब्ल्यू कर्मी की सभी समस्याओं को सरकार से मिलकर दूर किया जाएगा। विधायक ने कहा कि जनता की भावनाओं के अनुरुप काम होगा एवं विकास को गति प्रदान की जाएगी।

पतंजलि 5 जनवरी को स्थापना दिवस हवन के साथ मनाएगी

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : पतंजलि योग समिति भारत स्वाभिमान जिला लोहरदगा के तत्वावधान में स्थानीय सुंदरी देवी सरस्वती शिशु मंदिर प्रांगण में जिला कार्यकारिणी की विशेष बैठक जिला प्रभारी एवं मुख्य योग प्रशिक्षक प्रवीण कुमार भारती की अध्यक्षता में कई गयी। जिसमें योग एवं सँगठन से जुड़ी विषयों पर चर्चा की गई। जिला प्रभारी प्रवीण कुमार भारती ने कहा कि योग आयुर्वेद, भारत की संस्कृति के मूल तत्व हैं और आज के परिपेक्ष्य में अत्यंत आवश्यक है। निःशुल्क योग शिविर हरेक प्रखंड में आयोजित करने एवं समिति के पदाधिकारियों राष्ट्रनिष्ठ, सँगठननिष्ठ, गुरुनिष्ठ होकर पुरुषार्थ करने पर बल दिया। आगामी पांच जनवरी को संगठन के स्थापना दिवस आयोजित करने एवं युवाओं को संगठन से जोड़ने पर चर्चा की गई। समिति के संरक्षक शिवशंकर सिंह ने विशेष योग शिविर आयोजित करने एवं योग आयुर्वेद के प्रचार प्रसार पर कार्य करने का निर्देश दिया। पतंजलि योग समिति जिला प्रभारी अभय भारती ने सभी योगप्रशिक्षकों को योगकक्षा चलाने एवं शिविर लगाने का निर्देश दिया। बैठक में शिवशंकर सिंह, दिनेश प्रजापति, महेद्र कुमार, प्रदीप कुमार, किरण देवी, अजित कुमार,बंशी आदि उपस्थित रहे।

पूर्व मंत्री एनोस एक्का खूंटी में सामुहिक दुष्कर्म पीड़िता के परिवार से की मुलाकात

कहा मणिपुर की घटना में बोलने वाले झामुमो कांग्रेस के लोग झारखंड की बेटी पर साधी चुप्पी

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : खूंटी जिला के सौदे क्षेत्र की 14 वर्षीय आदिवासी लड़की के साथ 24 दिसम्बर को सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया गया था। नाबालिग अपने दोस्तों के साथ चर्च गई थी। प्रार्थना के बाद वह हॉस्टल लौट रही थी।इस दौरान उसके साथ घटना घटी जिसमें दो भाई समेत तीन लोगों ने एक नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म की घटना को अंजाम दिया था जिसमें से दो तपकरा निवासी गुड्डू खान का पुत्र मिराज खान, शाहबाज खान और एक गोलू खान शामिल था। इस मामले में पीड़ित परिवार से मुलाकात करने के लिए झारखंड सरकार में पूर्व मंत्री रहे एनोस एक्का रविवार को पीड़िता के परिवार से मुलाकात की एवं सॉत्वना दी। साथ ही उन्होंने स्पीडी ट्रायल के तहत आरोपियों को फांसी की सजा दिलाने की पहले झारखंड पार्टी की ओर से हर संभव प्रयास करने का आश्वासन दिया। मौके पर उन्होंने कहा कि वर्तमान झारखंड मुक्ति मोर्चा और कांग्रेस की सरकार आदिवासियों की बात करती है लेकिन आदिवासियों की बेटियों साथ इतनी बड़ी घटना घट जाती है, लेकिन इस मामले में छपी सड़े हुए वहीं मणिपुर के मामले में कांग्रेस और झारखंड मुक्ति मोर्चा लगातार बयान बाजी किया। लेकिन जब अपने ही राज्य में इस प्रकार की घटना घटी तो मौन धारण कर लिया। झारखंड की जनता जानती है कि आदिवासियों की हितेषी बनने के नाम पर ढोंग करने वाली हेमंत सोरेन की सरकार को आने वाले दिनों में सत्ता से बेदखल करने का काम करेगी। उन्होंने पीड़ित के माता-पिता से मुलाकात करते हुए कहा है कि झारखंड पार्टी की ओर से हर संभव मदद करेगी।

भाजपाइयों ने सुनी मन की बात

प्रभात मंत्र संवाददाता

सिमडेगा : भारतीय जनता पार्टी सिमडेगा के सभी मंडलो एवं बूथों में प्रधानमंत्री जी के मन की बात का 108 वां संस्करण सुना गया। मन कि बात सुनते हुए केंद्रीय मंत्री के सांसद प्रतिनिधि सुशील श्रीवास्तव ने कहा की प्रधानमंत्री जी हर महीने की आखिरी रविवार को मन की बात के जरिए आम लोगों से संवाद करते हैं। इसी क्रम में आज उन्होंने झारखंड के गढ़वा जिले के मंगलो गांव में बच्चों को कुडुख भाषा में शिक्षा दी जा रही है इसके बारे में बताया इस स्कूल का नाम कार्तिक नाम आदिवासी कुडूख स्कूल है। इस स्कूल में 300 आदिवासी बच्चे पढ़ते हैं कुडूख भाषा उरांव आदिवासी समुदाय की मातृभाषा है कुडुख भाषा की अपनी लिपि भी है जिसे तोलोंग सिकी नाम से जाना जाता है। इस स्कूल को शुरू करने वाले अरविंद उरांव कहते हैं कि आदिवासी बच्चों को अंग्रेजी भाषा में दिक्कत आती थी इसलिए उन्होंने गांव के बच्चों को अपनी मातृभाषा में पढ़ना शुरू कर दिया। मन की बात सुनने के पश्चात जिला के सोशल मीडिया प्रभारी रवि गुप्ता ने कहा की मन की बात में प्रधानमंत्री जी ने अपने जीवन में फिट रहने के फायदे बताएं और कहा कि जब भारत विकसित होगा तो इसके सबसे अधिक लाभ युवाओं को ही होगा इसीलिए युवाओं को फिट रहना होगा।

गांवों में पूजित अक्षत का भक्ति भाव से भव्य किया स्वागत, आज से शुरू होगी अक्षत वितरण

प्रभात मंत्र संवाददाता

कूडू-लोहरदगा : कूडू प्रखंड के पंचायतों में रखे गए अयोध्या से आए पूजित अक्षत सह कलश का वितरण रविवार को पंचायत से गांवों में किया गया। रविवार को ककरगढ़ एवम चंदलासो पंचायत के फुलसुरी, चीरना, महुगांव, लापुर, कोकर, हेंजला गांव में भक्ति भाव से सैकड़ों की संख्या में जुटे राम भक्तो ने जय श्री राम के उदघोष के साथ भजन कीर्तन गाते हुए कलश का स्वागत किया। विश्व हिंदू परिषद द्वारा एक जनवरी से अक्षत एवम श्री राम का चित्र एवम पत्रक का वितरण प्रखंड के सभी सनातन भाईयो के घर घर में किया जाएगा। गांवों में अयोध्या से आए पूजित कलश के स्वागत के लिए भक्त काफी उत्साहित थे। इस मौके पर कृष्णा सिंह, परमेश्वर महतो, राम रतन सिंह, विकास पांडे, अखिलेश सिंह, निरंजन, राजकुमार मुंडा, शंभू सिन्हा सहित सैकड़ों लोग शामिल हुए।

अपराध व दुर्घटना की रोक थाम के उद्देश्य से वाहन जांच अभियान चलाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : थाना के समीप जोगना मोड़ में सड़क दुर्घटना में हो रही वृद्धि होने के कारण तथा अपराध को रोकने के उद्देश्य से सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। पुलिश अधीक्षक हारिश बिन जमां के निर्देश पर पु0अ0नि0 पंकज यादव के नेतृत्व में शस्त्र बल के सहयोग से वाहन जांच अभियान चलाया गया। वही वाहन जांच के दौरान दो पहिया,चार पहिया वाहन सहित सभी वाहनों की जांच की गई। इस दौरान मोटरसाइकिल चालकों को रोक कर हेलमेट कर वाहन चलाने निर्देश देते हुए वाहन सम्बंधित कागजातों का जांच किया गया। साथ ही बिना हेलमेट पहने वाहन चला रहे बाइक चालकों को कड़ी फटकार लगाई गई। तथा हेलमेट पहन कर मोटर साइकिल चलाने के लिए जागरूक करते हुए कहा गया। अपने और अपना परिवार के की सुरक्षा के लिये हेलमेट पहन कर वाहन चलायें और सुरक्षित रहें। वही चार पहिया वाहन के लोगो को वाहन का कागज साथ में लेकर चलने के लिये चेतावनी दी गई। एस आई पंकज यादव ने जानकारी दएते हुए कहा कि पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही कहा की आये दिन दुर्घटना होने के कारण वरीय पदाधिकारियों द्वारा लगातार वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। मौके पर एस आई पंकज यादव दल बल के साथ मौजूद थे।

नवाडीह तालीमी मिशन में उर्दू जबान पर एक दिवसीय सेमिनार आयोजित

उर्दू भाषा को बढ़ावा देने पर दिया गया जोर

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : जिला अंतर्गत किस्को प्रखण्ड के नवाडीह मदरसा अल जमातुल अताईया तालिमी मिशन प्रांगण में रविवार को उर्दू जबान पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। जिसमें मुख्य रूप से अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य वारिस कुरैशी मौजूद थे। जबकि उद्घाटनकर्ता के रूप में उर्दू विकास मंच झारखंड के पदाधिकारी हाजी शकील अहमद द्वारा कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। जिसमें

भारत सरकार के मिनिस्ट्री ऑफ एजुकेशन डिपार्टमेंट ऑफ हायर एजुकेशन नई दिल्ली के अंतर्गत नेशनल काउंसिल फॉर प्रमोशन आफ उर्दू लैंग्वेज का डिप्लोमा कोर्स सत्र 2021-22 के सफल 83 छात्र-छात्राओं के बीच सर्टिफिकेट वितरण किया गया। वहीं कार्यक्रम के दौरान उर्दू भाषा को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया। जबकि मुख्य अतिथि ने अल्पसंख्यक आयोग के सदस्य वारिस कुरैशी ने राष्ट्रीय उर्दू भाषा विकास परिषद के अंतर्गत उर्दू डिप्लोमा कराएं जाने की जमकर सराहना की। साथ ही आयोग से हर तरह का संभव दिलाने का भरोसा दिया। इसके अलावा उन्होंने उर्दू विषय पर कंपटीशन एवं तरह-तरह के कार्यक्रम आयोजित कराकर उर्दू लैंग्वेज को बढ़ावा देने की बात कही। वही कार्यक्रम का संचालन इनामुल अंसारी एवं समापन की घोषणा महबुल्ला अंसारी द्वारा की गई।

अपराध व दुर्घटना की रोक थाम के उद्देश्य से वाहन जांच अभियान चलाया गया

प्रभात मंत्र संवाददाता

सेन्हा-लोहरदगा : थाना के समीप जोगना मोड़ में सड़क दुर्घटना में हो रही वृद्धि होने के कारण तथा अपराध को रोकने के उद्देश्य से सघन वाहन जांच अभियान चलाया गया। पुलिश अधीक्षक हारिश बिन जमां के निर्देश पर पु0अ0नि0 पंकज यादव के नेतृत्व में शस्त्र बल के सहयोग से वाहन जांच अभियान चलाया गया। वही वाहन जांच के दौरान दो पहिया, चार पहिया वाहन सहित सभी वाहनों की जांच की गई। एस आई पंकज यादव ने जानकारी दएते

हेलमेट पहन कर मोटर साइकिल चलाने के लिए जागरूक करते हुए कहा गया। अपने और अपना परिवार के की सुरक्षा के लिये हेलमेट पहन कर वाहन चलायें और सुरक्षित रहें। वही चार पहिया वाहन के लोगो को वाहन का कागज साथ में लेकर चलने के लिये चेतावनी दी गई। एस आई पंकज यादव ने जानकारी दएते हुए कहा कि पुलिस अधीक्षक हारिश बिन जमां के निर्देश पर वाहन जांच अभियान चलाया जा रहा है। साथ ही कहा की आये दिन दुर्घटना होने के कारण वरीय पदाधिकारियों द्वारा लगातार वाहन जांच अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। मौके पर एस आई पंकज यादव दल बल के साथ मौजूद थे।

प्रधानमंत्री मन की बात देशवासियों के लिए बहुत ही लाभदायक है : बाल कृष्णा सिंह

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : प्रधानमंत्री मन की बात कार्यक्रम के तहत आज ग्राम भैसमुदो, मंडल भंडरा जिला लोहरदगा बिशनपुर विधानसभा क्षेत्र के बूथ नंबर 82 पर सुनते भारतीय जनता पार्टी के जिला महामंत्री बालकृष्ण सिंह,वासुदेव उरांव ने कहा कि मन की बात कार्यक्रम के तहत माननीय प्रधानमंत्री जी का देशवासियों के लिए संदेश बहुत ही लाभदायक है। खासकर हम झारखंड वासियों के लिए तो और भी प्रेरणादायक है। क्योंकि झारखंड के गुमला जिला सिसई प्रखंड की मंगलो गांव में चल रहे विद्यालय की चर्चा की इसमें उन्होंने क्षत्रिय कुरुख भाषा की प्रशंसा की जो हमारे झारखंड वासियों के लिए अति प्रेरणादाई है। कार्यक्रम में बालकृष्ण सिंह, वासुदेव उरांव, कांति देवी, गीता देवी, विवेक सिंह, अभिषेक सिंह, सोनू महतो, संध्या कुमारी, सोनी कुमारी, करमचंद महतो, फगुआ महतो, मनोज महतो, रूपेश सिंह, रोहित महतो सहित अन्य लोगों उपस्थित हुए।

सेवा भारती द्वारा निशुल्क स्वास्थ्य जांच व चिकित्सा शिविर का हुआ आयोजन

प्रभात मंत्र संवाददाता

लोहरदगा : सेवा भारती लोहरदगा के द्वारा चुन्नीलाल उच्च विद्यालय के प्रांगण मे लगातार आज 81 वें सप्ताह के रविवार को सुबह 7:30 बजे से निशुल्क स्वास्थ्य जांच एवं चिकित्सा शिविर लगाया गया। जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ एवं डॉ. कुमुद अग्रवाल ने संयुक्त रूप से भारत माता के तस्वीर के समक्ष दीप प्रज्वलित कर एवं पुष्प चढ़ाकर शुभारंभ किए, सभी ने वंदे मातरम, भारत माता की जय आदि का जयकारा लगाते हुए एक दूसरे को नव वर्ष की शुभकामनाएं दिए। आज इस निशुल्क स्वास्थ्य शिविर में 47 लोगों ने अपना स्वास्थ्य का जांच करवा कर लाभान्वित हुए, जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ ने कहा की सेवा ही परमोधर्म है और कहा की नित्य दिन सुबह योग एवं व्यायाम करने से शरीर स्वस्थ रहने के साथ निरोगी रहता है, डॉ कुमुद ने कहा की ठंड के मौसम में हरी सब्जी एवं मुल्ली का सेवन करें, इससे शुगर एवं बी.पी भी कंट्रोल में रहेगा, सचिव जयप्रकाश शर्मा, सहसचिव संजय चौधरी एवं शशि भूषण सिंह ने कहा कि 1 जून 2022 से निरंतर चल रहे प्रत्येक सप्ताह स्वास्थ्य शिविर में लोग अपना चेकअप करा कर संतुष्ट हैं, और यह निशुल्क स्वास्थ्य शिविर निरंतर प्रत्येक रविवार को सुबह एक घंटे के लिए लगाई जाती है, लोगों ने शुगर, बी.पी., ऑक्सीजन लेबल, वजन, हार्ट बीट आदि की जांच करवाते हुए, डॉक्टर से परामर्श भी लिए, आज शिविर में जिला अध्यक्ष दीपक सर्राफ, डॉ कुमुद अग्रवाल, जयप्रकाश शर्मा, संजय चौधरी, शशि भूषण सिंह, गुप्तेश्वर प्रसाद गुप्ता, सुबोध महतो, अंजलि सर्राफ, प्रदीप साहू, अतुल सर्राफ, मोतीलाल अग्रवाल, शंकर प्रसाद, अफरोज आलम, प्राण महतो, शंभू कास्यंकार, रामजतन साहू, शिवनंदन प्रसाद सिंह, कृष्ण प्रसाद, राहुल गुप्ता, रमेश शर्मा, नवल कास्यंकार, किशोर अग्रवाल, उदय कास्यंकार, सुरेंद्र प्रसाद, नंदलाल कास्यंकार, लक्ष्मी महतो,जयंती देवी, वैभव कुमार, प्रभु दयाल साहू, रामप्रसाद साहू, सुनील अग्रवाल, डोमन चंद्र कर्मकार, रविंद्र लोहार, शर्मिला देवी, मोहन मिंज, मुन्नी देवी आदि थे।

झारखंड वासियों को नए साल की हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं।

नया साल सभी के लिए सुख, समृद्धि और खुशहाली लाएं।

देश में अमन-चैन कायम रहे, भाईचारा सौहार्द बनी रहे।

हमारा संकल्प

देश के यशस्वी प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी प्रत्येक व्यक्ति के कल्याण और हित से जुड़े कार्यों के लिए तत्पर होते हैं। नए साल में उनके मार्ग पर चलने का संकल्प लेते हैं। निश्चित तौर पर नया साल सभी के जीवन में एक नई ऊर्जा के संचार की तरह होता है। नई उमंग और आत्मविश्वास के साथ प्रेरणा स्रोत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जी के संकल्प को पूरा करना ही हमारा संकल्प है। जिसमें उन्होंने भारत को विकसित देश बनाना और आत्मनिर्भर बनाना तय किया है।

निवेदक

बाबूधन मुर्मू

भाजपा नेता सह पूर्व जिला परिषद अध्यक्ष, पाकुड़।